हरिभूमि
# रायपुर भूमि






### प्रस्ताव अभी आए नहीं

*कलेक्टर गाइड लाइन में जमीन की दर तय करने के लिए प्रस्ताव मंगाए गए हैं। ये प्रस्ताव अभी आए नहीं हैं। प्रस्ताव आने के बाद इसका परीक्षण कर कलेक्टर समिति की बैठक में इस पर निर्णय लिया जाएगा।*

*- विनोज कोचे, जिला प्रबंधक, पंजीयन विभाग रायपुर*

## गाइड लाइन में जमीन की दर बढ़ने से पहले रजिस्ट्री में बूम, एक माह में 4014 रजिस्ट्री, कमाई 58 करोड़ से ज्यादा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर में कलेक्टर गाइड लाइन में जमीन की दर बढ़ने से पहले रजिस्ट्री में बूम देखा जा रहा है। सिर्फ जून में इस बार 4014 रजिसट्रियां हुई हैं, जिससे पंजीयन और मुद्रांक शुल्क मिलाकर 58 करोड़ से अधिक की आय हुई है। यह आय पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 2 करोड़ रुपए अधिक है। हालांकि रजिसट्रियां पिछले वर्ष से कम हुई हैं। जून 2024 में 4098 रजिस्ट्री हुई थी। इस तरह 84 रजिस्ट्री इस बार कम हुई है। पंजीयन कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार 1 से 30 जून के दौरान रायपुर पंजीयन कार्यालय में प्रॉपर्टी की रजिस्ट्री कराने वालों की हर दिन भीड़ लगी रही। यह भीड़ जुलाई के शुरुआती दिनों में भी है। हालांकि पिछले महीने ज्यादातर लोगों ने जुलाई से कलेक्टर दर बढ़ने की संभावना को देखते हुए रजिस्ट्री करा ली हैं। कलेक्टर की नई दर अप्रैल से बढ़नी थी। इसके लिए पंजीयन कार्यालय को सभी तहसील क्षेत्र के चारों क्षेत्रों का सर्वे कराकर प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए गए थे। इस निर्देश के तहत 31 मार्च तक प्रस्ताव तैयार किए जाने थे, लेकिन अभी तक सर्वे का काम ही नहीं किया गया है। सर्वे का कार्य राजस्व निरीक्षकों और पटवारियों के माध्यम से कराया जाता है, लेकिन ▶▶| शेष पेज 13 पर




फैक्ट फाइल

### पंजीयन शुल्क से 21 करोड़ से ज्यादा आय

*जून में इस बार रजिस्ट्री से कुल 58 करोड़ 21 लाख 62 हजार 459 रुपए की आय हुई है। इसमें पंजीयन शुल्क 21 करोड़ 26 लाख 50 हजार 765 रुपए तथा मुद्रांक शुल्क के रूप में 36 करोड़ 94 लाख 51 हजार 694 रुपए है।*

### 8 साल से बढ़ी नहीं दर

*रायपुर जिले में पिछले 8 साल से कलेक्टर गाइड लाइन में जमीन की दर में वृद्धि नहीं की गई है। वित्तीय वर्ष 2025-26 के अप्रैल में जमीन की दर बढ़ाई जानी थी, लेकिन जुलाई शुरू होने के बाद भी नई गाइड लाइन लागू करने को लेकर कोई सुगबुगाहट देखी नहीं जा रही है। इससे संभावना जताई जा रही है कि नई गाइड लाइन अब नए वित्तीय वर्ष 2026-27 में लाई जाएगी।*

## खबर संक्षेप

### रिश्तेदारों ने मकान कब्जा कर बैंक से 40 लाख का लिया लोन

**रायपुर।** सिविल लाइंस थाने में एक व्यक्ति ने अपने रिश्तेदार तथा तीन अन्य के खिलाफ उसका मकान कब्जा कर यूको बैंक से 40 लाख रुपए लोन लेने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। शंकर नगर निवासी भुनेश्वर प्रताप सिंह ने अपने परिजन राजेश सिंह परिहार, अनिता सिंह तथा तीन अन्य के खिलाफ ठगी की शिकायत दर्ज कराई है। भुनेश्वर ने पुलिस को बताया है कि मैत्री विहार में डेढ़ हजार वर्गफीट की जमीन में बने 870 वर्गफीट मकान को राजेश तथा अनिता ने अपने कब्जे में लेकर पिछले वर्ष बैंक से लोन लिया। लोन रिकवरी का नोटिस मिलने पर भुनेश्वर ने थाने में ठगी की शिकायत दर्ज कराई।

### फर्जी सिम खरीदने का मास्टर माइंड गिरफ्तार




**रायपुर।** रेंज साइबर पुलिस की टीम ने म्यूल अकाउंट संचालित करने फर्जी सिम खरीदने के मास्टर माइंड को महाराष्ट्र, गोंदिया से गिरफ्तार किया है। फर्जी सिम कार्ड खरीदने के आरोप में रेंज साइबर पुलिस अब तक 24 लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है। फर्जी सिम खरीदने के आरोप में पुलिस ने कुलदीप बागड़े उर्फ मोनू को गिरफ्तार किया है। कुलदीप पर आरोप है कि वह अपने गुर्गों के माध्यम से फर्जी सिम की व्यवस्था कर म्यूल अकाउंट खुलवाकर ठगी सहित सट्टा की रकम ट्रांसफर करने इस्तेमाल करता था।

### पड़ोसी की हत्या आजीवन कारावास

**रायपुर।** अपने ही दोस्त की हत्या करने वाले युवक को विशेष न्यायालय सीबीआई की कोर्ट ने उम्र कैद की सजा सुनाई है। लोक अभियोजक बसंत गोंड़ के अनुसार उरला स्थित राजेन्द्र नगर निवासी रूपेश कुमार महतो (20) को अपने पड़ोसी विजय यादव की हत्या के आरोप में कैद की सजा सुनाई गई है। विजय यादव ने रूपेश को उधार में राशन दिलाया था। महीनों बीतने के बाद भी रकम का भुगतान नहीं करने पर कई बार दोनों के बीच कहा-सुनी हुई थी। सार्वजनिक रूप से बेइज्जत करने पर रूपेश ने 10 अप्रैल 2024 की सुबह लोहे के सब्बल से विजय के सिर पर प्राणघातक हमला किया, जिससे विजय की घटनास्थल पर मौत हो गई।

### शेयर ट्रेडिंग करने का झांसा देकर साढ़े 11 लाख की ठगी

**रायपुर।** मंदिर हसौद थाने में एक युवक ने अज्ञात जालसाज के खिलाफ शेयर ट्रेडिंग करने पर भारी मुनाफा मिलने का झांसा देकर 11 लाख 65 हजार रुपए ठगी करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पंकज कुमार वर्मा ने ठगी की शिकायत दर्ज कराई है। पंकज ने पुलिस को बताया है कि अज्ञात जालसाज ने उसे टेलीग्राम में मैसेज भेज ग्रुप में जोड़ा और शेयर ट्रेडिंग में भारी मुनाफा मिलने का झांसा देकर उससे रकम निवेश कराकर ठगी की।

### मान्यता देने 55 लाख रुपए लेन-देन करने का आरोप, सीबीआई ने तीनों आरोपी को पेश किया

## मान्यता के लिए घोस्ट फैकल्टी, नकली मरीज के साथ दिखाई फर्जी मौजूदगी, इसलिए धरे गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

श्री रावतपुरा सरकार इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज एंड रिसर्च सेंटर के लिए ओके रिपोर्ट देने के बदले 55 लाख रुपए लेने के आरोप में मंगलवार को एनएमसी के तीन डॉक्टर सहित जिन अन्य को गिरफ्तार किया गया है, उन सभी को बुधवार को सीबीआई की विशेष अदालत में पेश किया गया। सीबीआई के आवेदन पर सभी गिरफ्तार आरोपियों को कोर्ट ने पूछताछ के लिए पांच दिन की रिमांड स्वीकृत की है।

ओके रिपोर्ट देने के बदले सीबीआई ने जिन आधा दर्जन लोगों को गिरफ्तार किया है, उनमें निरीक्षण टीम में शामिल कर्नाटका स्थित मंड्या इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज के प्रोफेसर डॉ. मंजप्पा सीएन, डॉ. चैत्रा एमएस (निरीक्षण टीम की सदस्य), डॉ. अशोक शेल्के, श्री रावतपुरा मेडिकल कालेज के डायरेक्टर अतुल कुमार तिवारी, सतीश ए, रविचंद्र के. के नाम शामिल हैं। सीबीआई ने जिन लोगों को घोटाले के आरोप में गिरफ्तार किया है, उनके खिलाफ सीबीआई ने केस क्रमांक आरसी 2182025 ए 0014 के तहत अपराध दर्ज किया है, जो भारतीय न्याय संहिता की धारा 61(2) और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 7, 8, 9, 10 और 12 के तहत पंजीबद्ध है। ▶▶| शेष पेज 13 पर

### गिरफ्तार किए गए आरोपियों से पूछताछ करने पांच दिन की रिमांड



### टीम की जानकारी पहले लीक

सीबीआई की जांच में खुलासा हुआ है कि मेडिकल कॉलेज को मान्यता देने जो टीम गठित की गई थी, उसी टीम के डॉक्टरों और अफसरों ने कालेज प्रबंधन से मिलीभगत कर निरीक्षण टीम की जानकारी पहले लीक कर दी थी। इसके बाद मेडिकल कॉलेजों ने घोस्ट 'फैकल्टी' नकली मरीज और फर्जी उपस्थिति जैसे फॉर्मूले अपनाकर निरीक्षण को अनुकूल दिखाया। इसके बदले में निरीक्षण टीम को रिश्वत दी गई।

### 55 लाख रुपये रिश्वत लेने के आरोप

सीबीआई ने आरोप लगाया है कि मेडिकल कालेज के निरीक्षण के पहले निरीक्षण टीम के सदस्य डॉ. मंजप्पा ने अपने साथी डॉ. सतीश को 55 लाख रुपए की रिश्वत हवाला के माध्यम से लेने के लिए कहा था। डॉ. मंजप्पा ने डॉ. चैत्रा से भी संपर्क कर बताया था कि उनका हिस्सा डॉ. सतीश उन्हें घर पहुंचाएंगे। सीबीआई के दावों के मुताबिक उनकी टीम ने बेंगलुरु में जाल बिछाकर 1 जुलाई को 55 लाख रुपए की रिश्वत की बरामदगी की। इसमें से 16.62 लाख रुपए डॉ. चैत्रा के पति रविंद्रन के पास से और 38.38 लाख रुपए सतीशा ए. के पास से बरामद करने का दावा किया है। इसके बाद सीबीआई की टीम ने रायपुर, बेंगलुरु और अन्य शहरों में छापेमारी की।

### इसलिए रिमांड

मेडिकल कालेज ओके रिपोर्ट देने के लिए रिश्वत लेने वाले आरोपियों को लेकर सीबीआई ने अदालत में बताया कि आरोपियों के मोबाइल फोन से डिजिटल डेटा, फाइलें, संदेश और स्क्रीनशॉट जब्त किए गए हैं, जिनका विश्लेषण जरूरी है। आरोपियों की कॉल रिकॉर्डिंग पहले से इंटरसेप्ट की गई हैं, जिनसे उनकी आवाज के नमूने मिलान किए जाने हैं। इसके अलावा, कई संदिग्ध दस्तावेज, निजी डायरी, फर्जी हस्ताक्षर और संभावित हवाला रूट की जानकारी आरोपियों से पूछताछ के दौरान प्राप्त हो सकती है। आरोपी इन सूचनाओं के विशेष जानकार हैं और इन्हीं से पूछताछ कर पूरे रैकेट को उजागर किया जा सकता है। इसीलिए आरोपियों से पूछताछ करने सीबीआई ने पांच दिन की रिमांड हासिल की है।

### सरस्वती नगर थाने की पुलिस की कार्रवाई

## डोडा चूरा के साथ पंजाब का तस्कर गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सरस्वती नगर थाने की पुलिस ने मंगलवार देर शाम कार्रवाई करते हुए पंजाब मूल के एक तस्कर के कब्जे से दो किलो से ज्यादा डोडा चूरा जब्त किया है। एक दिन पूर्व आमानाका थाने की पुलिस ने इसी तरह से कार्रवाई करते हुए राजस्थान के एक तस्कर के कब्जे से 12 किलो से ज्यादा डोडा चूरा जब्त किया था। पिछले सप्ताह कबीर नगर थाना क्षेत्र में ड्रग का ओवरडोज लेने से एक युवक की मौत के बाद पुलिस कबीर नगर, सरस्वती नगर तथा आमानाका थाना क्षेत्र को संवेदनशील क्षेत्र मानते हुए एसएसपी डॉ. लाल उम्मेद सिंह के निर्देश पर अभियान चलाकर प्रतिबंधित मादक पदार्थ बेचने वालों के खिलाफ कार्रवाई कर रही है।

**ड्रग के ओवरडोज से मौत की घटना के बाद पुलिस एक्शन में**

पुलिस के अनुसार तरनतारन निवासी जर्मन सिंग को डोडा चूरा के साथ गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने जर्मन सिंग को विरदी कालोनी स्थित कोटा मैदान के पास डोडा चूरा बेचते गिरफ्तार किया था। पुलिस के अनुसार पिछले दिनों डोडा तस्करी करने के आरोप में गिरफ्तार राजस्थान, झालवाड़ा निवासी ओम प्रकाश शर्मा जर्मन सिंग की निशानदेही पर पकड़ा गया है। ओम प्रकाश ने जर्मन सिंग को बेचने के लिए डोडा दिया था। पुलिस ने डोडा बेचने वाले रैकेट के बारे में जानकारी हासिल कर आगे कार्रवाई जारी रखने का दावा किया है।

## आषाढ़ में रहा सूखा अब सावन का इंतजार बांध रहे प्यासे



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में मानसून ने समय से पहले दस्तक दी। लगा था कि आषाढ़ माह में प्रदेश में भारी बारिश होगी, लेकिन नहीं हुआ। आषाढ़ अब जाने वाला है। कई जिलों में किसानों ने बारिश को देखते हुए बुआई शुरू नहीं की है। अब किसानों को अच्छी बारिश का इंतजार है उसके बाद खरीफ फस्ल की बोआई में तेजी आएगी। उम्मीद है कि सावन में अच्छी बारिश होगी।राज्य में 1 से लेकर 30 जून तक औसत वर्षा 204.2 मिलीमीटर होनी थी, लेकिन अब तक 169.6 मिली मीटर बारिश दर्ज की गई है, जो औसत वर्ष से 17 प्रतिशत कम है।

- जून में औसत से 17 फीसदी कम बारिश हुई

कम बारिश की वजह से राज्य में बांधो में पिछले दो सालों से भी कम जल भराव की स्थिति है। बांधों में 26.89 प्रतिशत जल भराव है। 2023 में यह 55 और 2024 में 30.66 प्रतिशत जल भराव था। मानसून के समय पूर्व सक्रिय होने के बाद भी प्रदेश के मैदानी क्षेत्रों में कम बारिश के कारण यह स्थिति बनी हुई है। बताया गया है कि छत्तीसगढ़ के धमतरी, बालोद, सरगुजा, बलरामपुर, सूरजपुर में अच्छी बारिश हुई है। रायपुर, दुर्ग, बलोदा बाजार, चांपा, ▶▶| शेष पेज 13 पर

### बांधों में जल भराव की स्थिति

*बांगो में 30 फीसदी जल स्तर है, जो 2023 में 62 और 2024 में 43 फीसदी था। गंगरेल बांध में 28.49 फीसदी, तांदूला में 17.11, दुधावा में 18.51, सिकासार में 19.49, खारंग में 32.42, सोंढूर में 18.84, मुरुमसिल्ली में अभी भी 0.42, कोडार में 11.51, मनियारी में 39, केलो में 34 फीसदी जल भराव हैं। कम बारिश की वजह से बांधों में जल स्तर नहीं बढ़ पाया है।*

### सरगुजा संभाग में नदी नाले उफान पर

*जून माह के अंतिम सप्ताह में सरगुजा संभाग में तेज बारिश की वजह से नदी नाले उफान पर हैं। वहीं बांधों में पिछले साल के मुकाबले जलस्तर काफी अधिक है। यहां की बरौनी जलाशय में 23.23 और बांकी जलाशय में 39.13 फीसदी जल भराव है। वहीं रायगढ़ में कल अच्छी बारिश से वहां के बांधों में जल स्तर में इजाफा हुआ है।*

## इस बार उद्यानिकी पाठ्यक्रम के लिए काउंसिलिंग नहीं करेगा कृषि विवि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



कृषि विवि इस बार उद्यानिकी विवि के लिए काउंसिलिंग नहीं करेगा। दोनों विश्वविद्यालय अपने अधीन संचालित होने वाले पाठ्यक्रमों की काउंसिलिंग पृथक-पृथक करेंगे। गौरतलब है कि पूर्व में कृषि और उद्यानिकी दोनों ही पाठ्यक्रमों का संचालन कृषि विवि द्वारा किया जाता था। उद्यानिकी विश्वविद्यालय के निर्माण के पश्चात हार्टिकल्चर अर्थात उद्यानिकी पाठ्यक्रम और एग्रीकल्चर पाठ्यक्रम के लिए कृषि विवि द्वारा ही काउंसिलिंग की जा रही थी। दोनों ही पाठ्यक्रम के लिए पंजीयन, मेरिट लिस्ट सहित अन्य प्रक्रियाएं इंदिरा गांधी कृषि विवि ने ही पूर्ण की। इस बार इसमें बदलाव किया गया है।

- बुधवार से प्रारंभ हुआ पंजीयन, इस बार केवल एक ही चरण

हार्टिकल्चर पाठ्यक्रम के लिए काउंसिलिंग उद्यानिकी विवि करेगा, जबकि एग्रीकल्चर पाठ्यक्रम के लिए काउंसिलिंग कृषि विवि द्वारा की जाएगी। कृषि विवि के पाठ्यक्रमों में ▶▶| शेष पेज 13 पर

### बीटेक डेयरी में पंजीयन का आज अंतिम दिन

कामधेनु विवि के अंतर्गत संचालित होने वाले बीटेक डेयरी टेक्नोलॉजी में पंजीयन का आज अंतिम दिन है। इस चार वर्षीय पाठ्यक्रम के लिए पंजीयन 20 जून से प्रारंभ हुए थे। छात्र 3 जुलाई तक पंजीयन करा सकते हैं। इसके पश्चात 4 जुलाई को अस्थायी मेरिट लिस्ट विवि द्वारा जारी कर दी जाएगी। दावा आपत्ति के बाद स्थायी मेरिट लिस्ट जारी की जाएगी। बीटेक डेयरी टेक्नोलॉजी में मात्र 62 सीटें हैं। विस्तृत अधिसूचना दुग्ध विज्ञान एवं खाद्य प्रौद्योगिकी महाविद्यालय द्वारा अपने वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है।

## रात दो बजे तक किताबें स्कैन करते रहे शिक्षक रायपुर डिपो में निजी स्कूलों का हंगामा

### पापुनि ने बदला शेड्यूल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश के निजी स्कूलों ने शासन से निशुल्क मिलने वाली किताबों को लेने से इनकार कर दिया है। ऐसा किताबों के बारकोड स्कैन नहीं होने के कारण किया गया है। रायपुर जिले में बुधवार को निजी स्कूलों ने जमकर नारेबाजी की। पाठ्यपुस्तक निगम द्वारा तय शेड्यूल के मुताबिक, बुधवार को रायपुर जिले के निजी स्कूलों को किताबें वितरित की जानी थी। निजी विद्यालय तय वक्त पर भनपुरी स्थित डीपो पहुंच गए थे। यहां बारिश के मध्य निजी स्कूल के प्राचार्य और शिक्षक घंटों खड़े रहे। कई घंटे मशक्कत के बाद भी जब किताबों के बारकोड स्कैन नहीं हुए तो निजी विद्यालय भड़क गए। उन्होंने नारेबाजी शुरू कर दी। इसके पूर्व मंगलवार को गरियाबंद जिले में ▶▶| शेष पेज 13 पर

- स्कैन ही नहीं हो रही किताबें, इसके बिना पुस्तक वितरण प्रतिबंधित



### स्कूल में हो स्कैनिंग की सुविधा

निजी स्कूलों ने किताब वितरण का विरोध करते हुए मांग की है कि पाठ्यपुस्तक निगम किताबें जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय द्वारा जिलों में उपलब्ध करवाए। सरकारी स्कूलों की किताबें संकुल में दी जाती है, लेकिन निजी स्कूलों के लिए पूरे प्रदेश में मात्र 7 डिपो बनाए गए हैं। इसके अलावा अशासकीय स्कूलों को किताबें अपने स्कूल में ले जाकर बारकोड स्कैन करने की सुविधा दी जाए क्योंकि निजी स्कूलों में विद्यार्थियों की संख्या बहुत ज्यादा है। 10-10 हज़ार किताबें मौके पर स्कैन कर पाना संभव नहीं है। गौरतलब है कि पिछले शैक्षणिक सत्र में किताबें रद्दी में मिली थी। इसके बाद मौजूदा शैक्षणिक सत्र से किताबों में स्कैनर लगाया गया है ताकि उनकी ट्रैकिंग हो सके।

### तकनीकी खराबी

किताबों के बारकोड तकनीकी खराबी के कारण स्कैन नहीं हो पा रहे हैं। हम बारकोड के ऊपर सही स्टीकर लगाकर स्कैनिंग की व्यवस्था कर रहे हैं।

**-डिगेश पटेल**, जीएम, पापुनि

### नहीं उठाएंगे किताबें

हम पूरी रात बैठे रहे, फिर भी किताबें स्कैन नहीं हुई। हमारी क्या गलती है? गुरुवार से प्रदेश के किसी डीपो से कोई निजी स्कूल किताब नहीं उठाएगा।

**- राजीव गुप्ता**, अध्यक्ष, निजी स्कूल

## तापमान में गिरावट से मौसम हुआ ठंडा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मानूसन के सक्रिय होने से पिछले चौबीस घंटे में सरगुजा और बस्तर संभाग में अच्छी बारिश हुई, मगर मध्य हिस्से में यह असरदार नहीं रहा। राजधानी में बूंदाबादी से तापमान में आई गिरावट के बाद मौसम में ठंडकता लौट चुकी है। मौसम विज्ञान केंद्र का अनुमान है कि अगले पांच दिन तक प्रदेश के उत्तरी और दक्षिणी भाग में मानसून सक्रिय रह सकता है। इसके प्रभाव से वहां के कुछ इलाकों में भारी से अतिभारी बारिश भी हो सकती है। ▶▶| शेष पेज 13 पर

- दिनभर चलता रहा बूंदाबांदी का दौर



बुधवार को दिनभर बूंदाबांदी का दौर चलता रहा, मगर तेज वर्षा नहीं हुई।

**पाठक सूचना**

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें

9827555678, 8224868411

# पचेड़ा शाला प्रवेश उत्सव व सम्मान समारोह में शामिल हुए विधायक गुरु खुशवंत साहेब, मांगों को स्वीकृति प्रदान की

हरिभूमि न्यूज ▸▸। आरंग

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पचेड़ा में शाला प्रवेश उत्सव एवं सम्मान समारोह का भव्य आयोजन हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक गुरु खुशवंत साहेब सम्मिलित हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद सदस्य चित्रलेखा नरेंद्र कुर्रे तथा सरपंच फातिमा फरीद कुरैशी ने की तथा विशिष्ट अतिथि हेमलाल मिर्चे अध्यक्ष शाला विकास एवं प्रबंधन समिति व प्राधिकृत अध्यक्ष सहकारी समिति पचेड़ा विशेष रूप से उपस्थित थे। प्राचार्य दिव्या सक्सेना द्वारा स्वागत भाषण में विद्यालय की उपलब्धियों, नवाचारों एवं आगामी शिक्षा सत्र की योजना पर प्रकाश डाला गया। साथ ही अध्ययन हेतु अतिरिक्त कक्ष, शौचालय एवं स्काउट्स एवं गाइड्स यूनिफॉर्म की मांग की गई। जिसे विधायक महोदय ने सहर्ष स्वीकृति प्रदान कर दी। विधायक ने प्रदेश के भविष्य, नन्हे विद्यार्थियों को शिक्षा सामग्री एवं यूनिफॉर्म प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया तथा कहा कि शिक्षा के प्रति बच्चों में उत्सुकता एवं नई ऊर्जा देखकर मन आनंदित हो गया। उत्कृष्ट शिक्षा का वातावरण तैयार करने के लिए सभी व्यवस्थाएं प्राथमिकता से सुनिश्चित की जा रही हैं। मुझे विश्वास है कि आप सभी पढ़-लिखकर आरंग का नाम विश्वपटल पर प्रदर्शित करेंगे। साथ ही एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत विधायक द्वारा पौधारोपण किया गया। उन्होंने कहा कि यह अभियान अब जीवन का अभिन्न हिस्सा बन चुका है, और हर व्यक्ति इस मुहिम से जुड़कर पर्यावरण संरक्षण में भागीदारी निभा रहा है।कार्यक्रम में नवप्रवेशी विद्यार्थियों को निःशुल्क पुस्तकें एवं यूनिफॉर्म वितरित की गईं तथा बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों का मंच पर सम्मान किया गया।विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने सभी उपस्थितजनों का मन मोह लिया। कार्यक्रम का संचालन लीना वर्मा एवं राजेश साहू द्वारा कुशलतापूर्वक किया गया। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी, पंचगण, पालकगण, शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। अंत में विद्यालय परिवार की ओर से श्वेता साहू ने सभी अतिथियों का आभार प्रकट किया गया।





## बेलर में शाला प्रवेशोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया

**अभनपुर।** शासकीय प्राथमिक शाला एवं पूर्व माध्यमिक शाला बेलर के प्रांगण में शाला प्रवेशोत्सव बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बच्चों को तिलक लगाकर मिठाई खिलाई गई और गणवेश वितरण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाज विचारक एवं वरिष्ठ साहित्यकार प्रभात मिश्र, विशेष अतिथि के रूप में सरपंच शीला चंद्रशेखर टंडन, रानी मनोज सोनवानी, एसएमसी अध्यक्ष चुम्मन ध्रुव एवं हेमलता निर्मलकर,उपसरपंच खेमलता साहू ,लोककला मंच उद्घोषक प्रदीप साहू मौजूद रहे। समाज सेवक प्रभात मिश्र ने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि विद्यालय की सफलता अभिभावकों और अध्यापकों की संयुक्त भागीदारी से सुनिश्चित होती है। उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल ज्ञान नहीं, बल्कि समझ और संस्कार का संगम है। उन्होंने शिक्षा की चार सीढ़ियों संबोधन, सहयोग, आज्ञापालन और नियंत्रण पर विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम के अंतर्गत एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत विद्यालय परिसर में अतिथियों द्वारा पौधारोपण भी किया गया। इस अवसर पर तिलकराम यादव, खेमचंद साहू, प्रेम साहू, दुष्यंत पटेल, वासुदेव यादव, खेलन यादव, बेनुराम साहू, दीनू राम यादव, देवधर साहू, धरमलाल यादव, केशव रिगरी, प्रधानपाठक सी.डी. गायकवाड़, उमा साहू, श्रवण कुमार देवांगन, चंद्र कुमार ध्रुव, प्रेमलता साहू, प्रशांत साहू, सतीश निषाद, इंदु नेताम, अनीता साहू, ग्राम सेवक सहित अभिभावक एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## खीर-पुरी खिलाकर हर्षोल्लास से मनाया गया शाला प्रवेशोत्सव

**तरपोंगी।** प्राथमिक शाला सगुनी में खीर पूड़ी खिलाकर उल्लास के साथ शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। नव प्रवेशी सभी बच्चों को पेन, कापी, पुस्तक, गणवेश दिया गया साथ ही सभी बच्चों का तिलक लगाकर, मुह मीठा कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के जनपद सदस्य देवेंद्र वर्मा, सरपंच रजत कश्यप, उपसरपंच ज्ञानदास मानिकपुरी, खैरखूंट हाईस्कूल प्रभारी प्राचार्य स्वरूपानंद लदेल, प्रधान पाठक कालिन्द्री ध्रुव, शिक्षक माखन लाल यादव, गौरव सिन्हा, शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष अंजनी साहू, उपाध्यक्ष शेखर वर्मा, पंच गण दुर्गेश साहू, टेकराम यदु, सावित्री निषाद, भुनेश्वरी साहू, सरस्वती निषाद, केशर निषाद, लक्ष्मी कन्नौजे, शिक्षा समिति के सदस्य अमर सिंह यादव, रोशनी यादव, चेतना साहू, विमला साहू, माधुरी साहू, सुनीता साहू, संगीता साहू, चौपी निषाद, शकुंतला वर्मा, बलराम कन्नौजे सहित स्कूली छात्र-छात्राएं व ग्रामीण उपस्थित थे।



## यूनिफॉर्म, कॉपी व पुस्तकें प्रदान कर मनाया शाला प्रवेशोत्सव

**चंदखुरी।** शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला दरबा में मंगलवार को शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। साथ ही विद्यालय के पूर्व प्रधान पाठक टी. के. साहू के सेवानिवृत्त होने पर भावभीनी विदाई दी गई।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत दरबा के सरपंच संजय टंडन रहे। उन्होंने नन्हे छात्र-छात्राओं को यूनिफॉर्म, कॉपी एवं पुस्तकें प्रदान कर ससम्मान उनका स्वागत किया। सरपंच श्री टंडन ने अपने उद्बोधन में शिक्षा को समाज की आधारशिला बताते हुए बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने की अपील की। इस अवसर पर उप सरपंच नामित यादव, गणेश ध्रुव, गन्नू राम टंडन, दिलीप ध्रुव, बलदेव, श्रवण साहू, सुमित्रा टंडन, पूजा साहू, त्रिवेणी यादव, गौरी साहू, सतवंत साहू, मोगरा सुदर्शन यादव सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विद्यालय परिवार की ओर से पूर्व प्रधान पाठक टी. के. साहू को शॉल, श्रीफल और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।



## खबर संक्षेप




### चरौदा मे शाला प्रवेश उत्सव पर लगाए फलदार पौधे

**आरंग।** शासकीय नवीन प्राथमिक शाला सड़क पारा चरौदा में शाला प्रवेश उत्सव के अवसर पर सरस्वती वंदना के साथ नव प्रवेशी एवं नव कक्षा प्रवेशी विद्यार्थियों का गुलाल लगाकर मिठाई खिलाकर एवं पुष्पों के द्वारा अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर नव प्रवेशी बच्चों को नवाचार के रूप में व्हाइट बोर्ड पर चित्रकारी करने का अवसर भी दिया गया। साथ ही विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को टीएम किट प्रदान किया गया एवं एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत विद्यालय परिसर में फलदार पौधे भी लगाए गए। इस अवसर पर अतिथियों ने विद्यार्थियों को गुरुजनों का सम्मान एवं मन लगाकर पढ़ने के लिए प्रेरित किया तथा शाला विकास समिति अध्यक्ष देवलाल साहू, उपसरपंच रवि कुमार बंजारे, पंचायत प्रतिनिधिगण संतोष कोसरिया, भेखलाल यादव, प्रधान पाठक सुशील आवड़े एवं शिक्षकगण पायल जितेंद्र शुक्ला, पार्वती साहू, प्रभा साहू, जितेंद्र यदु आदि की उपस्थिति रही।

### नव विवाहिता ने फांसी लगाकरआत्महत्या की

**तिल्दा नेवरा।** कोहका हाऊसिंग बोर्ड कालोनी में नव विवाहिता द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या, ग्राम कोहका के हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में ऊषा कहरा पति प्रमोद कहरा उम्र 30 वर्ष के साथ रह रहे थे। मृतिका का पति प्रमोद सम्भव प्लांट में काम करता है। सुबह प्लांट काम करने चला गया था। घर पर उसकी मां थी जो सुबह लगभग 10बजे मंदिर गई, वापस आने पर घर के बाहर का दरवाजा अंदर से बंद था। खिड़की से देखने पर ऊषा कहरा रूम में पंखा से कपड़ा बांध कर फांसी लगाई हुई है। आसपास वालों को बुलवाया गया और नेवरा पुलिस को भी सूचना दी गई, जहां नेवरा पुलिस घटनास्थल पहुंची और शव का पंचनामा कार्रवाई की जा गयी। वही पुलिस ने बताया कि मृतिका पथरी बीमारी से पीड़ित थी। मृतिका का विवाह हुए लगभग 1 साल हुआ है। नेवरा थाना प्रभारी सत्येंद्र सिंह श्याम ने बताया कि मामले में मर्ग कायम कर लिया गया है और विवेचना की जा रही है।

### घनश्याम छग टीचर्स एसोसिएशन के जिला प्रचार मंत्री नियुक्त

**आरंग।** छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश सोनकला एवं ब्लॉक अध्यक्ष हरीश दीवान ने संघ के संविधान एवं प्रदत्त शक्तियों के अंतर्गत शिक्षक एलबी घनश्याम साहू शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला गुखेरा को छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन जिला रायपुर के लिए जिला प्रचार मंत्री पद के रूप में मनोनीत किया है। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के सभी पदाधिकारी एवं सदस्यों ने हर्ष व्यक्त किया है।



### पीपला फाउंडेशन ने किया शिक्षादान केंद्र का शुभारंभ



**आरंग।** स्वयंसेवी संस्था पीपला वेलफेयर फाउंडेशन ने गायत्री शक्तिपीठ आरंग में शिक्षादान केंद्र का शुभारंभ, वेदमाता गायत्री की पूजा आराधना व गायत्री मंत्र से किया। प्रथम दिवस फाउंडेशन के सदस्यों ने उपस्थित छात्रों को पेन भेंटकर तथा मीठा खिलाकर अभिनंदन किया। वहीं पीपला सदस्य तथा भिलाई हायर सेकंडरी स्कूल के प्राचार्य सीएल साहू, शिक्षक हरीश दीवान, समाजसेवी ब्रजेश अग्रवाल व कन्या स्कूल आरंग के शिक्षक कामता प्रसाद वर्मा ने छात्रों को अनेक प्रेरक प्रसंगो के माध्यम से प्रेरित किया। साथ ही फाउंडेशन द्वारा संचालित शिक्षादान केंद्र की मुक्त कंठ से सराहना करते हुए कहा लोग हर काम लाभ के लिए ही करने लगे हैं।

## स्वामी आत्मानंद स्कूल में आत्मरक्षा प्रशिक्षण संपन्न



हरिभूमि न्यूज ▸▸। आरंग

स्वामी आत्मानंद विद्यालय समोदा में आरंग युवा एवं खेल संगठन की मार्शल आर्ट प्रशिक्षिका रानी सगरवंशी द्वारा विद्यार्थियों को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण दिया गया। संगठन अध्यक्ष अमन साहू ने बताया कि विद्यालय के प्राचार्य आज्ञा राम ठाकुर खेलो के प्रति बहुत सक्रिय हैं। विद्यालय में क्लब गठन कर रेगुलर अभ्यास कराने हेतु चर्चा हुई जिससे खिलाड़ियों के खेल प्रदर्शन में गुणवत्ता आ सके और बहुत जल्द समोदा से भी खिलाड़ी राज्य, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नेतृत्व कर समोदा क्षेत्र के साथ साथ आरंग विधानसभा को भी गौरवान्वित करे। इस अवसर पर वरिष्ठ शिक्षक टीपू लाल वर्मा, व्यायाम शिक्षक एंथ्रेंज मिंज, विजय साहू, शिक्षक हिमानी निषाद, खुशबू जलक्षत्री, सुधा वर्मा, श्रुति मेनन, सुनीता नायक उपस्थित थे।

## मिठाई खिलाकर मनाया संकुल स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव

**तिल्दा नेवरा।** शासकीय हाई स्कूल तुलसी नेवरा में संकुल स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव एवं पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। सर्वप्रथम नव प्रवेशी विद्यार्थियों का अतिथियों के द्वारा तिलक लगाकर, कॉपी पेन वितरण कर एवं मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया। साथ ही मंचस्थ अतिथियों द्वारा विद्यार्थियों को आशीर्वाद संबोधन दिया गया। तत्पश्चात केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना एक पेड़ मां के नाम के अंतर्गत अतिथियों, संकुल से आए शिक्षक शिक्षिका, शाला परिवार तुलसी नेवरा के शिक्षक शिक्षिका एवं विद्यार्थियों द्वारा पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से शैल महेंद्र साहू (जिला पंचायत सदस्य), स्वाती वर्मा (जिला पंचायत सदस्य), गुलाब आडिल (सरपंच ग्रामपंचायत तुलसी), तेजराम वर्मा (सरपंच ग्रामपंचायत कोहका), अनुराधा वर्मा, मनीषा वर्मा (उपसरपंच ग्राम पंचायत तुलसी), संकुल एवं हाई स्कूल तुलसी नेवरा के समस्त शिक्षक शिक्षिका एवं गणमान्य अतिथि गण उपस्थित रहे।

## बाबा बागेश्वरनाथ का अद्भुत श्रृंगार बना श्रद्धा का केंद्र, भक्तों में बढ़ा उत्साह

**आरंग।** प्राचीन सिद्ध शक्तिपीठ बाबा बागेश्वरनाथ महादेव का प्रतिदिन भक्तों द्वारा अद्भुत श्रृंगार किया जाता है। बाबा के श्रृंगार दर्शन के लिए प्रतिदिन भक्तों को इंतजार रहता है। भक्तगण उज्जैन के महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग की तरह प्रतिदिन अलग-अलग तरीके से तरह तरह के फूल मालाओं से बाबा बागेश्वर का श्रृंगार करते हैं।बाबा के श्रृंगार पश्चात विशेष पूजा आराधना कर श्रृंगार किए हुए तस्वीरें भक्तों द्वारा सोसल मीडिया में वायरल किया जाता है। इस तरह सोसल मीडिया के माध्यम से नगरवासियों सहित पूरे देश-विदेश के श्रद्धालु भी दर्शन कर कामना करते हैं। उज्जैन के महाकाल की तरह हर दिन बाबा बागेश्वर नाथ का अद्भुत श्रृंगार के कारण भक्तगण बाबा बागेश्वर को आरंग का महाकाल के रूप में मानते पूजते हैं। वहीं भक्तगण अलग-अलग पर्व विशेष को ध्यान में रखकर भी बाबा का श्रृंगार करते हैं। राष्ट्रीय पर्व होने पर तिरंगा, अन्य स्थानीय व धार्मिक पर्व के अनुरूप बाबा बागेश्वर व माता पार्वती का श्रृंगार करते हैं।हर दिन बाबा का श्रृंगार अनोखा और अद्भुत होता है।जो श्रद्धालुओ के लिए कौतूहल का विषय बना रहता है। दर्शन कर भक्त अपने अपने सोसल मीडिया में पोस्ट करते हैं। स्टेटस फेसबुक में भेजकर अपनी आस्था व्यक्त करते हैं। इस तरह जो भक्त मंदिर, दर्शन के लिए पहुंच पाते हैं वह सोसल मीडिया के माध्यम से बाबा का दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त करते हैं।



## महिला वॉशरूम में मोबाइल से रिकॉर्डिंग, शिक्षिकाओं की शिकायत पर प्रधान पाठक पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▸▸। तिल्दा नेवरा

तिल्दा ब्लॉक के एक शासकीय स्कूल में महिला वॉशरूम में शिक्षक मोबाइल छिपाकर विडिओ बनाता था वीडियो लैपटॉप में देखकर कर कर देता था डिलीट। तिल्दा ब्लॉक के समीपस्थ एक शासकीय स्कूल में स्कूल के प्रधान पाठक जो संकुल समन्वयक भी है। उसने स्कूल के महिला वॉशरूम में वीडियो रिकॉर्डिंग करता था, स्कूल के महिला वासरूम में एक चालू हालत में वीडियो रिकॉर्डिंग करता मोबाइल फोन मिला। शिक्षिकाओं ने इसकी शिकायत ब्लॉक शिक्षा अधिकारी तिल्दा से भी की थी। जहां पर उनके द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया गया। तत्पश्चाप शिक्षिकाओं ने तिल्दा थाने में इसकी शिकायत दर्ज कराई जहां पुलिस ने प्रधान पाठक के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया और उक्त प्रधानपाठक से पूछताछ की। इस मामले को अप्रैल माह का बताया जा रहा है। स्कूल की महिला शिक्षिकाओं ने वॉशरूम में एक मोबाइल फोन देखा और शिक्षिकाओं ने उक्त मोबाइल को उठाकर देखा तो उनके होश उड़ गए, उक्त मोबाइल की वीडियो रिकॉर्डिंग चालू थी, जहां पर शिक्षिकाओं ने तत्काल इसकी जानकारी अपने अन्य स्टाफ एवं अपने घर पर अपने पतियों को भी जानकारी दी। नेवरा थाना प्रभारी सत्येंद्र सिंह श्याम ने बताया की विभिन्न धाराओं के तहत उक्त प्रधान पाठक के खिलाफ मामला दर्ज किया गया और उसके मोबाइल की जांच करने पर सभी वीडियो डिलीट मिले, उक्त मोबाइल की जांच के लिए उसे साइबर सेल को भेज दिया गया है। पुलिस ने यह भी बताया की पूछताछ में उक्त प्रधान पाठक ने बताया कि वह मोबाइल में रिकॉर्ड हुए वीडियो को दूसरे मोबाइल और फिर लैपटॉप में ट्रांसफर कर देता था और देखने के बाद डिलीट कर देता था। पुलिस ने आरोपी प्रधानपाठक को कोर्ट में पेश किया साथ ही पुलिस मामले की जांच कर रही है। वही यह भी पता चला है कि महिला शिक्षिकाओं ने इसकी जानकारी तिल्दा के ब्लॉक शिक्षा अधिकारी को सर्वप्रथम दी।

जहां तिल्दा ब्लॉक शिक्षा अधिकारी द्वारा मामले को हल्के में लिया गया और किसी तरह का कोई कार्रवाई नहीं की जिसके बाद महिला शिक्षिकाओं ने थाना की राह पकड़ी।

## डॉक्टर्स डे पर चिकित्सकों का किया गया सम्मान

**आरंग।** छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ द्वारा राष्ट्रीय डॉक्टर्स डे में सम्मान कार्यक्रम सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मे आयोजित किया गया। ब्लॉक आरंग के सभी डॉक्टरो को पुष्प गुच्छ श्रीफल एवं उपहार देकर कर सम्मान किया गया। ब्लॉक अध्यक्ष सालिक नौरंगे ने बताया की 1 जुलाई को राष्ट्रीय डॉक्टर्स डे मनाया जाता है, विगत 5 वर्ष से आरंग मे संघ द्वारा डॉक्टरो के सम्मान के लिए यह आयोजन किया जा रहा है। हमारे डॉक्टर्स पीड़ति मानव के सेवक है। कोरोना काल मे बहुत बड़ी त्रासदी से फ़्रंटलाइन बनकर हमारे चिकित्सको ने अपनी जान की परवाह न करते हुए कोरोना को हराने मे अहम भूमिका निभाया है। इनको धरती का दूसरा भगवान माना गया है और इनके योगदान की सराहना पूरा समाज करता है। सम्मानित होने वाले डॉक्टर्स मे खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. विजय लक्ष्मी अनंत, वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. वी. के चंद्रवंषी, डॉ. आनंदी टोप्पो, डॉ. रामनारायण दास, डॉ. नन्दलाल भुवार्य, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. सागर, डॉ. स्वप्निल चंद्राकर, डॉ. देवेंद्र बंजारे, डॉ. भूपेश गेंन्ड्रे को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बीपीएम दीपक मिरे, अरविंद चंद्राकर, रुनू दत्ता, महेश चंद्राकर, बेदराम चतुर्वेदी, मुकेश टंडन, पायल वर्मा, नरेश साहू, हितेंद्र साहू, शिव साहू, असवन टंडन, संतोष कन्नौजे, भुनेश्वर खंडेलवाल, सुधराम कँवर, चंद्रशेखर राव, टकेश सेन, रमा भारती झा, मौसमी कर्मकार, अनपूर्णा वर्मा, मुकेश साहू, प्रहलाद साहू, टीकम साहू, कालीचरण ओगरे, रामकुमार साहू, वारिणी साहू, एवं बड़ी संख्या मे स्वास्थ्य कर्मचारी उपस्थित थे।

### गुरू खुशवंत साहेब के हाथों से बांटा गया चयनित आवास की चाबी

## आरंग मे लाटरी प्रक्रिया से हुआ आवास का आबंटन

हरिभूमि न्यूज ▸▸। आरंग

नगर पालिका परिषद आरंग में प्रधानमंत्री आवास योजना के घटक सहभागिता से निर्मित आवास का आबंटन लाटरी प्रक्रिया के माध्यम से किया गया। सर्वप्रथम 29 हितग्राहियों के लिए लाटरी प्रक्रिया के माध्यम से ब्लाक में आवास नम्बर का चयन किया गया। तत्पश्चात संबंधित हितग्राहियों को चयनित आवास का आबंटन पत्र एवं चाबी गुरू खुशवंत साहेब उपाध्यक्ष अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण एवं विधायक आरंग के करकमलों से उपस्थित जनप्रतिनिधियों के समक्ष सौंपा गया। इसी कड़ी में प्रधानमंत्री आवास योजना के बी.एल.सी. घटक अंतर्गत पात्र 50 हितग्राहियों को निः शुल्क भवन निर्माण की अनुज्ञा एवं स्वीकृति पत्र प्रदान किया गया। आवास योजना के तहत आबंटन पत्र एवं अनुज्ञा स्वीकृति पत्र वितरण के पश्चात नगर पालिका परिषद आरंग में सभापतियों की बैठक व्यवस्था हेतु पी.आई.सी. कक्ष का शुभारंभ फिता काटकर किया गया। इस अवसर पर छ.ग. चर्मशिल्पकार बोर्ड के अध्यक्ष एवं नगर पालिका के पार्षद ध्रुव कुमार मिर्धा, शीतल चन्द्रवंशी मुख्य नगर पालिका अधिकारी, न.पा. के उपाध्यक्ष हिरामन कोशले, पार्षदगण नरेन्द्र लोधी, भानमति सोनकर, संतोष लोधी, विरेन्द्र गोलू कंडरा, सुनीता विनायक धुरंधर, चितरेखा विक्रम परमार, सेवती तोषण साहू, पार्षद प्रतिनिधि राकेश शर्मा, राकेश सोनकर, खिलेश धुरंधर, विक्रम परमार, डॉ. तोषण साहू, भाजपा आरंग मंडल अध्यक्ष देवनाथ साहू सालिक राम साहू, गणेश साहू, चन्द्रशेखर साहू, वेदप्रकाश देवांगन, सतीश मानू जलक्षत्री, खूबचंद साहू, देव जलक्षत्री, सूरज साहू, नंदकुमार ढीढी, दिलीप जलक्षत्री, चेतन लल्लू जलक्षत्री सहित भारतीय जनता पार्टी के युवा एवं वरिष्ठ कार्यकर्ता, नगर पालिका के अधिकारी कर्मचारीगण एवं मिडिया के साथी गण, नागरिकगण उपस्थित रहे।




## नगर निगम के 23 सब इंजीनियर हुए इधर से उधर

### तबादले में जोन 4 और जोन 6 में सबसे अधिक 4 इंजीनियर पहुंचे

हरिभूमि न्यूज ▸▸। रायपुर

नगर निगम आयुक्त विश्वदीप ने 23 उप अभियंताओं का तबादला कर दिया है। सहायक अभियंताओं की तबादला सूची में जोन 4 कमिश्नरी में सबसे अधिक 4 इंजीनियर तबादले के बाद पहुंचे। इसी तरह जोन 6 में भी एक साथ 4 इंजीनियर पहुंचेंगे। जोन 4 कमिश्नरी में तबादले के बाद जोन 1 से रोशनदेव रात्रे, हिमांशु चंद्राकर जोन 6 से, रंजीत कुमार बारवा जोन 3 से और निगम मुख्यालय में अटैच अंकिता अग्रवाल जोन 4 में करेंगी। वहीं जोन 6 में सागर ठाकुर जोन 1 से जाएंगे, इनके अलावा जोन 5 से कनिका ढारगावे, जोन 8 से विक्रम सिंह ठाकुर और जोन 8 से रचना संघवी का तबादला हुआ है। नगर निगम आयुक्त ने अस्थायी रूप से आगामी आदेश तक नगर निगम के 23 उप अभियंताओं की नवीन पदस्थापना की है। इसके अनुसार उपअभियंता अंकिता सोनवर्षा जोन 3 से जोन 1,गोपाल प्रधान जोन 4 से जोन 1, सागर ठाकुर जोन 1 जोन 6 पदस्थ किये गये हैं। इसी तरह श्रुति चर्तुवेदी जोन 1 से जोन 3 भेजा गया है। उप अभियंता कृति शर्मा जोन 6 से जोन 7, रोशनदेव रात्रे जोन 1 से जोन 4, रंजीत कुमार बारवा जोन 3 से जोन 4, हिमांशु चंद्राकर जोन 6 से जोन 4, मेघा साहू जोन 6 से जोन 10 विद्या देशलहरा जोन 5 से जोन 7, निर्मल कुमार तिग्गा जोन 2 से जोन 5, नवीन कुमार शर्मा जोन 4 से जोन 2, कनिका ढारगावे जोन 7 से जोन 6, विक्रम सिंह ठाकुर जोन 8 से जोन 6, रचना सिंघवी जोन 8 से जोन 6, राहूल थारानी जोन 6 से जोन 7, रूचि साहू मुख्यालय से जोन 5, अबरार खान जोन 9 से जोन 8, मनीषा निराला जोन 4 से जोन 8, जयनंदन डहरिया मुख्यालय से जोन 3, शुभम तिवारी स्मार्ट सिटी वर्तमान कार्य के साथ जोन 9 का कार्य देखेंगे।



# भूरिया ने कहा- देश में सबसे ज्यादा छत्तीसगढ़ में आदिवासियों का शोषण हो रहा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

आदिवासी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष और झाबुआ विधायक विक्रांत भूरिया ने कहा कि वे कांग्रेस की विचारधारा को और भी ज्यादा मजबूती देने के लिए पहुंचे हैं। छत्तीसगढ़ दौरे पर पहुंचे आदिवासी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष विक्रांत भूरिया ने कहा, देश में सबसे ज्यादा छत्तीसगढ़ में आदिवासियों का शोषण हो रहा है। अगर आदिवासियों का विनाश देखना है, तो छत्तीसगढ़ आ जाएं।

आदिवासियों को मारा जा रहा है, नेताओं को जेल में बंद किया जा रहा है। आदिवासियों की मूर्ति नहीं चाहिए, हमें सम्मान चाहिए। वहीं उन्होंने भाजपा के प्रशिक्षण शिविर को कॉर्पोरेट के तलवे चाटने का प्रशिक्षण बताया है। रायपुर पहुंचने पर उन्होंने संवाददाताओं से चर्चा में तंज कसते हुए कहा, देश को बनाने में आरएसएस और भाजपा का कोई योगदान नहीं है, इसलिए वह इस लड़ाई के बारे में नहीं समझेंगे। शराब घोटाले पर उन्होंने कहा, बीजेपी दबाव बना रही है कि वह बीजेपी ज्वाइन कर लें या गलत बयान दें। उनकी जमानत होने के पहले दूसरा केस लगा दिया गया। प्रताड़ित करना भाजपा का षड्यंत्र है।

## भाजपा को रबर स्टैंप आदिवासी चाहिए



विक्रांत भूरिया ने तंज कसते हुए कहा कि प्रदेश की खनिज संपदा कॉर्पोरेट को चाहिए। जैसे ही आदिवासी मुख्यमंत्री बने, जंगलों की कटाई शुरू हो गई। जो आदिवासी बीजेपी के हिसाब से कहते हैं, पार्टी में उन्हें ही भाजपा जगह देती है। भारतीय जनता पार्टी रबर स्टैंप आदिवासी चाहती है।

### कांग्रेस की परिसंपत्ति का आकलन करेगी आईसीसी

पार्टी द्वारा कांग्रेस की परिसंपत्ति के आकलन को लेकर विक्रांत भूरिया ने कहा, इनकी मानसिकता कांग्रेस की प्रॉपर्टी को जप्त करने और उन्हें खत्म करने की है, लेकिन कांग्रेस की ताकत, विचारधारा है। देश को बनाने में आरएसएस और भाजपा का कोई योगदान नहीं है, इस लड़ाई के बारे में, इसलिए वह नहीं समझेंगे।

## ये एक परिवार की चाटुकारिता करने वाले लोग : साव



विक्रांत भूरिया के भाजपा के प्रशिक्षण और रबर स्टैंप वाले बयान पर उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने पलटवार किया है। उन्होंने कहा, मोदी के नेतृत्व में आदिवासी समाज की तरक्की और बेहतरी के लिए जितने काम हुए, उतने कांग्रेस शासन में कभी नहीं हुए। कांग्रेस ने केवल अत्याचार किया, आज आदिवासियों के लिए बेहतर काम हो रहे हैं, तो कांग्रेस को दर्द हो रहा है। उन्होंने आरोपों को निराधार और बेबुनियाद बताया है। वहीं भाजपा प्रशिक्षण शिविर को कार्पोरेट के तलवे चाटने वाले बयान पर उन्होंने कहा, ये (कांग्रेसी) एक परिवार की चाटुकारिता करने वाले लोग हैं।

### कांग्रेस ने आदिवासियों को दी काला पानी की सजा : सांसद महेश कश्यप

आदिवासी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष विक्रांत के बयान पर सांसद महेश कश्यप ने भी पलटवार किया और कहा कि कांग्रेस ने आदिवासियों को काला पानी की सजा दी। बीजेपी सरकार में आज बस्तर की पहचान दुनिया में है। कांग्रेस ने माओवाद, नक्सलवाद जैसे कलंक को थोपने का काम भी किया है।

### कांकेर में कांग्रेस का प्रशिक्षण कार्यक्रम

कांकेर में कांग्रेस तीन दिवसीय आदिवासी प्रशिक्षण कार्यक्रम करने जा रही है, इसे लेकर आदिवासी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष विक्रांत भूरिया ने बताया कि नए युवाओं को तैयार किया जाएगा। राजनीति में पॉवर और पैसे का बड़ा रोल है और भाजपा के पास दोनों भरपूर है। कांग्रेस के पास केवल एक ही ताकत है आईडियोलॉजी, इसलिए प्रशिक्षण के जरिए लोगों को जोड़ने का काम किया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### जल संसाधन में चीफ इंजीनियर का पद खाली नहीं हुई पोस्टिंग

**रायपुर।** जल संसाधन विभाग में चीफ इंजीनियर का पद खाली हो गया है, लेकिन इस पद पर अब तक किसी अधिकारी की नियुक्ति नहीं हो पाई है।चीफ इंजीनियर के पद पद इंद्रजीत उईके पदस्थ थे, वे 30 जून को रिटायर हो गए। इसी समय नए अधिकारी की नियुक्ति की जानी थी, जो 2 जुलाई तक नहीं हो सकी है। बताया गया है कि विभाग में इस पद के दो दावेदार हैं। इनमें एक जेआर भगत औऱ दूसरे दीपक अभूमेहकर हैं। माना जा रहा है कि इन दोनों में से किसी एक को विभाग का यह प्रमुख पद मिलने की संभावना है।

### पूर्व राज्यपाल दत्त के निधन पर किया शोक व्यक्त

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के पूर्व राज्यपाल शेखर दत्त के निधन पर राज्यपाल रमेन डेका और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने गहरा शोक व्यक्त किया है।



राज्यपाल ने अपने शोक संदेश में कहा, श्री दत्त एक कुशल प्रशासक ही नहीं, बल्कि एक सच्चे सैनिक और राष्ट्रभक्त थे। मुख्यमंत्री ने कहा, श्री दत्त एक कुशल प्रशासक, दूरदर्शी नेता और देश सेवा के प्रति पूर्णतः समर्पित व्यक्तित्व थे। अपने लम्बे प्रशासनिक अनुभव और अद्भुत कार्यकुशलता से उन्होंने छत्तीसगढ़ सहित पूरे देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया। ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति और शोक संतप्त परिजनों को यह दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की है।

### महिला संग्राहकों को मिलेगी चरण पादुका

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ सरकार तेंदूपत्ता संग्राहक परिवारों की महिलाओं को विशेष सुविधा देने के उद्देश्य से चरण पादुका वितरण किया जा रहा है। इस योजना के तहत बीजापुर जिले के 54 हजार 330 महिला तेंदूपत्ता संग्राहकों को चरण पादुका वितरित की जाएगी। मुख्यमंत्री की मंशानुरूप और वन मंत्री केदार कश्यप के मार्गदर्शन में चरण पादुका योजना संचालित की जा रही है।

### गृह मंत्री आज बीजापुर दौरे पर

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ शासन के उप मुख्यमंत्री तथा गृहमंत्री विजय शर्मा 3 जुलाई को बीजापुर जिले के एक दिवसीय प्रवास पर रहेंगे। प्रवास के दौरान विभिन्न निर्माण कार्यों का निरीक्षण तथा जिले में संचालित विकास कार्यों का समीक्षा करेंगे।

## भाजयुमो द्वारा आयोजित मॉक पार्लियामेंट में शामिल हुए मुख्यमंत्री

# सीएम साय बोले- आपातकाल की दुर्दशा शब्दों में व्यक्त कर पाना नामुमकिन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा, 25 जून 1975 हमारे देश के लिए काला दिन था, उस समय तत्कालीन कांग्रेस सरकार में प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने राजनीतिक स्वार्थ के कारण आपातकाल थोप दिया था। वह समय देश के लिए लड़ने वाले सभी लोगों को अकारण ही जेल में डाल दिया गया था और वहां किस तरह की दुर्दशा थी, उन्हें शब्दों में जाहिर नहीं किया जा सकता। श्री साय बुधवार को अग्रसेन धाम में भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा देश में 25 जून 1975 को लगे आपातकाल के काले अध्याय के 50 वर्ष पूरे होने पर आयोजित मॉक पार्लियामेंट (युवा संसद) कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री ने मॉक पार्लियामेंट को सम्बोधित करते हुए कहा, पार्लियामेंट में युवाओं ने सांसद की भूमिका भली भांति निभाई है। सभी ने बहुत अच्छे से मुद्दों को कवर किया और उनमें विस्तृत और सार्थक चर्चा हुई। हम सभी आपातकाल को संविधान हत्या दिवस के रूप में मानते हैं। उन्होंने कहा, मीसाबंदियों का दर्द किसी ने नहीं समझा। जिन्होंने अपनों को खोया, उनके दर्द को समझना ही लोकतंत्र सेनानियों के बलिदान का सम्मान है।



### सेनानियों के परिवार को झेलनी पड़ी परेशानी

मुख्यमंत्री श्री साय ने आपातकाल के दौरान अपने राजनीतिक गुरु के साथ हुए अन्याय का जिक्र करते हुए बताया, स्व. बालकृष्ण शर्मा, जिन्हें लोग पूरे जशपुर कुनकुरी क्षेत्र में देवकी महराज के नाम से जानते थे, उन्हें मैं अपना राजनीतिक गुरु मानता था। मैं उनके पास हमेशा बैठा करता था, उन्हें भी आपातकाल में 19 महीने जेल में रखा गया। बावजूद इसके उन्होंने कभी अपनी जीवटता नहीं छोड़ी।

### छत्तीसगढ़ में 350 से अधिक मीसाबंदियों का परिवार

उन्होंने कहा, उस समय मीडिया पर भी सेंसरशिप लगाई गयी। लोकतंत्र की इस कदर हत्या की गई। जबरन नसबंदी जैसी क्रूरता भी की गई। छत्तीसगढ़ में 350 से अधिक मीसाबंदियों का परिवार है।

### युवाओं के बीच आपातकाल का सच पहुंचाना आवश्यक : डॉ. रमन

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा, संसद जैसे मंच पर बोलना हर युवा के लिए गर्व और सम्मान की बात होती है। यह मंच न केवल ज्ञान का विस्तार करता है, बल्कि हमें हमारे देश के प्रति जिम्मेदारी का अहसास भी कराता है। उन्होंने कहा, जब भी हमारे देश पर संकट आया है, तब हमारे युवाओं ने आगे बढ़कर रास्ता दिखाया है। आज हम उस समय को याद करने के लिए जुटे हैं, जब देश का लोकतंत्र खतरे में था। इस युवा संसद का मकसद सिर्फ इतिहास जानना नहीं है, बल्कि उससे सीख लेना है, ताकि आगे चलकर हम कोई ऐसी गलती न दोहराएं जो देश को नुकसान पहुंचाए।

### सत्ता की लालच में देश को आपातकाल में झोंका : साव

छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा, देश ने आपातकाल की जिस विभीषिका को झेला है, उसे भावी पीढ़ी को जानने और समझने की आवश्यकता है। इंदिरा गांधी ने सत्ता की लालच में पूरे देश को आपातकाल में झोंका। नागरिक अधिकारों का हनन किया। वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने बताया कि इतिहास में केवल दो ही घटनाएं हैं, जो कांग्रेस की व्यक्तिवादी राजनीति का सबसे बड़ा उदहारण है कि देश में केवल दो प्रधानमंत्री ने स्वयं को भारत रत्न घोषित किया, इसमें पहला नाम पंडित जवाहर लाल नेहरु और दूसरा स्वयं इंदिरा गांधी नाम का है। मॉक पार्लियामेंट में स्पीकर की भूमिका में भाजपा के वरिष्ठ सदस्य धरमलाल कौशिक ने युवा मोर्चा के पदाधिकारियों एवं सदस्यों को मॉक पार्लियामेंट के आयोजन की बधाई दी।

## छह साल से लंबित 5 लाख आवेदनों का 161 करोड़ के भुगतान का निर्णय




हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल की बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। वर्ष 2019 से लंबित 5 लाख से ज्यादा आवेदनों के हितग्राहियों को 161 करोड़ से ज्यादा की राशि देने का निर्णय लिया गया है। श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन एवं अध्यक्ष छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल डॉ राम प्रताप सिंह की अध्यक्षता में हुई बैठक में विभिन्न एजेंडे पर विस्तृत चर्चा हुई। मुख्यमंत्री साइकिल सहायता योजना, मुख्यमंत्री श्रमिक औजार सहायता योजना, मुख्यमंत्री सिलाई मशीन सहायता योजना, मुख्यमंत्री निर्माण मजदूर सुरक्षा उपकरण सहायता योजना के 5 लाख से अधिक हितग्राहियों के आवेदन विभाग को मिले थे। पूर्व के आवेदनों के हितग्राहियों की 161 करोड़ से अधिक की राशि वितरित नहीं की गई थी। बुधवार को हुई बैठक में निर्णय लिया गया कि सभी आवेदनों का जल्द से जल्द परीक्षण कराकर जल्द राशि डीबीटी के माध्यम से भुगतान किया जाएगा।

### इन्हें भी मिलेगा श्रमिक आवास सहायता योजना का लाभ

संचालक मंडल की बैठक में मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक आवास सहायता योजना के क्रियान्वयन के संबंध में चर्चा की गई। वर्तमान में पात्रता रखने वाले मंडल में पंजीकृत निर्माण के स्वयं के भूखंड पर आवास निर्माण/नवीन आवास क्रय के लिए शहरी क्षेत्र में 500 वर्गफीट एवं ग्रामीण क्षेत्र में 1000 वर्गफीट क्षेत्रफल अधिकतम भूखंड होने का प्रावधान था, इसे संशोधित करते हुए बोर्ड की बैठक में शहरी क्षेत्र में न्यूनतम 322 वर्ग फीट तथा ग्रामीण क्षेत्रों में न्यूनतम 269 वर्ग फीट क्षेत्रफल भूखंड होने का संशोधन किया गया।

### मोबाइल नंबर की अनिवार्यता में दी गई छूट

मंडल अंतर्गत संचालित पंजीयन योजना आवेदन हेतु मोबाइल नंबर की अनिवार्यता रखी गई है। प्रदेश के कई क्षेत्र के ऐसे हितग्राही जिनके पास मोबइल नहीं है। उन्हें पंजीयन में परेशानी का सामना करना पड़ता था, अब उन्हें मोबाइल नंबर की अनिवार्यता की छुट दी गई है।

### अब परिवार के सदस्यों को भी मिलेगा लाभ

मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक दीर्घायु सहायता योजना के तहत पंजीकृत श्रमिक को मिलने वाली योजना का लाभ अब श्रमिक एवं उनके परिवार के सदस्यों को भी एक समान मिलेगा। बोर्ड की बैठक में इस संबंध में निर्णय लिए गए।

छत्तीसगढ़ में जीएसटी कलेक्शन में ऐतिहासिक बढ़त

# जीएसटी चोरी पर सरकार सख्त सीएम ने कहा रोकें कर अपवंचन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने बुधवार को मंत्रालय स्थित महानदी भवन में वाणिज्यिक कर (जीएसटी) विभाग की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने विभाग के कार्यों एवं राजस्व संग्रहण की विस्तार से जानकारी प्राप्त की और कर संग्रहण बढ़ाने के उपायों पर कार्य करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने जीएसटी चोरी रोकने को लेकर सख्ती दिखाई है।



उन्होंने कहा कर अपवंचन रोका जाना चाहिए मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि कर की राशि का उपयोग देश और प्रदेश के विकास कार्यों में होता है, इसलिए सभी को ईमानदारी पूर्वक कर अदा करना चाहिए। श्री साय ने कहा कि जो लोग कर (जीएसटी) की चोरी करते हैं, उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए तथा उनसे कर की वसूली सुनिश्चित की जाए।

### देश में छत्तीसगढ़ रहा अव्वल

बैठक के दौरान अधिकारियों ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में राज्य को जीएसटी एवं वैट से कुल 23,448 करोड़ रुपये का कर राजस्व प्राप्त हुआ, जो राज्य के कुल कर राजस्व का 38% है। छत्तीसगढ़ ने 18 प्रतिशत की जीएसटी वृद्धि दर हासिल की है, जो देश में सर्वाधिक है।

### वित्त मंत्री ने कही ये बात

बैठक में वित्त एवं वाणिज्यिक कर (जीएसटी) मंत्री ओपी चौधरी ने विभागीय जानकारी साझा की। मुख्यमंत्री श्री साय ने जीएसटी संग्रहण हेतु विभाग द्वारा किए गए प्रयासों की सराहना की और कहा कि आगे भी नियमों के अनुरूप संग्रहण बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयास किए जाएं। उन्होंने विभागीय अधिकारियों के साथ कर अपवंचन के मामलों एवं उनसे निपटने के उपायों पर भी विस्तार से चर्चा की।

### इन पर हो सख्त कार्रवाई

मुख्यमंत्री श्री साय ने फर्जी बिल, दोहरी बहीखाता प्रणाली और गलत टैक्स दरों का उपयोग कर अनुचित लाभ लेने वाले लोगों पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने विभाग की नवाचारी पहलों की प्रशंसा करते हुए कहा कि जीएसटी पंजीकरण की औसत समय सीमा को 13 दिन से घटाकर 2 दिन कर दिया गया है। बैठक में अधिकारियों ने जीएसटी विभाग द्वारा हाल ही में की गई बड़ी कार्रवाइयों एवं कर चोरी की राशि की वसूली की जानकारी दी। बैठक में बताया गया कि विभाग द्वारा की गई कार्रवाइयों से शासन के कर राजस्व में निरंतर वृद्धि हो रही है। बैठक में मुख्य सचिव अमिताभ जैन, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव मुकेश कुमार बंसल, मुख्यमंत्री के सचिव राहुल भगत तथा आयुक्त वाणिज्यिक कर पुष्पेंद्र मीणा सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा-

# देश के किसानों-जवानों की उठाएंगे आवाज केंद्र सरकार की नाकामी जनता को बताएंगे

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज द्वारा किसान-जवान-संविधान जनसभा का पोस्टर लॉन्च किया गया। 7 जुलाई को रायपुर के साइंस कालेज मैदान पर अखिल भारतीय कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के मुख्य आतिथ्य में विशाल जनसभा का आयोजन किया जा रहा है। सभा में विशेष रूप से एआईसीसी महासचिव प्रभारी केसी वेणुगोपाल और प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रभारी महासचिव सचिन पायलट भी हिस्सा लेंगे।

पोस्टर लॉन्च के दौरान एआईसीसी राष्ट्रीय सचिव एवं छत्तीसगढ़ सह प्रभारी जरिता लैतफलांग, प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गैंदू, महामंत्री सुबोध हरितवाल, सोशल मीडिया प्रभारी संजीव शुक्ला समेत अनेक कांग्रेसी उपस्थित रहे। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने इस दौरान संवाददाताओं से चर्चा करते हुये कहा, इस सभा का उद्देश्य छत्तीसगढ़ सहित देशभर में किसानों, जवानों की आवाज उठाना, साथ ही केन्द्र की मोदी सरकार द्वारा जिस प्रकार से संविधान और संवैधानिक संस्थानों की स्वायत्तता पर प्रहार किया जा रहा है, उसको जनता तक ले जाना है।



### भाजपा नहीं चाहती किसान धान पैदा करे

*प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, खरीफ की फसल में दलहन, तिलहन की फसल लेने वाले किसानों को प्रोत्साहन राशि देने का निर्णय किसानों से नया धोखा है। छत्तीसगढ़ के जलवायु के अनुसार धान की फसल लेना खरीफ में किसानों के लिये सबसे ज्यादा फायदे की खेती है। साय सरकार खरीफ के फसल के लिये बीज, खाद उपलब्ध नही करवा पा रही तो प्रोत्साहन योजना के तहत प्रलोभन दिया जा रहा ताकि किसान धान की फसल न ले और सरकार को 3100 रुपए में धान नहीं खरीदना पड़े।*

### चिकित्सा छात्रों के लिये हास्टल निर्माण दो सालों से रुका

उन्होंने कहा कि बेहद ही दुर्भाग्यजनक है कि सरकार की लापरवाही का खामियाजा चिकित्सा छात्रों की भुगतना पड़ रहा है। हास्टल की कमी के कारण चिकित्सा छात्र परेशान है। उनकी पढ़ाई बाधित हो रही है। कांग्रेस की सरकार ने हास्टल बनाने के लिये 24 करोड़ की राशि स्वीकृत किया था, उसका टेंडर भी किया था, लेकिन भाजपा की सरकार बनने के बाद दो साल से काम रूका पड़ा है।

### स्कूलों की पढ़ाई चौपट

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, सरकार की हठधार्मिता के कारण स्कूलों की पढाई चौपट हो गयी है। युक्तियुक्तकरण के कारण सरकार ने बड़ी संख्या में शिक्षकों का ट्रांसफर तो कर दिया है, लेकिन प्रदेश के हजारो स्कूल ऐसे है, जहां पर अभी तक शिक्षक नहीं पहुंच पाये। एक शिक्षक पांच कक्षाएं ले रहे। 10463 स्कूल बंद होने के कारण अनेकों स्थान पर बच्चों को अपने घर से तीन से पांच किलोमीटर पैदल चल कर स्कूल जना पड़ रहा।

## सामान्य सभा में शुल्क बढ़ोतरी का निर्णय, हुआ था चौतरफा विरोध

# फार्मेसी काउंसिल ने वापस लिया शुल्क बढ़ोतरी का फैसला जमा कर चुके फार्मासिस्टों को वापस की जाएगी राशि

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर



फार्मेसी काउंसिल की सामान्य सभा में पंजीयन और नवीनीकरण शुल्क में बढ़ोतरी का फैसला विशेष बैठक में वापस ले लिया गया है। शुल्क वृद्धि का चौतरफा विरोध हो रहा था। बैठक में यह भी फैसला लिया गया है कि जिन फार्मासिस्टों ने बढ़े हुए शुल्क में प्रक्रिया पूरी की है, उन्हें अतिरिक्त राशि वापस की जाएगी। नये फैसले के अनुसार पंजीयन नवीनीकरण के लिए कोरोनाकाल में जो 2 सौ रुपये की छूट दी जा रही थी, उसे वापस लेकर पुनः 5 सौ रुपये निर्धारित किया गया है। स्टेट फार्मेसी काउंसिल ने 8 मई की बैठक में फार्मासिस्ट पंजीयन में दो गुनी वृद्धि की थी। आवेदन करने वालों के इसके लिए 1 हजार के बजाए 2 हजार रुपये शुल्क देना तय किया गया था। इस आदेश के सामने आने के बाद सामान्य सभा के पदेन सदस्य (मेडिकल) डॉ. राकेश गुप्ता एवं अन्य निर्वाचित सदस्य भगतराम शर्मा ने विरोध किया था। इसके बाद विभिन्न दवा विक्रेता संघ ने इस पर आपत्ति जताई थी। विरोध के बाद फैसले पर पुनर्विचार के लिए बुधवार 2 जुलाई को न्यू सर्किट हाउस विशेष बैठक का आयोजन किया गया। निर्णय लिया गया है कि किसी भी प्रकार की फीस में वृद्धि नहीं की जाएगी। केवल कोविडकाल में घटाकर 3 सौ रुपये किए गए पंजीयन नवीनीकरण शुल्क को पुनः 5 सौ रुपये करने का फैसला लिया गया है। इसके साथ ही 1 जून से ले ली गई बढ़ी फीस को फार्मासिस्टों को वापस किये जाने का निर्णय लिया गया है।

### दवा विक्रेता संघ ने माना अभार

रायपुर जिला दवा विक्रेता संघ वरिष्ठ उपाध्यक्ष मीडिया प्रभारी अश्विनी विग ने छत्तीसगढ़ शासन के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल का आभार व्यक्त किया है। फार्मेसी काउंसिल में विगत दिनों जो फार्मासिस्ट रजिस्ट्रेशन फीस एवं नवीनीकरण फीस में वृद्धि की गई थी उसे बुधवार की बैठक के द्वारा वापस लिया गया है।

### सर्वसम्मति से निर्णय

नए पंजीयन एवं नवीनीकरण सहित अन्य फीस बढ़ाकर एक जून से लागू किया गया था। राज्य के विभिन्न फार्मासिस्ट संगठन तथा दवा व्यापारी संगठनों सहित कुछ एक काउंसिल सदस्यों ने भी इसे कम करने का आग्रह किया था। विशेष बैठक में विभिन्न बिन्दुओं पर पुनर्विचार कर सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया है कि किसी भी प्रकार की फीस में वृद्धि नहीं की जाएगी।

– अश्विनी गुर्देकर
रजिस्ट्रार
स्टेट फार्मेसी काउंसिल

# नगर निगम के 23 सब इंजीनियर हुए इधर से उधर

## तबादले में जोन 4 और जोन 6 में सबसे अधिक 4 इंजीनियर पहुंचे

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

नगर निगम आयुक्त विश्वदीप ने 23 उप अभियंताओं का तबादला कर दिया है। सहायक अभियंताओं की तबादला सूची में जोन 4 कमिश्नरी में सबसे अधिक 4 इंजीनियर तबादले के बाद पहुंचे। इसी तरह जोन 6 में भी एक साथ 4 इंजीनियर पहुंचेंगे। जोन 4 कमिश्नरी में तबादले के बाद जोन 1 से रोशनदेव रात्रे, हिमांशु चंद्राकर जोन 6 से, रंजीत कुमार बारवा जोन 3 से और निगम मुख्यालय में अटैच अंकिता अग्रवाल जोन 4 में करेंगी। वहीं जोन 6 में सागर ठाकुर जोन 1 से जाएंगे, इनके अलावा जोन 5 से कनिका ढारगावे, जोन 8 से विक्रम सिंह ठाकुर और जोन 8 से रचना संघवी का तबादला हुआ है। नगर निगम आयुक्त ने अस्थायी रूप से आगामी आदेश तक नगर निगम के 23 उप अभियंताओं की नवीन पदस्थापना की है। इसके अनुसार उपअभियंता अंकिता सोनवर्षा जोन 3 से जोन 1,गोपाल प्रधान जोन 4 से जोन 1, सागर ठाकुर जोन 1 जोन 6 पदस्थ किये गये हैं। इसी तरह श्रुति चर्तुवेदी जोन 1 से जोन 3 भेजा गया है। उप अभियंता कृति शर्मा जोन 6 से जोन 7, रोशनदेव रात्रे जोन 1 से जोन 4, रंजीत कुमार बारवा जोन 3 से जोन 4, हिमांशु चंद्राकर जोन 6 से जोन 4, मेघा साहू जोन 6 से जोन 10 विद्या देशलहरा जोन 5 से जोन 7, निर्मल कुमार तिग्गा जोन 2 से जोन 5, नवीन कुमार शर्मा जोन 4 से जोन 2, कनिका ढारगावे जोन 7 से जोन 6, विक्रम सिंह ठाकुर जोन 8 से जोन 6, रचना सिंघवी जोन 8 से जोन 6, राहूल थारानी जोन 6 से जोन 7, रूचि साहू मुख्यालय से जोन 5, अबरार खान जोन 9 से जोन 8, मनीषा निराला जोन 4 से जोन 8, जयनंदन डहरिया मुख्यालय से जोन 3, शुभम तिवारी स्मार्ट सिटी वर्तमान कार्य के साथ जोन 9 का कार्य देखेंगे। जिज्ञाशा जैन मुख्यालय से जोन 9 और अंकिता अग्रवाल मुख्यालय से जोन 4 में पदस्थ की गयी हैं।



## बिचित्रानंद पांडा पीएचडी से सम्मानित



रायपुर। एमिटी यूनिवर्सिटी छत्तीसगढ़ ने डिजिटल मीडिया के संदर्भ में अंतर्राष्ट्रीय समाचारों पर अपने शोध के लिए बिचित्रानंद पांडा को डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी (पीएचडी) की उपाधि से सम्मानित किया है। उनका शोध प्रबंध 'भारतीय डिजिटल मीडिया में अंतर्राष्ट्रीय समाचारों का एक विश्लेषणात्मक अध्ययन' शीर्षक से डॉ. कुन्नाथुल्ली नकुलन किशोर के निर्देशन में संपन्न हुआ।

## निधन

### निर्मलाबेन शाह



रायपुर। जेल रोड साईंनगर निवासी निर्मलाबेन शाह का 2 जुलाई को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 3 जुलाई को सुबह 10 बजे उनके निवास स्थान से देवेंद्र नगर मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे निलेश शाह की माता और निकेत एवं दिशांत की दादी थीं।

### सतीश कुमार तुलस्यान



रायपुर। रायपुर निवासी सतीश कुमार तुलस्यान (72) का 2 जुलाई को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार कोटा मुक्तिधाम में किया गया। वे सौरभ तुलस्यान के पिता और अथर्व तुलस्यान के दादा थे।

### जुगल किशोर पाटनी



रायपुर। लाभांडी रोमनेस्क विलास निवासी जुगल किशोर पाटनी (72) का 2 जुलाई को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार मारवाड़ी श्मशानघाट में किया गया। वे कमल पाटनी, अरुण पाटनी के बड़े भाई और आशीष पाटनी के पिता थे।

### ललित कुमार सिंघानिया



रायपुर। सिविल लाइंस निवासी ललित कुमार सिंघानिया (72) का जुलाई को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 3 जुलाई को दोपहर 12 बजे उनके निवास स्थान से मारवाड़ी श्मशानघाट के लिए निकलेगी। वे स्व. जीवनलाल सिंघानिया के पुत्र और रोहित, हेमंत, मोहित के पिता एवं पूर्व विधायक राजमल सिंघानिया के भाई थे।

# धड़कन बढ़ाने वाले ग्लूकोज की वापसी के बाद सलाइन चढ़ाने वाले इंट्रावीनस ड्रिप सेट के उपयोग पर रोक

## दवा कार्पोरेशन के जरिए हो रही घटिया स्तर के दवाओं और उपकरणों की सप्लाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सीजीएमएससी द्वारा घटिया स्तर की दवाओं और उपकरणों की सरकारी अस्पतालों में सप्लाई कर आम लोगों की जान जोखिम में डालने का दौर नहीं रुक रहा है। धड़कन बढ़ाने और अन्य साइड इफेक्ट की शिकायत के बाद अस्पतालों से ग्लूकोज वापस मंगाया गया था और अब सलाइन चढ़ाने वाले इंट्रावीनस ड्रिप सेट के एक बैच के उपयोग पर स्वयं सीजीएमएससी के ड्रग वेयर हाउस से रोक लगाई है। दवा कार्पोरेशन ने गलत रिपोर्ट बताने की शिकायत पर प्रेग्नेंसी डायग्नोस्टिक के एक लॉट के उपयोग को भी बैन किया था।

लगभग 660 करोड़ के बड़े घोटाले को अंजाम देने के बाद भी दवा निगम में गड़बड़ी रुकने का नाम नहीं ले रही है। सरकारी अस्पतालों में मरीजों के इलाज के लिए उपलब्ध कराई जाने वाली दवा और अन्य सामान की क्वालिटी घटिया स्तर की निकल रही है। पिछले दिनों आंबेडकर अस्पताल में मरीजों को चढ़ाए जाने वाले ग्लूकोज से साइड इफेक्ट की शिकायत हो रही थी। इससे धड़कन बढ़ने, शरीर ठंडा होने जैसी समस्याएं उत्पन्न होने की जानकारी होने पर अस्पताल प्रबंधन ने सीजीएमएससी को रिपोर्ट कर उस बैच की सारी सप्लाई वापस कर दी थी। वहीं अन्य अस्पतालों से यह लॉट वापस दवा निगम के गोदाम में मंगाया गया था। यह मामला शांत भी नहीं हुआ था कि कैटल हेल्थ केयर प्राइवेट लिमिटेड द्वारा सप्लाई की गई बैच नंबर आईवीईवी 24एफ12 ग्लूकोज सलाइन चढ़ने वाले इंट्रावीनस ड्रिप सेट के उपयोग पर रोक लगा दी। इसके पहले बैच क्रमांक आरएल 2407004 के प्रेग्नेंसी डायग्नोस्टिक किट स्टाक के उपयोग पर प्रतिबंध लगाने सीजीएमएससी के वेयर हाउस से बैन लगाया था।

### डाक्टर के रिश्तेदार को हुआ साइड इफेक्ट

पिछले दिनों प्रदेश के एक सीनियर डाक्टर के रिश्तेदार इलाज के लिए आंबेडकर अस्पताल में भर्ती हुए थे। उन्हें चढ़ाए गए ग्लूकोज का विपरीत असर होने लगा। इसकी शिकायत अस्पताल प्रबंधन से की गई है और अन्य मरीजों के साथ भी इस तरह की जानकारी होने पर उस बैच का पूरा स्टाक दवा निगम को वापस भेज दिया गया था। अस्पताल के चिकित्सकों ने बताया कि आईवी फ्लूड की बोतल के भीतर कई बार फफूंद लगने की शिकायत होती रहती है।



### आंबेडकर अस्पताल के चिकित्सा

अधीक्षक डॉ. संतोष सोनकर ने बताया कि ग्लूकोज चढ़ाने के दौरान मरीजों को साइड इफेक्ट होने की शिकायत आई थी, जिसके बाद उसे सीजीएमएससी को वापस भेज दिया गया था। फिलहाल इस तरह की शिकायत नहीं मिली है।

### इंट्रावीनस ड्रिप सेट में लीकेज की शिकायत

सूत्रों के अनुसार सीजीएमएससी के वेयर हाउस द्वारा इंट्रावीनस ड्रिप के वितरण और उपयोग पर रोक लगाई गई है, उसमें लीकेज की शिकायत हो रही थी। ग्लूकोज और अन्य द्रव पदार्थ अस्पताल में भर्ती मरीज को नसों में देने के लिए यह एक बहुत ही सामान्य प्रणाली का हिस्सा है, जिसके लिए इस ड्रिप सेट का उपयोग किया जाता है। प्रेग्नेंसी डायग्नोस्टिक किट में रिपोर्ट गलत बताने की शिकायत स्वास्थ्य केंद्रों के माध्यम से पहुंची थी।

00 पूर्व में शिकायत थी

## 1400 दुकानों के डाटा अपडेट करने का चल रहा काम

# शहर में निगम की 4 हजार दुकानें 2600 दुकानों का ब्योरा ऑनलाइन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगर निगम की 4 हजार दुकानों का ब्योरा अब फाइलों से बाहर निकलकर ऑनलाइन नजर आएगा। 19 अलग-अलग लोकेशन पर स्थित 4 हजार दुकानों में से 2600 दुकानों के डाटा की ऑनलाइन एंट्री का काम पूरा हो गया है। बाकी की 1400 दुकानों की डाटा एंट्री का काम इन दिनों निगम मुख्यालय में किया जा रहा है। इससे आने वाले दिनों में निगम के लाइसेंसी दुकानदार, लीज होल्डर और मुख्यमंत्री स्वावलंबी योजना के आवंटितियों को घर बैठे दुकानों का किराया भुगतान करने में सहूलियत होगी। यही नहीं, विभागीय अधिकारी एक क्लिक पर निगम की शहरभर में स्थित दुकानों की कुंडली बता देंगे।

- प्रापर्टी टैक्स की तर्ज पर घर बैठे दुकान किराया भुगतान की मिलेगी सुविधा
- पुरानी रसीद संभालने की झंझट नहीं

### मुख्यालय और जोन दफ्तर आने-जाने का बचेगा समय




### नगर निगम के दस जोन में अब बाजार विभाग की

मोटी फाइलें नजर नहीं आएंगी। दुकान किराया, पार्किंग शुल्क और व्यावसायिक परिसर की दुकानों का किराया भुगतान का सिस्टम ऑनलाइन किया जा रहा है। यानी निगम का बाजार विभाग का काम जोन से सिमट कर मुख्यालय में केंद्रीयकृत हो जाएगा। इसके लिए एक अलग से एप बनाया जा रहा है। यह पहला मौका होगा जब प्रापर्टी टैक्स की तर्ज पर नगर निगम के दुकानदारों के लिए भी उनके मोबाइल नंबर पर घर बैठे मैसेज आएगा, जिसमें उन्हें दुकान का किराया कब और कितनी राशि भुगतान करना है, इसकी अपडेट जानकारी मिलेगी। कुल मिलाकर निगम का बाजार विभाग मेनुअल रिकार्ड का सिस्टम पेपरलेस होकर ऑनलाइन हो जाएगा।

### एक नजर शहर में निगम की दुकानों पर

| बाजार क्षेत्र का नाम | निर्मित दुकानों की संख्या |
|---|---|
| गांधी बाजार अ | 381 |
| गांधी बाजार ब | 587 |
| मटन मार्केट | 50 |
| शास्त्री बाजार चप्पल लाइन | 250 |
| नवनिर्मित बाजार | 323 |
| मुख्यमंत्री स्वावलंबन योजना | 984 |
| गंज एरिया | 378 |
| गंज कोठा | 34 |
| आजाद मार्केट | 18 |
| ग्रेन गंज नवनिर्मित | 13 |
| ओपन प्लॉट | 16 |
| निवेदिता स्कूल परिसर | 12 |
| शहर एरिया | 135 |
| नवीनबाजार हॉल | 43 |
| पुराना बस स्टैंड | 21 |
| मिलेनियम प्लाजा परिसर | 156 |
| शास्त्री बाजार चौक | 281 |
| शहीद स्मारक रजबंधा | 151 |
| तेलीबांधा सुभाष चंद्र बोस मूर्ति के पास | 7 |
| आरडी तिवारी स्कूल | 6 |
| कालीबाड़ी चौक | 6 |
| अश्वनी नगर | 5 |
| डगनिया बाजार चौक | 8 |
| जवाहर बाजार | 168 |
| सुभाष स्टेडियम परिसर | 21 |
| हाट बाजार दुकान क्रिस्टल आर्किड के सामने, मोहबा बाजार | 31 |
| अग्रसेन मंगलम के बाजू | 88 |
| गांधी मैदान कांजी हाउस | 84 |
| कंकालीपारा व्यावसायिक परिसर | 26 |
| डूमरतराई | 212 |
| जयस्तंभ चौक मल्टीलेवल पार्किंग हॉल | 1 |

# एचएसआरपी नहीं लगवाने वाले वाहन चालकों के खिलाफ पहली बड़ी कार्रवाई

## 111 से वसूला गया जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पुराने वाहन जो अप्रैल 2019 के पूर्व खरीदे गए हैं, उन वाहनों में अनिवार्य रूप से एचएसआरपी लगवाना अनिवार्य है। पुराने नंबर प्लेट की जगह एचएसआरपी नहीं लगवाने वाले वाहन चालक, मालिकों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी गई है। बुधवार को परिवहन विभाग तथा ट्रैफिक पुलिस ने संयुक्त रूप से अभियान चलाते हुए 111 दोपहिया वाहन मालिकों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उनसे एक-एक हजार रुपए जुर्माना राशि वसूल की।

- परिवहन, ट्रैफिक पुलिस मिलकर कर रहे संयुक्त रूप से कार्रवाई

राजधानी सहित प्रदेश में जनवरी से पुराने वाहनों में एचएसआरपी लगाने का काम तेज कर दिया गया है। आधा वर्ष बीत जाने के बाद भी महज 15 से 20 प्रतिशत पुराने वाहन के मालिकों ने अपने पुराने नंबर प्लेट बदलवाकर एचएसआरपी लगवाए हैं। ऐसे में पुराने वाहन के मालिक अपने वाहन में जल्द से जल्द एचएसआरपी लगवाएं, इसके लिए कार्रवाई शुरू की गई है। ट्रैफिक पुलिस तथा परिवहन विभाग के अफसरों के अनुसार ज्यादातर पुराने दोपहिया वाहनों में एचएसआरपी नहीं लगा होना पाया गया। इस वजह से जांच के समय जिन दोपहिया वाहनों में एचएसआरपी नहीं लगा होना पाया गया, उन वाहन मालिकों के खिलाफ कार्रवाई की गई।



### अप्रैल तक समय सीमा निर्धारित

अफसरों के अनुसार अप्रैल तक पुराने वाहनों में एचएसआरपी लगवाने समय सीमा तय की गई थी। अप्रैल गुजर जाने के दो माह बाद भी अप्रैल 2019 के पूर्व ऐसे वाहन मालिक जिन लोगों ने अपने वाहन में एचएसआरपी नहीं लगवाया है, ऐसे वाहन मालिकों के खिलाफ कार्रवाई शुरू की गई है। नियम के मुताबिक नंबर प्लेट नहीं बदलवाने वाले वाहन मालिकों के खिलाफ दंड के साथ कारावास का प्रावधान है।

### जुर्माने का प्रावधान ऐसा है

- दोपहिया एवं तीन पहिया वाहन पर मोटरयान अधिनियम की धारा 39/192, 1/ए के तहत 1000 रुपए
- चारपहिया वाहनों पर मोटरयान अधिनियम की धारा 39/192, 1/बी के तहत 2000 रुपए
- मध्यम एवं भारी वाहनों पर मोटरयान अधिनियम की धारा 39/192, 1/सी के तहत 3000 रुपए जुर्माना या छह माह कारावास या दोनो से दण्डित किये जाने का प्रावधान है।

## सराफा कार्ड जारी करने की मांग को लेकर एसपी से की मुलाकात

रायपुर। सराफा व्यापारियों के लिए विशेष पहचान पत्र (सराफा कार्ड) जारी करने की मांग को लेकर छत्तीसगढ़ सिल्वर होलसेल सराफा एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एवं पुलिस उपमहानिरीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह से मुलाकात की और ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर संस्था के अध्यक्ष ललित नवलखा और सचिव चंद्रप्रकाश गोलछा ने बताया कि सराफा व्यापारियों के लिए विशेष पहचान पत्र (सराफा कार्ड) जारी करने की मांग की गई, जिससे व्यापार करते समय उन्हें किसी भी प्रकार की पुलिस कार्यवाही या असुविधा का सामना न करना पड़े।

:: आम सूचना ::

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने विक्रेता अनूप कुमार मुखर्जी पिता अनिल कुमार मुखर्जी निवासी महावीर नगर पुरेना रायपुर छ.ग. वालों की स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि खसरा नंबर 262/93 रकबा 0.0134 हे.भूमि वाके मौजा पुरेना प.ह.नं. 67 तहसील व जिला रायपुर में स्थित है को क्रय करने का पक्का सौदा कर अग्रीम राशि अदा कर दी गई है। बैनामा पंजीयन की कार्यवाही शेष है।

अतः उपरोक्त संपत्ति के सौदे में जिस किसी व्यक्ति, व्यक्तियों, बैंक, संस्था, निकाय, शासकीय, अर्द्धशासकीय विभाग को किसी भी प्रकार की ऊजर दावा आपत्ति हो तो मय दस्तावेज के इस सूचना प्रकाशन के 15 दिनों के भीतर अपना ऊजर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है । बाद म्याद आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। सो सूचना जाने।

रायपुर
दिनांक 02.07.2025

भवदीय
जे.एस. ठाकुर, सुनीता महोबिया
अधिवक्तागण
मो.नं. 9340868597, 8770727212

न्यायालय तहसीलदार रायपुर, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. /202507110200004/अ-6 / वर्ष 2024 - 25,
ग्राम मोवा प.ह.नं. 109/45
रायपुर, दिनांक 02/07/2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री ज्ञान शंकर अग्रवाल पिता गिरजा शंकर अग्रवाल निवासी चौबे कॉलोनी रायपुर, तहसील व जिला रायपुर छ.ग. द्वारा इस न्यायालय में धारा-110 छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 के अंतर्गत नामांतरण बाबत आवेदन पत्र पेश कर लेख किया है कि ग्राम मोवा प.ह.नं. 109/45, रा.नि.मं. रायपुर तहसील व जिला रायपुर में स्थित भूमि खसरा नंबर 463 का भाग नया खसरा नंबर 15001/1 का भाग रकबा 2400 वर्गफुट भूमि को विक्रेता श्री संजय कुमार चोपकर पिता बाबूराव चोपकर निवासी एम.आई.जी. - 3, टाटीबंध रायपुर छ.ग. से पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 28/11/1990 के माध्यम से क्रय कर स्वामित्व एवं आधिपत्य प्राप्त किया है। अतः उक्त क्रय भूमि को पंजीकृत विक्रय विलेख के आधार पर अपने नाम पर भूमिस्वामी हक में दर्ज किये जाने हेतु आवेदक / क्रेता का निवेदन है।

अतएव जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से अपनी लिखित आपत्ति दिनांक 25/07/2025 को इस न्यायालय में पेश करें। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा / आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 02/07/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर
तहसीलदार
रायपुर (छ.ग.)

## पेज 11 के शेष ...

### गाइड लाइन में .....

इस संबंध में राजस्व निरीक्षकों एवं पटवारियों को सर्वे के लिए कोई आदेश ही नहीं दिया गया है। इसे देखते हुए यह अटकलें लगाई जा रही हैं कि संभवतः इस बार कलेक्टर दर में जमीन का भाव क्षेत्र के हिसाब से अनुमानित 10 से 40 प्रतिशत तक बढ़ाया जा सकता है। कलेक्टर दर में जमीन का भाव बढ़ने से पंजीयन और मुद्रांक शुल्क भी अधिक देना पड़ेगा। इसी संभावना को देखते हुए लोग नई दर लागू होने से पहले प्रॉपर्टी की रजिस्ट्री करा रहे हैं।

### मान्यता के लिए ....

जांच के दायरे में केंद्रीय मंत्रालय के अफसर मेडिकल कालेज को ओके रिपोर्ट देने रिश्वत देने की जांच में यह बात सामने आई है कि इस प्रकरण में केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के कुछ अफसरों ने मेडिकल कालेज संचालित करने वाले संचालकों से मिलीभगत कर निरीक्षण रिपोर्ट, फाइलें और गोपनीय नोटिस की फोटो निजी लोगों को भेजी थीं। इसके बदले उन्हें रिश्वत मिली। सीबीआई की टीम उन सभी संदिग्ध लोगों की भूमिका की जांच कर रही है।

### इस बार उद्यानिकी ....

दाखिले के लिए पंजीयन 2 जुलाई से प्रारंभ कर दिए गए हैं। बीएससी एग्रीकल्चर पाठ्यक्रम में प्रवेश के इच्छुक छात्र कृषि विवि की वेबसाइट में जाकर आवेदन कर सकते हैं। 12 जुलाई तक छात्रों को पंजीयन करने का वक्त दिया गया है। इस बार काउंसिलिंग एक ही चरण में किए जाने की तैयारी है, जो 7 अगस्त तक चलेगी। बीएससी एग्रीकल्चर की 2500 से अधिक सीटों पर व्यापम द्वारा आयोजित प्रवेश परीक्षा के आधार पर दाखिले दिए जाएंगे।

### रात दो बजे ....

निजी विद्यालयों में किताबों का वितरण किया जा रहा था। किताबें स्कैन होते-होते रात के 2 बज गए। कई स्कूल बुधवार तड़के पहुंच सके। व्याप्त अव्यवस्था को देखते हुए निजी स्कूलों ने अब किताबें उठाने से ही मना कर दिया है। दूसरी ओर, पापुनि ने किताब वितरण के लिए नया शेड्यूल बनाया है। इसके मुताबिक, किताब वितरण अब 25 जुलाई तक चलेगा।

### आषाढ़ में रहा सूखा ....

बिलासपुर, महासमुंद, कवर्धा इन शहरों में बारिश थोड़ी कम हुई है। बारिश का असर बांधों के जल स्तर पर देखने को मिला है। गर्मी में तालाबों को भरने छोड़ा गया था पानी बताया जाता है कि इस साल बांधों से गर्मी के दौरान तालाबों को भरने छोड़े गए पानी की वजह से बांधों के जल स्तर में काफी गिरावट आई है। 17 मार्च से पानी छोड़ने का सिलसिला शुरू हुआ जो जून माह तक चलता रहा। गंगरेल सहित सभी बड़े बांधों में जल स्तर उस दौरान आधे से अधिक था। मानसून आने के बाद लगा था कि इसेकी भरपाई हो जाएगी, पर जून माह में औसत से कम बारिश को असर पड़ा है।

### तापमान में गिरावट ....

मध्य इलाका अभी मानसून की सक्रियता की आगोश में नहीं आया है। इसीलिए यहां अब तक भारी बारिश नहीं हुई है। बुधवार को छाए बादलों से शहर में अच्छी वर्षा का अनुमान था, मगर ऐसा हुआ नहीं। यहां दिनभर बूंदाबांदी और हल्की वर्षा का दौर चलता रहा, जिससे मौसम अलसाया रहा। घने बादल की वजह से आज धूप नहीं निकली।

# सर्वर प्राब्लम, बंट नहीं पाया राशन दुकानों में चावल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

उचित मूल्य की दुकानों में जुलाई शुरू होने के दूसरे दिन बुधवार को भी हितग्राहियों को राशन बंट नहीं पाया। दिनभर सर्वर प्रॉब्लम की समस्या रही, जिसके कारण लगभग सभी राशन दुकानें सुबह के समय कुछ घंटे खुली रहने के बाद बंद कर दी गईं। इधर दुकानों में पहुंचने वाले हितग्राही भी दिनभर परेशान होते रहे, क्योंकि जो दुकानें खुली रहीं, वहां सर्वर के कारण राशन मिल नहीं पाया और कई लोग दुकानों को बंद देखकर लौट गए। इस मामले में खाद्य विभाग के अधिकारियों का कहना है कि सर्वर की समस्या हैदराबाद से है। माह की शुरुआत में एक-दो दिन सर्वर की समस्या रहती है। उसके बाद ठीक हो जाती है। गुरुवार से दुकानों में राशन मिलना शुरू हो जाएगा।

- हितग्राही बैरंग लौटे



### दो दिन अपडेट होता है सिस्टम

राशन दुकानों के कुछ संचालकों ने बताया कि दुकानों में सर्वर की समस्या हर महीने की एक तारीख से लेकर तीन तारीख तक बनी रहती है। इन दिनों में ऑनलाइन सिस्टम में आबंटित खाद्यान्न की मात्रा एवं कार्ड धारकों की एंट्री अपडेट की जाती है। इसके कारण कुछ दिनों तक ईपॉश मशीन में सर्वर बिल्कुल काम नहीं करता। संचालकों ने बताया कि इस समस्या का निराकरण किया जाना चाहिए, क्योंकि सर्वर के कारण वे हितग्राहियों को राशन बांट नहीं पाते हैं।

### गोदाम में पहुंचा एपीएल का स्टॉक, दुकानों में सप्लाई शुरू

शहर में जून में कई राशन दुकानों में एपीएल चावल का स्टॉक नहीं होने के कारण बंट नहीं पाया है। बताया जा रहा है कि नान के गोदामों में भंडारण नहीं होने के कारण एपीएल कोटे का चावल बंट नहीं पा रहा था, लेकिन मंगलवार से गोदामों में एपीएल कोटे का चावल का भंडारण किया गया है, जिसके बाद से दुकानों में इसकी सप्लाई शुरू कर दी गई है।

।। नाम परिवर्तन ।।
-ः शपथ पत्रः-

मैं रेशमा साहू उम्र 26 वर्ष पति श्री तामेश्वर सिन्हा निवासी ब्लॉक नं. 101, हर्षित लैंडमार्क, हीरापुर, टाटीबंध, रायपुर छ.ग. 492099 शपथपूर्वक निम्न कथन करती हूं किः-

1. यह कि मेरा नाम व पता उपर वर्णित अनुसार सत्य व सही हैं।
2. यह कि मेरे आधार कार्ड मे रेशमा साहू दर्ज है। जिसका आधार नं. 4010 0489 2622 है।
3. यह कि मेरे कक्षा 10वीं की अंकसूची मे मेरा नाम रेशमा दर्ज है।
4. यह कि रेशमा साहू एवं रेशमा दोनो नाम एक ही व्यक्ति के है। जो कि मेरे स्वयं शपथकर्ता का नाम है।
5. यह कि मै उक्त शपथपत्र रेशमा साहू एवं रेशमा दोनो नाम एक ही व्यक्ति के होने की सूचना व प्रकाशन करवाने हेतु यह शपथपत्र प्रस्तुत कर रही हूँ।

शपथकर्ती

सत्यापन

मैं शपथकर्ता शपथपूर्वक कथन करती हू उपरोक्त लिखी गयी कण्डिका 01 से 05 तक समस्त पक्तियाँ मेरे स्वयं की जानकारी में सत्य एवं सही हैं पढकर देखा व अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित किया।

दिनांक :- 02.07.2025
रेशमा
शपथकर्ती

:: आम सूचना ::

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार श्री ओमप्रकाश सेन पिता स्व. अधारी राम सेन निवासी न्यू सुभाष नगर, टिकरापारा, रायपुर छ.ग. ने, विक्रेता- श्री नरेश कुमार चौरे पिता श्री पाण्डुराम चौरे निवासी-ग्राम-पोड़, तहसील व जिला गरियाबंद छ.ग. से उनके स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि जो कि वाके मौजा ग्राम-बोरियाखुर्द, प.ह.नं.-00071, रा.नि.मं.- रायपुर-1 तहसील व जिला रायपुर छ.ग. में स्थित हैं, जिसका खसरा नंबर- 314/12 का रकबा 1216 वर्गफुट भूमि हैं, उपरोक्त वर्णित भूमि/संपत्ति को मेरे पक्षकार द्वारा क्रय करने बाबत विक्रेता से पक्की बातचीत कर सौदा तय किया जा चुका है, केवल उपरोक्त वर्णित भूमि/ संपत्ति के विक्रय बैनामा का पंजीयन किया जाना शेष हैं। अतः एतद द्वारा सर्वसाधारण जनता, व्यक्ति, संस्था, निकाय, निगम सरकारी, गैर सरकारी संस्था, बैंक, वित्तीय संस्थाएँ इत्यादि को सूचित किया जाता है कि, यदि उक्त सौदे में उन्हें कोई उजर आपत्ति या दावा हो तो इस आम सूचना प्रकाशन से 07 दिवस के भीतर में मेरे निम्न लिखित पते में दस्तावेज सहित आपत्ति दावा प्रस्तुत करें। समयावधि व्यतीत होने के पश्चात मेरा पक्षकार उक्त संपत्ति के विक्रय विलेख का निष्पादन एवं पंजीयन अपने पक्ष में करवा लेगें एवं बाद म्याद की गई कोई भी आपत्ति अवैध एवं शून्य मानी जावेगी जो मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी ।

अतः सूचना जाने

दिनांक- 02.07.2025
स्थान- रायपुर (छ.ग.)

भवदीय,
मुकेश साहू, खुमेन्द्र साहू, अजीत सिंह
अधिवक्तागण,
मोती नगर बोरियारोड रायपुर,
पो. सुन्दरनगर तह. व जिला रायपुर (छ.ग.)
9827116487, 9300296804, 98271-91198

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर जिला रायपुर (छ.ग.)

// ईश्तहार //

रा.मा.क्र./202506110800049/अ-6/2024-25
रायपुर, दिनांक 30/06/2025, ग्राम-जोरा, प.ह.नं. 66
तहसील रायपुर जिला रायपुर (छ.ग.)

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदक योगेश कोसरे पिता स्व. श्रीकांत कोसरे निवासी कृषक नगर ग्राम जोरा रायपुर (छ.ग.) द्वारा इस न्यायालय में छ. ग.भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा-110 के तहत आवेदन प्रस्तुत किया है कि, ग्राम जोरा, प.ह.नं. 66, तहसील व जिला रायपुर स्थित कृषि भूमि खसरा नंबर 91, 121/3 रकबा क्रमशः 0.1130, 0.4050हे. भूमि बृजलाल पिता स्व. उदयराम व अन्य के नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज है। सहखातेदार स्व. श्रीकांत कोसरे पिता स्व. उदयराम की मृत्यु दिनांक 23/02/2025 को हो चुकी है तथा उनकी पत्नि स्व. श्रीमती दुरपत कोसरे पति स्व. श्रीकांत कोसरे की मृत्यु दिनांक 31/05/2021 को हो गयी है। मृतक सहखातेदार स्व. श्रीकांत कोसरे पिता स्व. उदयराम के विधिक वारिसानों में योगेश कोसरे, अखिलेश कोसरे, अल्का कोसरे पिसरान स्व. श्रीकांत कोसरे है। सहखातेदार बृजलाल पिता स्व. उदयराम की मृत्यु दिनांक 21/12/2010 को हो गयी है। मृतक सहखातेदार स्व. बृजलाल पिता स्व. उदयराम के वारिसानों में रविन्द्र कोसरे, दीपक कोसरे, स्व. जितेन्द्र कोसरे (मृत), श्रीमती पुष्पा कुर्रे पिसरान स्व. बृजलाल, श्रीमती चिनेशिया देवी कोसरे पति स्व. बृजलाल है। विधिक वारिसान स्व. जितेन्द्र कोसरे पिता स्व. बृजलाल की मृत्यु दिनांक 30/08/2020 को हो गयी है, उनके वारिसानों में श्रीमती उमेश्वरी कोसरे पति स्व. जितेन्द्र कोसरे, ना.बा. आकांक्षा, ना.बा. वर्षा, ना.बा. खुशी, ना.बा. हिमांशी, ना. बा. कान्हा पिसरान स्व. जितेन्द्र कोसरे वली मां श्रीमती उमेश्वरी कोसरे पति स्व. जितेन्द्र कोसरे है, अन्य कोई नहीं। अतः आवेदित भूमि में से मृतक सहखातेदार स्व. श्रीकांत कोसरे पिता स्व. उदयराम तथा स्व. बृजलाल पिता स्व. उदयराम का नाम विलोपित कर उनके विधिक वारिसानगण के नाम पर फौती नामांतरण दर्ज किये जाने तथा शेष सहखातेदारगण का नाम यथावत रखे जाने निवेदन किया है।

अतः आवेदक का द्वारा प्रस्तुत आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा/ आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे नियत सुनवाई दिनांक 14/07/2025 तक स्वतः या अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 30/06/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया ।

मुहर
अतिरिक्त तहसीलदार
रायपुर (छ.ग.)

आम सूचना

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार श्री दीपक गुप्ता पिता स्व. जितेन्द्र प्रसाद गुप्ता निवासी-मठपुरैना, रायपुर छ.ग. ने, विक्रेता-श्री अनुपचंद अवधिया पिता स्व. श्री मूलचंद अवधिया निवासी- अवधियापारा, पुरानी बस्ती, रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. से उनके स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि जो कि वाके मौजा ग्राम-दतरेंगा, प.ह.नं.-00084, रा.नि.मं.-रायपुर-18 कांदुल तहसील व जिला रायपुर छ.ग. में स्थित हैं, जिसका खसरा नंबर-88/2 का रकबा 11517 वर्गफुट भूमि हैं, उपरोक्त वर्णित भूमि/ संपत्ति को मेरे पक्षकार द्वारा क्रय करने बाबत विक्रेता से पक्की बातचीत कर सौदा तय किया जा चुका है, केवल उपरोक्त वर्णित भूमि/संपत्ति के विक्रय बैनामा का पंजीयन किया जाना शेष है।

अतः एतद द्वारा सर्वसाधारण जनता, व्यक्ति, संस्था, निकाय, निगम सरकारी, गैर सरकारी संस्था, बैंक, वित्तीय संस्थाएँ इत्यादि को सूचित किया जाता है कि, यदि उक्त सौदे में उन्हें कोई उजर आपत्ति या दावा हो तो इस आम सूचना प्रकाशन से 07 दिवस के भीतर में मेरे निम्न लिखित पते में दस्तावेज सहित आपत्ति दावा प्रस्तुत करें। समयावधि व्यतीत होने के पश्चात मेरा पक्षकार उक्त संपत्ति के विक्रय विलेख का निष्पादन एवं पंजीयन अपने पक्ष में करवा लेगें एवं बाद म्याद की गई कोई भी आपत्ति अवैध एवं शून्य मानी जावेगी जो मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी। अतः सूचना जाने।

स्थान-रायपुर (छ.ग.) दिनांक 02.07.2025

भवदीय,
मुकेश साहू, खुमेन्द्र साहू, अजीत सिंह
अधिवक्तागण
मोती नगर बोरियारोड रायपुर, पो.
सुन्दरनगर तह. व जिला रायपुर (छ.ग.)
98271-16487, 93002-96804,
98271-91198

HEALTH TOWN

निराकार मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
NMH Nirakar Multispeciality Hospital
पैथोलॉजी लैब, मेडिकल एवं 24 घंटे आपातकालीन सेवा उपलब्ध
24/7 Emergency Services
रखें आपके सेहत का ख्याल
ओपीडी 50% Off
0771-3133896 +91 6264070071, 9893299953
एम्बुलेंस सेवा उपलब्ध
पुरानी बस्ती थाना के सामने, कंकाली पारा रोड, पुरानी बस्ती, रायपुर (छ.ग.) nirakarmaltispecialityhospital@gamil.com

आयुर्वेद संजीवनी क्लीनिक
सेक्स, नामर्द, नपुंसकता, स्वप्न दोष, शीघ्रपतन, वैवाहिक जीवन की कमजोरी, आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया इलाज, दवा की पहली खुराक से असर शुरू
त्वचा रोग, चर्म रोग, खाज-खुजली का आयुर्वेदिक इलाज
बवासीर, भगंदर का शर्तिया इलाज किया जाता है
डॉ. संजीव नवजीवन गृह निर्माण सहकारी समिति मर्या. गेट, धमतरी रोड, पचपेड़ी नाका, रायपुर 9770705718

रामकथा
आंख एवम् कान नाक गला अस्पताल
डॉ. संतोष जायसवाल
एम.बी.बी.एस., एम.एस.
(कान, नाक, गला रोग विशेषज्ञ)
मो. 70891-60782
कान से मवाद एवं परदे में छिद्र का दूरबीन पद्धति द्वारा ऑपरेशन
बैंक ऑफ़ बड़ौदा के सामने कर्मा धाम मंदिर गली बोरिया रोड संतोषी नगर रायपुर, फोन 0771-4001080

मेल इंफर्टिलिटी
शीघ्रपतन, लिंग में तनाव की कमी वीर्य की कमी, वेरीकोसील फायमोसिस का ईलाज
मेडिसीन शॉक वेव थैरेपी पी शॉट एवं सर्जरी द्वारा

डॉ. वैभव राज सिंह
एमबीबीएस एम.एस.- लेज़र व दूरबीन सर्जन
(MBBS, MS Surgery)
Laporoscopic Laser Surgeon
Call 9890716410

LASER PILES
लेजर पाईल्स क्योर
पाल्स, फिशर, फिस्टुला, वेरीकोस वेन्स, पाईलोनाईडल साइनस का लेजर द्वारा सर्जरी, 24 घंटे में छुट्टी, बिना चीरा सभी दूरबीन व लेजर सर्जरी

श्री राम शांति मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल दही हाण्डी मैदान के सामने, श्रीनगर, गुढ़ियारी, रायपुर

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# छत्तीसगढ़ में सरकारी कर्मियों के लिए मोदी की गारंटी अधूरी, अब 16 से होगा आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में 2023 में हुए विधानसभा चुनाव के दौरान भाजपा ने राज्य के शासकीय सेवकों से कई वादे किए थे और इन्हें मोदी की गारंटी का नाम दिया था, लेकिन ये वादे अब तक पूरे नहीं हो पाए हैं। वादों को पूरा करवाने के लिए छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन ने आंदोलन की घोषणा की है। अब 16 जुलाई से राज्यभर में आंदोलन किया जाएगा।

फेडरेशन के कहना है कि विधानसभा चुनाव 2023 के दौरान प्रदेश के कर्मचारियों के लिए मोदी की गारंटी का घोषणा हुआ था। सरकार बनने पर प्रदेश के शासकीय सेवकों एवं पेंशनरों को केंद्र के समान डीए.,डीआर दिया जाएगा। लंबित डीए एरियर्स की राशि को कर्मचारियों के जीपीएफ.खाते में समायोजित किया जायेगा।

## सरकार ने वादा नहीं निभाया तो बेमुद्दत आंदोलन




### अब सरकार को दिया गया नोटिस

छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन ने छत्तीसगढ़ शासन को मोदी की गारंटी लागू करने का नोटिस दिया है। फेडरेशन के बैठक में तय हुआ है कि प्रथम चरण में 16 जुलाई 25 को राज्य के सभी ब्लॉक तथा जिलों में रैली निकालकर \\/"मोदी की गारंटी\\/" लागू करने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा जायेगा। छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के संयोजक कमल वर्मा,बी पी शर्मा,राजेश चटर्जी, जी आर चंद्रा,चंद्रशेखर तिवारी, रोहित तिवारी,संजय सिंह ठाकुर ने बताया कि प्रथम चरण में 16 जुलाई 25 को राज्य के सभी ब्लॉक तथा जिला मुख्यालय में वादा निभाओ रैली के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन दिया जायेगा।

अनियमित, संविदा, दैनिक वेतन भोगी, अतिथि शिक्षक इत्यादि संवर्ग का नियमितीकरण, प्रदेश के सहायक शिक्षकों का वेतन विसंगति दूर किया जाएगा। प्रदेश के लिपिकों,सहायक शिक्षकों एवं अन्य संवर्ग के लिए वेतन विसंगति दूर करने के लिए गठित पिंगुआ कमेटी की रिपोर्ट सार्वजनिक किया जाएगा। पंचायत सचिवों का शासकीयकरण होगा। मितानिनों,रसोईया एवं सफाई कर्मचारियों के मानदेय में 50 प्रतिशत वृद्धि सहित अन्य मुद्दों का वादा किया। लेकिन सरकार बनने के बाद क्रियान्वयन पर मौन धारण करना कर्मचारियों में आक्रोश का कारण बना हुआ है। फेडरेशन ने प्रदेश में चार स्तरीय समयमान वेतनमान,प्रदेश के सहायक शिक्षकों एवं सहायक पशु चिकित्सा अधिकारियों को तृतीय समयमान वेतनमान,अर्जित अवकाश 240 दिन के स्थान पर 300 दिन करने, प्रदेश में कैशलेस सुविधा उपलब्ध कराने जैसे मुद्दों सहित शासकीय सेवक कल्याण के अनेकों मुद्दों का ज्ञापन राज्य सरकार को समय-समय पर दिया है। लेकिन सरकार कर्मचारियों के मुद्दों को नजरअंदाज कर रही है। फेडरेशन ने कर्मचारी हित में पुनः 11 सूत्रीय ज्ञापन राज्य सरकार को दिया है।

## खबर संक्षेप

### यादव समाज के प्रतिनिधिमंडल ने सीएम से की मुलाकात



**रायपुर।** यादव समाज का प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री ने गजेंद्र यादव को मंत्रिमंडल में स्थान देने और निगम मंडल में यादव समाज को स्थान देने का आश्वासन दिया गया। इसके बाद आगामी 10 जुलाई को मुख्यमंत्री निवास घेरा कार्यक्रम स्थगित करने का निर्णय यादव समाज ने लिया। मुलाकात के दौरान माधव लाल यादव सहित समाज के लोग उपस्थित थे।

### लालचंद गुलवानी बने चैंबर के संरक्षक

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी ने प्रदेश के व्यापार एवं उद्योगों की प्रगति के लिए अपनी कार्यकारिणी का विस्तार किया है। इसमें लालचंद गुलवानी को संरक्षक पद पर मनोनीत किया गया है। श्री गुलवानी को छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज के संरक्षक बनाये जाने पर चैंबर के पदाधिकारियों और मित्रजनों ने उन्हें बधाई व शुभकामनाएं दी। लालचंद गुलवानी पिछले 15 सालों से बंजारी रोड व्यापरी संघ के अध्यक्ष हैं।



### गुरनीत कौर बनी पंजाबी कल्चरल सोसाइटी की अध्यक्ष

**रायपुर।** पंजाबी वीमेन वेलफेयर एंड कल्चरल सोसाइटी ने अपने 31वें वर्ष में प्रवेश किया और नई कार्यकारिणी की घोषणा भी की। इसमें प्रेसीडेंट पद पर गुरनीत कौर छाबड़ा, सिमरन कौर कोहली को सेक्रेटरी तथा सतनाम कौर अलग को कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी। इस मौके पर संस्था की अध्यक्ष गुरनीत कौर छाबड़ा ने बताया कि सभी की सहमति से वर्ष भर अनेक सामाजिक कार्यक्रम लोहड़ी, बैसाखी, दीपावली तथा पंजाबी विरासत को समाज के महिलाओं एवं अन्य वर्गों के बीच पहुंचाने का कार्य किया जाएगा।



## मदद मांगने गई महिला से रेप, दो गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

घरसींवा थाना क्षेत्र के सिलतरा चौकी में छेड़छाड़ से बचने मदद मांगने गई महिला ने एक सेलून संचालक पर रेप करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। महिला की शिकायत पुलिस ने रेप तथा छेड़छाड़ करने के आरोप में दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। मेडिकल रिपोर्ट में महिला के साथ रेप की पुष्टि हुई है।

- घरसींवा, सिलतरा पुलिस चौकी की घटना

सांकरा निवासी महिला के बेटे की शिकायत पर पुलिस ने शिव धृतलहरे को छेड़छाड़ तथा सेलून संचालक योगेश सेन को गिरफ्तार किया है। महिला के बेटे ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है कि उसकी मां के साथ गांव का युवक शिव धृतलहरे छेड़छाड़ कर रहा था। छेड़छाड़ से बचने महिला ने शिव को धक्का देकर गिरा दिया। इसके बाद वह दौड़ते हुए पास के सेलून चली गई। खुशी सेलून के संचालक ने महिला को उसकी आबरू बचाने का आश्वासन देते हुए दुकान का शटर बंद कर दिया। सेलून का शटर बंद करने के बाद सेलून में रखे उस्तरा से महिला को गला काटने की धमकी देकर रेप किया। साथ ही पूरी रात महिला को सेलून संचालक ने अपने सेलून में बंधक बनाकर पूरी रात महिला के साथ रेप किया।

## छायादार पौधे होंगे रोपित, शुरुआत 5 से

# वन विभाग से नगर निगम को मिलेंगे 21 हजार से ज्यादा पौधे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर।

मानसून के सीजन में शहर के अलग-अलग इलाके में फलदार एवं छायादार पौधों का रोपण किया जाएगा। इसकी शुरुआत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ड्रीम प्रोजेक्ट एक पेड़ मां के नाम अभियान के रूप में 5 जून को शहर के चंगोरा भाठा रिंग रोड से होगी। रायपुर लोकसभा सांसद बृजमोहन अग्रवाल इसकी शुरुआत करेंगे। इस मौके पर महापौर मीनल चौबे, पर्यावरण विभाग अध्यक्ष भोलाराम साहू सहित जनप्रतिनिधि और पार्षद मौजूद रहेंगे।

- आम, आंवला, जामुन, सीताफल, कदम, मौलश्री, बरगद, पीपल, पलाश सहित अन्य प्रजाति के पौधे

रायपुर नगर निगम के पर्यावरण एवं उद्यान विभाग ने वन विभाग से इस बार 21 हजार 600 पौधों की डिमांड की है। वन विभाग ने अलग-अलग प्रजाति के 21 हजार से अधिक पौधे मुफ्त में उपलब्ध कराने नगर निगम को स्वीकृति दे दी है। इनमें आम, आंवला, जामुन, सीताफल, मौलश्री, बरगद, पीपल सहित अन्य प्रजाति के पौधे शामिल हैं। नगर निगम शहर के चिन्हांकित स्थलों पर पौधारोपण करायेगा। 5 जुलाई को सांसद बृजमोहन अग्रवाल एक पेड़ मां के नाम अभियान से इसकी शुरुआत चंगोराभाठा रिंग रोड क्षेत्र में पौधारोपण कर करेंगे। इसके साथ ही शहर भर के चिन्हांकित स्थानों पर महापौर मीनल चौबे के मार्गदर्शन में पर्यावरण एवं उद्यानिकी विभाग शहर के अलग-अलग खाली जगहों पर फलदार और छायादार पौधा रोपण अभियान चलायेगा। इसमें आम, आंवला, जामुन, सीताफल, कटहल, कदम,बरगद, पीपल सहित अन्य प्रजाति के पौधे शामिल रहेंगे।

### शहर में इन प्रजाति के पौधों का रोपण

आम, आंवला, जामुन, सीताफल,कटहल, बेल, खैर, पलाश, जूही, बरगद, पीपल, पलाश, जूही, अर्जुन, मौलश्री, स्पोक, साल, अशोक, ऑक, कदम, महुआ, बांस, गूलर, साल, सीता अशोक।




### पौधारोपण इन जगहों पर

बेस्ट प्राइज भनपुरी इलाका 400 पौधे, आत्मानंद स्कूल भनपुरी, पुलिस परेड ग्राउंड 300 पौधे, दानी स्कूल के आसपास 375 पौधे , कुशाभाउ ठाकरे वार्ड दलदल सिवनी साइंस सेंटर के पास और सड्डू इलाके में 350 पौधे ,दुबे कालोनी मोवा 400 पौधे , चंगोराभाठा क्षेत्र 455 पौधे , अवंतिविहार गार्डन 450 पौधे, गोकुल नगर श्मसानघाट 300 पौधे, शासकीय स्कूल अटारी 400 पौधे, हिमालयन हाईट्स क्षेत्र 300 पौधे, रामनगर मुक्तिधाम क्षेत्र 300 पौधे, राधाबाई कालेज परिसर 300,0 डीडी नगर सेक्टर 4 क्षेत्र 320 पौधे, श्रीराम नगर न्यू चंगोराभाठा 300 पौधे, जोन 8 के सोनडोंगरी डॉग शेल्टर के आसपास का क्षेत्र 330 पौधे, पंचवटी गार्डन 315, बोरियाखुर्द 500 पौधे, डूंडा बस्ती क्षेत्र 320 पौधे इसके अलावा पटेलपारा रांवाभाठा क्षेत्र में 370 पौधे इसी तरह सर्वे में चिंहाकित अन्य चयनित खाली जगहों पर पौधारोपण किया जायेगा।

## अवैध शराब बिक्री पर कार्रवाई नहीं हुई तो जनता करेगी आंदोलन

**रायपुर।** सख्त कार्रवाई कर अवैध शराब बंद कराने की मांग जिला कांग्रेस अध्यक्ष उधोराम वर्मा ने स्थानीय विधायक, पुलिस प्रशासन, आबकारी विभाग से की है। इसी दौरान श्री वर्मा ने बताया कि चुनाव के समय भाजपा ने अवैध दारू बंद करने के बड़े बड़े वादे किए थे, अब इस दिशा में काम क्यों नहीं कर रहे है, अब जिम्मेदारी से क्यों भाग रहे हैं? जनता सब जानती है, यदि अवैध शराब बिक्री पर कार्यवाही नहीं हुई तो जनता आंदोलन के लिए बाध्य होगी।



उन्होंने बताया कि, शासन-प्रशासन ने पहले एक व्यक्ति को 24 पव्वा की छूट देकर अवैध दारू बेचने का मार्ग प्रशस्त किया और अब अवैध शराब का हवाला देकर नई शराब दुकाने खोली जा रही हैं। गांव-गांव में प्रशासन के शह में अवैध दारू बेचने का कार्य किया जा रहा है। पुलिस प्रशासन स्वयं के संरक्षण में अवैध दारू बेचवा रही है और इसकी जानकारी स्थानीय विधायक को भी है। जन प्रतिनिधानियों के संरक्षण बिना क्या यह कार्य संभव है? परंतु गांव वाले जब दाऊ भट्ठी का विरोध करते है तो जनप्रतिनिधि उल्टे गांव वालों को ही अवैध दारू बंद कराने बोलते हैं।

यदि गाँव वालों को ही अवैध शराब बंद करना है तो आबकारी विभाग और पुलिस का क्या कार्य है। सत्ता में बैठे जनप्रतिनिधियों का अवैध दारू बिकवाने में खुला संरक्षण है। आबकारी अमला, पुलिस सभी इनके नियंत्रण में होने के बाद भी बड़ी जिम्मेदारी से अवैध दारू बिकने की दंभ भरते है। अवैध दारू बिकने की जानकारी होने के बाद भी कोई कार्यवाही नहीं होना पूर्ण संरक्षण को दर्शाता है।

## महंत हरिदास त्यागी का पुण्यतिथि आज

**रायपुर।** श्री संकट मोचन वीर हनुमान मंदिर बुद्धेश्वर मंदिर के समाने गुरुवार को महंत हरिदास त्यागी का 14वें पुण्यतिथि मनाई जाएगी। इस अवसर पर सभी मंदिर के महंत और पुजारी शामिल होंगे। यह जानकारी मंदिर के वर्तमान महंत राजेश शर्मा ने देते हुए बताया कि पूजा-अर्चना होने के बाद प्रसाद का वितरण किया जाएगा। इस कार्यक्रम में भारी संख्या में भक्त जन शामिल होंगे।



## तोमर भाइयों के खिलाफ एक और एफआईआर, कारोबारी को 15 लाख देकर वसूले 50 लाख


सूदखोर तोमर ब्रदर्स की 'पाप की कमाई' नापने निगम भी पहुंचा, 10 करोड़ के बंगले को नापा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पुरानी बस्ती थाने में खमतराई, भनपुरी के एक होटल कारोबारी ने सूदखोर वीरेंद्र, उसके भाई रोहित तथा उनके गुर्गों के खिलाफ जबरन वसूली तथा धमकी देने की बुधवार देर शाम रिपोर्ट दर्ज कराई है। कारोबारी ने आरोप लगाया है कि सूदखोर भाइयों ने तीन वर्ष पूर्व उसे कर्ज के रूप में 15 लाख रुपए देकर पिछले वर्ष तक 50 लाख 51 हजार रुपए से ज्यादा वसूली की है।

- पुरानी बस्ती, डीडीनगर, तेलीबांधा में अब तक छह एफआईआर

पुलिस के अनुसार सूदखोर तोमर भाइयों के खिलाफ गजानंद सिंह ने जबरन वसूली, मारपीट तथा धमकी देने की शिकायत दर्ज कराई है। गजानंद ने पुलिस को बताया है कि होटल कारोबार के लिए जरूरत पड़ने पर उसने तोमर भाइयों से संपर्क कर जून 2022 में 15 लाख कर्ज लिया था।

ब्याज सहित मूलधन जमा करने के बाद भी तोमर भाई उससे जबरन मूलधन के साथ ब्याज की राशि बकाया होने की बात कह कर वर्ष 2024 तक रुपए वसूल करते रहे। कारोबारी ने आरोप लगाया है कि सूदखोर तोमर भाइयों का भतीजा दिव्यांश तोमर उसके दो कलेक्शन एजेंट आकाश मिश्रा और योगेश सिन्हा प्रॉपर्टी के पेपर तथा घर के जेवर धमकी देकर जबरन अपने कब्जे में कर लिए।

## स्वामी टेऊंराम महाराज के जन्मोत्सव पर किया रक्तदान

**रायपुर।** आचार्य सद्गुरु स्वामी टेऊंराम महाराज के 139 में जन्मोत्सव के उपलक्ष में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर प्रेम प्रकाश आश्रम शैलेंद्र नगर और सिंधु चेरिटेबल ट्रस्ट की ओर से लगाया गया। इस शिविर में प्रेम प्रकाश पंथ के अनुयायियों ने रक्तदान किया। यह जानकारी कार्यक्रम आयोजक ने देते हुए बताया कि महाराज के जन्मोत्सव के उपलक्ष में पिछले 40 दिनों से चल रहे लगातार इस कार्यक्रम में हर रविवार को पुलाव व शरबत का वितरण किया जा रहा था, लेकिन इस रविवार को विशाल रक्तदान शिविर के साथ-साथ थैलेसीमिया की जांच का भी निशुल्क आयोजन किया गया था तथा शाम के सांस्कृतिक कार्यक्रम में दिल्ली से पधारे भगत दीपक ने विशेष समा बांधते हुए सारी संगत का मनमोह लिया। श्री भगत के कार्यक्रम के बाद बच्चों द्वारा मनमोहक कार्यक्रम भी प्रस्तुत दी। इसी दौरान सोमवार को विशाल ब्राह्मण भोज का आयोजन किया गया। इस ब्राह्मण भोज में भी रायपुर शहर के लगभग ब्राह्मण शामिल हुए भोजन के तत्पश्चात ब्राह्मणों की सेवा की गई व उन्हें पखर प्रसादी से सम्मानित किया गया और शाम को श्री प्रेम प्रकाश ग्रंथ साहिब व श्रीमद् भागवत गीता के पाठों का भोग लगाकर 40 दिन से चल रहे श्री टेऊँराम चालीसा महोत्सव के कार्यक्रम को संपन्न किया गया।



## मोहर्रम पर पानी, सफाई की व्यवस्था निगम आयुक्त ने दिए निर्देश

रायपुर। 6 जुलाई को मोहर्रम के मौके पर नगरनिगम शहर के मस्जिद, इमामबाड़ा सहित शहर के प्रमुख मार्गों में पीने के पानी के लिए टैंकरों की व्यवस्था करेगा। इसके साथ ही संबंधित मार्गों की सफाई ओर प्रकाश की व्यवस्था बनाएगा। निगम आयुक्त विश्वदीप ने विभागीय अधिकारियों को इस आशय के निर्देश दिए। 6 जुलाई को सुबह शाम इमामबाड़ा, पंडरी और मोमिनपारा मस्जिद के पास पानी के टैंकरों की व्यवस्था, जयस्तंभ चौक में 2 टैंकर, राजकुमार कालेज के सामने जुलूस मार्ग पर आवश्यता अनुसार पानी टैंकर की व्यवस्था की जायेगी। जोन कार्यपालन अभियंता शरद ध्रुव को निर्देशित किया है कि संबंधित क्षेत्रों में प्रकाश की व्यवस्था बनाये रखा जाये।

## आबकारी कांस्टेबल भर्ती परीक्षा 27 जुलाई को, निशुल्क कोचिंग 5 से

**रायपुर।** आबकारी कांस्टेबल 200 रिक्त पदों के लिए भर्ती परीक्षा 27 जुलाई को व्यापम द्वारा आयोजित की जा रही है। इस भर्ती परीक्षा के लिए के लिए नूतन स्कूल आरडीए कॉलोनी टिकरापारा में निशुल्क कोचिंग का नया बैच 5 जुलाई से शुरू किया जाएगा। इसमें सिलेबस के आधार पर विशेषज्ञों द्वारा रैपिड राउंड में कोचिंग दी जा रही है। साथ ही मॉडल टेस्ट पेपर कराए जाएंगे। इच्छुक प्रतिभागी शाम 6 बजे से 8 बजे के बीच में नूतन स्कूल टिकरापारा पहुंचकर, अपना पंजीयन करा सकते हैं।



## बिजनेस साइट

### न्यू दिल्ली स्वीट्स : 15 वर्षों से रायपुरवासियों की खुशियों में घोल रहा मिठास, अब समता कॉलोनी में रिनोवेटेड ब्रांच

**रायपुर।** 'न्यू दिल्ली स्वीट्स' नाम आज सिर्फ एक मिठाई दुकान नहीं, बल्कि विश्वास, शुद्धता और स्वाद का पर्याय बन चुका है। बीते 15 वर्षों में इस ब्रांड ने न केवल रायपुर, बल्कि पांच अलग-अलग शहरों में अपनी मिठास फैलाकर ग्राहकों के दिलों में एक खास जगह बनाई है। ब्रांड डायरेक्टर के अनुसार, नई दिल्ली स्वीट्स में उच्च गुणवत्ता वाले मिठाइयां, नमकीन और स्नैक्स उपलब्ध है। हमने दिल्ली के स्वाद को रायपुरवासियों की खुशियों में शामिल किया है। उन्होंने कहा कि आज, न्यू दिल्ली स्वीट्स के पास 15 आउटलेट्स और 500 से अधिक कर्मचारियों की टीम है, जो प्रतिदिन लगभग 5000 ग्राहकों की सेवा करती है। उन्होंने आगे कहा कि हाल ही में ब्रांड ने अपने न्यू रिनोवेटेड ब्रांच को समता कॉलोनी में लॉन्च किया है।



### श्री मेडिशाईन हॉस्पिटल ने पूरे किए 14 गौरवशाली वर्ष

**रायपुर।** श्री मेडिशाईन सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल ने अपनी स्थापना के 14 गौरवपूर्ण वर्ष पूरे कर लिए हैं। आधुनिक तकनीकों और उत्कृष्ट चिकित्सा सेवाओं के लिए पहचाना जाने वाला यह हॉस्पिटल अब मध्य भारत के अग्रणी हाईटेक अस्पतालों में शामिल हो चुका है। हॉस्पिटल प्रबंधन द्वारा 3 जुलाई को स्थापना दिवस के अवसर पर मरीजों के लिए निशुल्क ओपीडी एवं बीएमडी तथा यूरिक एसिड जांच शिविर का आयोजन किया गया है। इसके साथ ही, 3 जुलाई से 3 अगस्त तक रोज़ाना शाम 6 बजे से 8 बजे तक निशुल्क ओपीडी सेवा भी उपलब्ध कराई जाएगी, जो पूर्व पंजीयन के आधार पर दी जाएगी। हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉ. सुशील शर्मा और डायरेक्टर कात्यायनी शर्मा ने जानकारी दी कि अस्पताल में छत्तीसगढ़ की पहली हाइपरबैरिक ऑक्सीजन थेरेपी की सुविधा शुरू की गई थी। साथ ही कंप्यूटर नेविगेशन तकनीक से ब्रेन, स्पाइन और जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी सफलतापूर्वक की जा रही हैं। पिछले एक वर्ष में 18 किडनी ट्रांसप्लांट भी सफलतापूर्वक किए जा चुके हैं। हॉस्पिटल के कार्डियोलॉजी विभाग में कैथलैब की सुविधा उपलब्ध है।



## डॉक्टर डे पर शिवोम विद्यापीठ में हुआ प्रेरणादायक व्याख्यान

### डॉ. सत्यजीत साहू ने विद्यार्थियों को दी स्वास्थ्य सेवा और मूल्यों की प्रेरणा

**रायपुर।** डॉक्टर डे के अवसर पर शिवोम विद्यापीठ, रायपुर में एक प्रेरणादायक और शैक्षणिक व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता डॉ. सत्यजीत साहू उपस्थित रहे, जिन्होंने छात्रों से संवादात्मक शैली में चिकित्सा क्षेत्र की गहराइयों, स्वास्थ्य के महत्व और सेवाभाव जैसे मूलभूत विषयों पर विस्तार से चर्चा की। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंध निदेशक प्रणव शर्मा ने कहा कि सच्चा डॉक्टर वही है जो ज्ञान के साथ करुणा को धारण करता है। उन्होंने डॉक्टर डे के माध्यम से युवाओं में सेवा और समर्पण की भावना को जागृत करने की आवश्यकता पर बल दिया।



## जीएसटी दिवस पर कैट ने जीएसटी कर प्रणाली को सरल बनाए जाने किया आग्रह

**रायपुर।** कैट के प्रतिनिधिमंडल ने जीएसटी दिवस के 8 वर्ष पूरे होने पर केन्द्रीय जीएसटी कमिश्नर महावीरप्रसाद मीणा से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने उनसे आग्रह करते हुए जीएसटी कर प्रणाली को सरल बनाये जाने की गुजारिश की।

- केन्द्रीय जीएसटी कमिश्नर से की मुलाकात

प्रतिनिधिमंडल के कैट के राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन अमर पारवानी, प्रदेश एक्सक्यूटिव चेयरमैन जितेन्द्र दोशी, प्रदेश अध्यक्ष परमानंद जैन, प्रदेश महामंत्री सुरिंदर सिंह एवं प्रदेश कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल शामिल रहे।

जीएसटी दिवस के 8 वर्ष पूर्ण होने पर कैट के एक प्रतिनिधिमंडल ने महावीर प्रसाद मीणा, आडिट कमिश्नर, डॉ. अशोक कुमार पाण्डेय, अपील आयुक्त, सुधाकर पांडे , आडिट अतिरिक्त कमिश्नर, सचिन पी. आर.जी, कार्यकारी अतिरिक्त कमिश्नर, अमित चौधरी, कार्यकारी संयुक्त कमिश्नर एवं डॉ. बुरा नागा संदीप, कार्यकारी संयुक्त कमिश्नर केन्द्रीय जीएसटी एवं उत्पाद शुल्क कमिश्नर से मुलाकात कर हार्दिक बधाई दी।



कैट ने राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन अमर पारवानी ने कहा कि छत्तीसगढ़ ने 4,135 करोड़ का जीएसटी संग्रहण कर देश के शीर्ष 15 राज्यों की सूची में अपनी जगह बनाई है। जीएसटी संग्रहण के मामले में छत्तीसगढ़ ने केरल पंजाब, और बिहार जैसे बडे. राज्यों को भी पीछे छोड़ दिया है। राज्य में जिस तरह से आर्थिक प्रगति हुई है, यह उपलब्धि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा व्यापार और उद्योग क्षेत्र में किए गए सशक्त सुधारों का प्रतिफल है। साथ ही छत्तीसगढ़ के 12 लाख व्यापारियों का विश्वास है एवं व्यापारी प्रदेश सरकार के साथ मिलकर विकसित छत्तीसगढ़ के लिए संकल्पित हैं।



हरिभूमि लाइव
रायपुर, गुरुवार 3 जुलाई 2025
Email id- zindgi.live.hb@gmail.com
0771- 4242222, Message at - 9630172937


02
सावन के लिए अब सजने लगे शिवालय....

## लाइव इवेंट

## डॉक्टरों का सम्मान कर चिकित्सा क्षेत्र में दिए योगदान को सराहा



**रायपुर।** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन मेडिकल स्टूडेंट्स नेटवर्क द्वारा पंडित जवाहरलाल नेहरू मेमोरियल मेडिकल कॉलेज में आईएमए-एमएसएन कॉलेज बॉडी शपथ ग्रहण समारोह एवं आईएमए हेल्थकेयर अवॉर्ड्स 2025-26 का आयोजन हुआ। नेशनल डॉक्टर्स-डे के अवसर पर आयोजित इस समारोह में शपथ ग्रहण एवं आईएमए हेल्थकेयर अवॉर्ड्स का वितरण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जैसवाल रहे। वहीं, विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. विमल चोपड़ा, पूर्व विधायक महासमुंद एवं अध्यक्ष, भाजपा मेडिकल प्रकोष्ठ उपस्थित रहे। कार्यक्रम में पंडित जेएनएम मेडिकल कॉलेज के वरिष्ठ डॉक्टरों का सम्मान कर उनके चिकित्सा क्षेत्र में दिए गए अद्वितीय योगदान को सराहा गया।

### आईएमए-एमएसएन कॉलेज बॉडी शपथ ग्रहण

सम्मान समारोह का नेतृत्व आईएमए -एमएसएन छत्तीसगढ़ प्रदेश टीम द्वारा किया गया। इसमें विमल कांत खरे राज्य संयोजक, शाहदिल खुर्शू राज्य सह-संयोजक एवं चैतन्य गर्ग राज्य सचिव थे। आईएमए-एमएसएन पंडित जेएनएम कॉलेज बॉडी 2025-26 ने चिकित्सा सेवा, नैतिकता, नेतृत्व व समाज सेवा की शपथ ली। इस विशेष अवसर पर कई विशिष्ट अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। डीन डॉ. विवेक चौधरी, डॉ. संतोष सोनकर एमएस, डॉ. विनोद तिवारी, डॉ. नीरज शर्मा, डॉ. पूनम चंद्राकर, डॉ. सुरेन्द्र, डॉ. नितिन जुनेजा एवं शिक्षिका डॉ. कुलदीप सोलंकी मुख्य रूप से आयोजन का हिस्सा रहे।

### नए डॉक्टर्स को किया प्रेरित

*कार्यक्रम ने न केवल डॉक्टर्स-डे की गरिमा को बढ़ाया, बल्कि युवा मेडिकल छात्रों में सेवा, समर्पण एवं नेतृत्व की भावना को भी सशक्त किया। आईएमए-एमएसएन के माध्यम से यह आयोजन भावी चिकित्सकों को प्रेरित करता है कि वे चिकित्सा क्षेत्र की गरिमा बनाए रखें और समाज की सेवा में अग्रणी भूमिका निभाएं।*



## सिटी इवेंट

## सर्व शिक्षा में सहभागिता निभाने वितरित की गई लेखन सामग्री



रायपुर। शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए अब अलग-अलग समाज के लोग भी सहभागिता निभाने लगे हैं। इस श्रृंखला में कन्नौजिया साहू समाज जन कल्याण समिति ने भी भारत सरकार द्वारा लागू सर्व शिक्षा अभियान को बढ़ावा देने शासकीय हाई स्कूल बोरियाखुर्द में लेखन पुस्तिका का वितरण किया। इससे स्कूल कैम्पस में उत्साह का माहौल था। शाला की ओर से प्राचार्य, प्रधान पाठक एवं शिक्षा समिति के अध्यक्ष राजेन्द्र साहू उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जगदीश प्रसाद साहू ने की। कार्यक्रम सचिव आशीष साहू, सतीश कुमार साहू, उमाशंकर साहू के संरक्षण में किया गया। शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए सर्व शिक्षा अभियान से जुड़कर समाज के लोगों ने विद्यार्थियों को लेखन पुस्तिका का वितरण किया।

### शिक्षा में सहयोग के लिए समिति की पहल

मंचस्थ प्रमुखों ने छत्तीसगढ़ शासन, स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा निःशुल्क पाठ्य पुस्तक योजना के माध्यम से अध्ययन करने वाले विद्यार्थियों के बीच जरूरी अध्ययन सामग्री उपलब्ध करवाई गई। छात्र-छात्राओं को निःशुल्क पाठ्य पुस्तक उपलब्ध करवाते हुए उन्हें विद्यालीन शिक्षा के लिए प्रेरित किया। इसी तर्ज पर समिति द्वारा अध्ययन करने वाले 205 छात्र-छात्राओं को लेखन पुस्तिका वितरित करके उन्हें शिक्षा के लिए प्रेरित करने एक प्रयास किया गया। समिति के सदस्य विवेक साहू, सुरेश साई, अरुण साहू, राजेश साहू ने आयोजन को सफल बनाने में सहयोग किया।

● प्राइवेट प्ले स्कूल की तर्ज पर सरकारी स्कूल कैंपस में एक सहायक शिक्षक, कार्यकर्ताओं की देखरेख में किया जा रहा संचालित

# बालवाड़ी से पहली कक्षा की तैयारी, 5 से 6 साल के बच्चे खेल-खेल में सीख रहे नए गुर

**बालवाड़ी स्कूल, निजी प्ले स्कूलों की तर्ज पर छोटे बच्चों में फ्री उच्च प्राथमिक शिक्षा विकसित करने में सबसे कारगर प्रयास साबित हो रहा है। यहां पर 5 से 6 वर्ष तक के बच्चों को 7 वर्ष पूर्ण होने तक पहली कक्षा के लिए तैयार किया जा रहा है। इसके लिए इन छोटे बच्चों को प्राथमिक शाला की एक सहायक शिक्षक की देखरेख में खेल-खेल में उनमें अक्षर ज्ञान के साथ-साथ रचनात्मक व व्यावहारिक ज्ञान विकसित किया जा रहा है। यह अब तक की शिक्षा विभाग की ओर से प्राथमिक शिक्षा के सुधार की दिशा में किए जाने वाले सबसे यूनिक पहल में से एक मानी जा रही है।**

**रायपुर।** क्योंकि, निजी शिक्षा व्यवस्था में प्ले स्कूल, नर्सरी कक्षाओं की शुरुआत से नवाचार ने बड़ी संख्या में प्राथमिक शिक्षा को लेकर बच्चों के पैरेंट्स को अपनी ओर आकर्षित किया है। ऐसे में सरकारी प्राथमिक शिक्षा में सुधार को लेकर सवाल खड़े होने लगे थे। नई शिक्षा नीति के तहत बालवाड़ी स्कूल की शुरुआत ने आम नागरिकों में सरकारी प्राथमिक शिक्षा की गुणवत्ता को लेकर सकारात्मक माहौल बनाने में मददगार साबित हुआ है। अब बड़ी संख्या में पैरेंट्स अपने बच्चों को बालवाड़ी स्कूल भेज रहे हैं, जहां प्राइवेट प्ले स्कूलों की तरह ही बेहतर माहौल व आधुनिक लर्निंग सिस्टम के साथ बच्चों में रचनात्मक, बौद्धिक, व्यावहारिक, शारीरिक विकास से जुड़ी ज्ञान का विकास किया जा रहा है। जिले के ऐसे ही कुछ शासकीय स्कूल जहां बालवाड़ी स्कूल संचालित किया जा रहा है, इनमें बच्चों को दी जा रही इनोवेटिव एजुकेशन व माहौल की हरिभूमि की टीम द्वारा लाइव रिपोर्टिंग की गई।



### टीवी स्क्रीन, प्ले जोन, लर्निंग कार्नर, लाइब्रेरी जैसी सुविधाएं

शासकीय प्राथमिक शाला संजय नगर की बालवाड़ी स्कूल की कक्षा में जैसे ही प्रवेश किया तो पाया कि कक्षा की दीवार पर पढ़ाई के लिए टीवी स्क्रीन, गिनती व अक्षर लर्निंग पहाड़ बोर्ड, कलर कार्नर, कलरफुल स्टडी टेबल, फैन जैसी आधुनिक सुविधायुक्त माहौल के साथ पिसलपट्टी व पजल्स गेम खेलते, ड्राइंग व बुक रिडिंग, गिनती, अक्षर ज्ञान करते बच्चे दिखे। बालवाड़ी स्कूल की प्रभारी शिक्षिका तबस्सुम बेगम ने बताया कि सुबह 9 से 11 बजे तक दो घंटे बालवाड़ी स्कूल में पंजीकृत बच्चों को खेल-खेल में कविताएं, रंगों की पहचान, गिनती, अक्षरों और व्यावहारिक ज्ञान सिखाया जा रहा है। वर्तमान में 10 बच्चे बालवाड़ी स्कूल में पंजीकृत हुए हैं। अभी प्रवेश चल रहा है। तीन साल पहले 5 सितंबर 2022 से बालवाड़ी की शुरुआत हुई थी। इस बालवाड़ी स्कूल में शिक्षा विभाग की ओर से बच्चों के लिए गिनती, अक्षर ज्ञान व शारीरिक, रचनात्मक विकास से संबंधित खिलौने, पुस्तक उपलब्ध कराया गया है। साथ ही आधुनिक शिक्षा से जोड़ने वाई-फाई कनेक्टेड टीवी स्क्रीन भी बच्चों के लिए उपलब्ध कराया गया है।





### शासकीय प्राथमिक शाला भाठागांव

बालवाड़ी स्कूल भाठागांव की प्रभारी शिक्षिका आरती ठाकुर ने बताया कि 2022 से स्कूल परिसर में बालवाड़ी संचालित हो रहा है। उनके बालवाड़ी केंद्र में पिछले सत्र में 24 बच्चे थे। इस सत्र में अब तक 10 बच्चों ने प्रवेश लिया। प्रवेश जारी है। ऐसे में बच्चों की संख्या बढ़ने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि बालवाड़ी एक तरह से बच्चों के मानसिक, शारीरिक, व्यावहारिक ज्ञान के लिए शिक्षा विभाग की सबसे अच्छी पहल है। हमारे बालवाड़ी स्कूल में सुबह 9 से 11 बजे तक बच्चों को म्यूजिकल केकटस, पजल्स गेम, वाटर गेम, डॉल्स आदि खिलौनों के साथ खेल-खेल में गिनती, अक्षर को पहचानने, लिखने, बोलने, ड्राइंग से चित्रकारी करने, बालेकर व डांस करके कविता पढ़ने सिखाया जाता है।





### जिले के करीब 150 स्कूलों में संचालित हो रही

जिला शिक्षा विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक जिले के 150 से अधिक प्राथमिक स्कूलों में बालवाड़ी स्कूल का संचालन किया जा रहा है। जहां विभिन्न प्रकार की रचनात्मक गतिविधियों से बच्चों को आगे की प्राथमिक कक्षा के लिए तैयार किया जा रहा है। वहीं, राज्य में 5 सितंबर 2022 में पहले चरण में 5,173 बालवाड़ियों के साथ योजना का शुभारंभ किया गया था। 2023 में दूसरे चरण में 4,318 नई बालवाड़ियों की शुरुआत की गई, जिससे कुल बालवाड़ियों की संख्या और बढ़ गई है। यह योजना बच्चों के प्रारंभिक वर्षों में ही सीखने की नींव मजबूत करने पर केंद्रित है। क्योंकि, वैज्ञानिकों के अनुसार मनुष्य के मस्तिष्क का 85 प्रतिशत विकास बाल्यावस्था में ही हो जाता है।

# सभी की सहमति से पंजाबी वीमेन्स ने संस्कृति को सहेजने का लिया संकल्प

रायपुर। पंजाबी वीमेन वेलफेयर एंड कल्चरल सोसायटी ने 31वें वर्ष में प्रवेश किया। इसके साथ ही नई कार्यकारिणी की घोषणा के साथ ही प्रेसीडेंट के पद पर गुरनीत कौर छाबड़ा, सेक्रेटरी सिमरन कौर कोहली को नई जिम्मेदारी मिली। इसके साथ ही सतनाम कौर को कोषाध्यक्ष का दायित्व दिया गया। बोर्ड ऑफ डायरेक्टर और वर्किंग कमेटी के सदस्य इस आयोजन का विशेष रूप से हिस्सा बने। संस्था की अध्यक्ष गुरनीत कौर छाबड़ा ने बताया कि सभी की सहमति से वर्षभर संस्कृति को सहेजने के लिए आयोजन किए जाएंगे। इनमें लोहड़ी, बैसाखी, दीपावली और पंजाबी विरासत से भी समाज की महिलाओं को जोड़ने का प्रयास किया जाएगा।







### जरूरतमंदों की मदद करने समाज को करेंगी प्रेरित

इसके लिए समाज के सभी वर्गों को होने वाले आयोजनों का हिस्सा बनाया जाएगा। संस्था के वर्षगांठ को आकर्षण का केन्द्र बनाने के लिए महिलाओं ने उत्साह से सहभागिता निभाई। महिलाओं ने विभिन्न गेम, हाउजी का आनंद उठाया। संस्था का उद्देश्य समाज की महिलाओं को एकजुट करना और पारिवारिक काम से समय निकाल कर समाज सेवा और जरूरतमंदों की मदद करने के लिए समाज को प्रेरित करना भी है। सभी सदस्यों ने प्रेसीडेंट गुरनीत कौर छाबड़ा एवं उनकी टीम को बधाई देते हुए संस्था को आगे बढ़ाते में हरसंभव सहयोग देने का भरोसा दिलाया। आयोजन में कार्यकारिणी ने भी नई करने का भरोसा दिलाया।

# अग्रसेन कॉलेज ने मनाया 23वां स्थापना दिवस, चार छात्रों से हुई थी शुरुआत

**रायपुर।** पुरानी बस्ती स्थित अग्रसेन महाविद्यालय के 23वां स्थापना दिवस पर सभागार का आयोजन किया गया। इस दौरान अग्रसेन कला केंद्र के ग्रीष्मकालीन शिविर प्रतियोगिता में भाग लेने वाले विजेता प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र और पुरस्कार से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के निदेशक डॉ. वीके अग्रवाल ने किया। उन्होंने कहा कि संस्थान की शुरुआत से लेकर अबतक प्राध्यापकों ने विकास के क्षेत्र में सहयोग किया है। जिनके प्रयास से ही यह सफल हो सका। स्थापना दिवस समारोह के मुख्य अतिथि रविवि के पूर्व कुलपति डॉ. एसके पाण्डे थे। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय ने दो दशकों की यात्रा तय की है। यह यात्रा संस्थान के आधारशिला की मजबूती दर्शाती है।



### समर कैंप के विजेता प्रतिभागियों का सम्मान

विशिष्ट अतिथि अग्रवाल समाज के केंद्रीय इकाई के अध्यक्ष अनुराग अग्रवाल ने कहा, जिन्होंने महाविद्यालय की शुरुआत से अभी तक साथ दिए और इतना लंबा सफर तय किया सभी को बधाई। अग्रसेन शिक्षण समिति के कोषाध्यक्ष अजय दानी ने बताया कि बीकॉम के चार छात्रों से प्रवेश शुरू किया गया। इस यात्रा में कॉलेज ने 15 विषयों के साथ 700 से अधिक छात्रों को प्रशिक्षण दिया, जो वर्तमान में बड़ी संस्थाओं के साथ मिलकर कार्य कर रहे हैं। कार्यक्रम में डॉ. शोभा अग्रवाल, अभिनव अग्रवाल, डॉ. मधुलिका अग्रवाल, सुनील अग्रवाल, अनुपम अग्रवाल समेत अन्य विभाग के प्राध्यापक और छात्र उपस्थित रहे।

## आर्थिक समृद्धि में गृहणी भी निभा रही हैं सहभागिता

# परिवार संभालने के साथ ही घर चलाने में सहयोग देने महिलाएं बेकरी, टिफिन सेंटर से कर रहीं कमाई

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** शिक्षित महिलाएं अब परिवार के दायित्वों का निर्वहन करने के साथ ही घर चलाने में भी सहभागी बनने लगी हैं। आर्थिक समृद्धि और महंगाई के दौर में बेहतर जीवन के लिए आपसी सहयोग से ऐसी महिलाएं अलग-अलग ग्रुप से जुड़कर काम करते हुए हर महीने 20 से 40 हजार रुपए तक कमा रही हैं। इस तरह से वे आर्थिक समृद्धि के लिए परिवार के लोगों की मदद करने के लिए भी तत्परता दिखा रही हैं। महिलाओं का मत है कि परिवार और बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए महिलाओं का आत्मनिर्भर बनना जरूरी है, ताकि बुरे वक्त में घर की जरूरतों को पूरा कर सकें। ऐसी गृहणियों ने घर पर लघु व्यवसाय शुरू किया है। महिलाओं का मनोबल बढ़ाने परिवार के लोग भी उनकी मदद करते हैं। महिलाओं ने बताया कि क्लाउड किचन, बेकरी, टिफिन, बुटिक और होम मेड फूड से काम प्रारंभ किया।



### टिफिन सर्विस के साथ संभाल रही घर

अब हर महीने स्वयं के खर्च के लिए वह दूसरों पर निर्भर नहीं रहती। बरखा बोथरा ने बताया कि इन दिनों लोग हेल्दी और घर का भोजन करना पसंद करते हैं। ऐसे में लोगों की जरूरतों को देखते हुए ही लगभग 2-3 साल से बेकरी और टिफिन सर्विस का काम शुरू किया है। इससे अब हर महीने लोगों तक हेल्दी और स्वादिष्ट टिफिन पहुंच रहा है। आत्मनिर्भर बनने की इच्छाशक्ति ने हर हाल में मनोबल बढ़ाया। अब घर की जिम्मेदारियों के साथ ही व्यवसाय भी संभाल रहीं और इससे रोजगार भी दे रही हैं।

### महिलाएं हर महीने कमा रहीं 20-25 हजार

कोविड के बीच लोगों की डिमांड पर घर पर नमकीन, चायनीज, नास्ता और टिफिन सर्विस शुरू किया। अब महीने का 20-25 हजार रुपए तक कमाई हो रहा है। गृहणी खुशबू मानिक ने बताया कि पति की नास्ता और नमकीन की दुकान है, जहां मदद करते हुए खुद का व्यवसाय शुरू किया। जहां गुजराती, मराठी, छत्तीसगढ़ी, जैनी जैसे स्वाद अनुसार लोगों का ऑडर लेना शुरू किया। अब घर खर्च में मेरी कमाई का एक हिस्सा जाता है, जो खुशी देता है। ऐसे में भविष्य में क्लाउड किचन शुरू करने की इच्छा है।



### घर खर्च में मदद करने सिलाई प्रशिक्षण से शुरुआत



लीला साहू ने बताया कि सिंगल पैरेंट होने के कारण साल 1996 में बच्चों को सिलाई सिखाने से काम की शुरुआत की। जब बच्चों की पढ़ाई और घर की जवाबदारी का जिम्मा मेरे कंधों पर सौंपा गया, तब काम करना शुरू किया। सिलाई प्रशिक्षण और बुटिक से घर खर्च में मदद कर रही। अब परिवार की जिम्मेदारी के लिए हर माह 40-50 हजार रुपए की कमाई स्वयं के व्यवसाय से कर रही हैं।

आराधना

## शक्तिपीठ में मंगल कलश का स्वागत रायपुर जिले में पांच से दर्शन देगा रथ



**रायपुर।** अखिल विश्व गायत्री परिवार 2026 में धूमधाम से हरिद्वार में माताजी का जन्म शताब्दी वर्ष मनाने की तैयारी में है। इसके लिए ज्योति कलश रथ देश के अलग-अलग शहरों के लिए रवाना किया गया है। मंगल कलश रथ अलग-अलग स्थान से होते हुए गायत्री शक्तिपीठ समता कॉलोनी रायपुर में बुधवार को पहुंचने पर शक्तिपीठ से जुड़े गायत्री परिजनों ने मंगल कलश की पूजा-पाठ करते हुए भव्य स्वागत किया। मंगल कलश रथ छत्तीसगढ़ के बलौदा बाजार जिले का भ्रमण करते हुए रायपुर पहुंचा है। शक्तिपीठ के मीडिया प्रभारी आरके शुक्ला ने बताया कि छत्तीसगढ़ के अलग-अलग जिलों में मंगल कलश यात्रा ने भ्रमण किया। वहीं, गायत्री शक्तिपीठ समता कॉलोनी में मंगल कलश का भव्य स्वागत किया गया।

### परिजनों ने विधि विधान से की अगवानी

गायत्री परिव्राजकों और परिजनों ने मंगल कलश रथ का विधि-विधान से अगवानी किया। आरके शुक्ला ने बताया कि मंगल कलश रथ दो दिन शक्तिपीठ में रहेगा। जहां भक्त मंगल कलश का दर्शन लाभ ले सकते हैं। पांच जुलाई को कुशालपुर प्रज्ञा पीठ से मंगल कलश यात्रा रथ की शुरुआत होगी, जो रायपुर महानगर के अलग-अलग क्षेत्र में लोगों के बीच गुरुदेव पं. श्रीराम शर्मा आचार्य के जीवन आदर्श को जन-जन तक पहुंचाने का काम करेगा। साथ ही मंगल कलश रथ में माताजी के जन्म शताब्दी से संबंधित जानकारी दी जाएगी।

धर्म लाइव

## मल्हार राग की धुन पर कृष्ण भक्ति में कीर्तन करेंगे श्रद्धालु





**रायपुर।** शहर के राधा-कृष्ण मंदिरों में 12 जुलाई से हिंडोला महोत्सव का शुभारंभ किया जाएगा। मंदिरों में बाल स्वरूप श्री कृष्ण के लिए हिंडोला सजाया जाएगा। इस दौरान फल, फूल, आभूषण, रंग-बिरंगे पोशाक और विविध सामग्रियों से हिंडोला को सजाया जाएगा। इस मौके पर दर्शन के लिए सैकड़ों भक्तों की भीड़ मंदिर परिसर में शामिल होंगी। एक माह के हिंडोला उत्सव में रोजाना संध्या आरती के बाद मल्हार राग पर कृष्ण भक्त कीर्तन का आयोजन करेंगे, जहां बाल स्वरूप कृष्ण लीला का वर्णन किया जाएगा।

### हिंडोला महोत्सव से पहले मंदिरों में तैयारी शुरू

सदर बाजार स्थित गोपाल मंदिर में 12 जुलाई से 11 अगस्त तक हिंडोला महोत्सव मनाया जाएगा। प्रारंभ के दो दिन सुरंग महोत्सव विशेष रहेगा। जिसमें भगवान की प्रतिमाओं को श्वेत रंग के पोशाक से श्रृंगार किया जाएगा। वहीं, बूढ़ातालाब स्थित गोकुलचंद्रा मंदिर में हिंडोला उत्सव के पहले और दूसरे दिन मंदिर परिसर को लाल रंग की वस्तुओं से सजाया जाएगा। महोत्सव के दौरान लाल रंग में झूला, श्री कृष्ण के पोशाक, श्रृंगार सामग्री और मंदिर परिसर को विशेष एक ही रंग से सजाया जाएगा। तीसरे दिन राजभोग और तिलक दर्शन की तैयारी हो रही है। रोजाना शाम 5:30 बजे श्रद्धालुओं को दर्शन करने का मौका मिलेगा। गिरिराज मंदिर में शाम संध्या आरती के बाद भजन-कीर्तन का विशेष आयोजन हिंडोला महोत्सव के दौरान किया जाएगा, जहां श्रद्धालु मल्हार राग में कीर्तन करेंगे।

● राजधानी के कई शिवालयों में थीम तय, कुछ मंदिरों में गुरु पूर्णिमा पर तय होगी सोमवार की थीम

# सावन के लिए अब सजने लगे शिवालय, चांदी के आभूषणों और गणपति थीम पर होगा श्रृंगार

'सावन के इस सीजन का शुभारंभ 11 जुलाई को होने के बाद पहले सोमवार यानी 14 जुलाई से उत्सव का माहौल शिवालयों में बनने वाला है। सावन में चार सोमवार मिलने की वजह से कांवरियों का दल भी पहले सोमवार से ही महादेव घाट पहुंचने वाला है। इसे देखते हुए वहां तैयारी का सिलसिला शुरू हो गया है। रंगीन रोशनी से सजाने का सिलसिला शुरू हो गया है। इतना ही नहीं, पहले सोमवार को दर्शन के लिए आने वाले भक्तों को महादेव किस श्रृंगार में नजर आएंगे यह भी तय करने लगे हैं। कई मंदिरों में यह प्रक्रिया गुरु पूर्णिमा पर की जाएगी।'



**रायपुर।** शहर के महादेव घाट स्थित हाटकेश्वर नाथ मंदिर को आकर्षक लुक दिया जा रहा है। रंगाई और पोताई के बाद झालर लाइट लगाने का सिलसिला जारी है। सावन उत्सव के लिए मंदिर भी सज चुका है। कांवर लेकर आने वाले कांवरियों के लिए अलग से व्यवस्था की गई है। सेवा को सुचारू रूप से चलाने के लिए शिव भक्तों को जिम्मेदारी दी गई है। इस बार कांवरियों का जत्था पहले सोमवार से ही शिवालयों में अभिषेक का संकल्प लेकर पहुंचेंगे। इसे देखते हुए बिलासपुर मार्ग पर स्थित बंजारेश्वर महादेव में भी सजाने-संवारने और रंगीन लाइटों से रोशन करने की प्रक्रिया जारी है। यहां हर साल सावन में दूर-दराज से दर्शन का पुण्य लाभ लेने हजारों की तादाद में श्रद्धालु पहुंचते हैं। ऐसी ही पं. रविशंकर शुक्ल विश्व विद्यालय परिसर स्थित बंजारी और शिव मंदिर में दर्शन के लिए पहुंचने वाले भक्तों का क्रम भी चलता है।

### बंजारेश्वर धाम में उत्सव की तैयारी

इस सावन को खास बनाने के लिए रावांभाठा स्थित श्री बंजारेश्वर धाम को आकर्षक स्वरूप देने की तैयारी है। मंदिर के प्रमुख हरीश भाई जोशी ने बताया कि सुविधा के लिहाज से आने वाले श्रद्धालुओं- कांवरियों के लिए अलग-अलग व्यवस्था की गई है। अभिषेक के लिए आने वाले श्रद्धालुओं के लिए अलग से दल तय किया जाता है, जो आने वाले कांवरियों को अभिषेक करने में सहयोग करते हैं। हर साल सावन में भक्तों की भीड़ बढ़ने से मंदिर क्षेत्र में महीनेभर मेला उत्सव का माहौल बनता है। लिहाजा, सुरक्षा के लिए पुलिस बल का सहयोग भी मिलता है।





### थीम बेस्ड महादेव का भव्य श्रृंगार

महादेव घाट स्थित हाटकेश्वर नाथ के संदर्भ में महंत सुरेश गिरी गोस्वामी ने बताया कि महादेव का गर्भ गृह सजाने-संवारने का सिलसिला सावन का आगाज होते ही शुरू हो जाएगा। यहां सावन में रविवार और सोमवार को भक्तों का मेला लगता है। दिनभर दर्शन व अभिषेक करने वाले भक्तों का भी तांता लगता है। इस साल महादेव घाट के आस-पास वाले क्षेत्र में निगम ने व्यवस्था बहाली के लिए जायजा लिया है। इस बार भी सुरक्षा के लिहाज से पुलिस बल का सहयोग लिया जाएगा। इस सावन के पहले सोमवार को महादेव को गणेश के स्वरूप में सजाने की तैयारी है। इसके लिए पदाधिकारियों को जिम्मेदारी दी जाएगी।



### आभूषणों से सजे महादेव देंगे दर्शन

मठपारा क्षेत्र में स्थित श्री हर नीलकंठेश्वर मंदिर में इस बार भी मंदिरों को रंगीन लाइटों से सजाने के साथ ही दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए तिरपाल सजाने की तैयारी है। भगवान का पहले सोमवार को चांदी के आभूषणों से श्रृंगार किया जाएगा। इसके साथ ही सावन के पहले रविवार से ही श्रद्धालुओं को पूजा और अभिषेक की सुविधा देने के लिए व्यवस्थागत तैयारी करने की जानकारी मंदिर समिति के प्रमुख मनोज वर्मा ने दी। उन्होंने बताया कि हर सोमवार को श्रद्धालुओं को श्रृंगार दर्शन का लाभ मिलेगा। नीलकंठेश्वर महादेव अलग ही स्वरूप में पहले सोमवार को भक्तों को दर्शन देंगे।

### पारंपरिक तरीके से होगी पूजा-अर्चना

पुरानी बस्ती स्थित बूढ़ेश्वर महादेव मंदिर की रंगाई-पोताई का दौर जारी है। यहां सावन के पहले सोमवार को ही सुबह साढ़े पांच बजे महादेव को पंचामृत स्नान कराया जाएगा। इसके बाद भस्म आरती में भक्त शामिल होंगे। हर साल की तरह पारंपरिक विधि से ही पूजा-पाठ और श्रृंगार किया जाएगा। इससे पहले मैनेजिंग ट्रस्टियों ने मंदिर का साज-श्रृंगार शुरू किया है। सोमवार को शिव का विशेष श्रृंगार की रूपरेखा बनाई जाएगी ।

## साध्वी के मंगल प्रवेश पर शोभायात्रा, जिन शासन की रही गूंज, किया भव्य स्वागत

**रायपुर।** चातुर्मास के लिए अलग-अलग आयोजन स्थलों पर अब जैन मुनियों और साध्वियों का आगमन शुरू हो गया है। सदर बाजार जैन मंदिर से एमजी रोड स्थित दादाबाड़ी तक भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में गुरु भक्ति और जिन शासन के जयकारों से वातावरण गूंज उठा। जगह-जगह समाजजनों ने स्वागत किया। महिलाएं सिर पर मंगल कलश धारण करके शोभायात्रा के साथ चल रही थीं। शोभायात्रा दादाबाड़ी पहुंचने पर संतों का मंगल प्रवेश हुआ। महिलाओं ने भक्ति गीतों से संतों का स्वागत किया। श्रीसंघ ने संतों से आशीर्वाद प्राप्त किया। मंगल प्रवेश उपाध्याय प्रवर महेंद्र सागर और उपाध्याय मनीष सागर के सान्निध्य में किया गया। धर्मसभा में साध्वी हसंकीर्ति श्रीजी ने प्रेरक प्रवचन दिया।



### चातुर्मास का लाभ मिलना सौभाग्य की बात

शहर के एमजी रोड स्थित जैन मंदिर और दादाबाड़ी में रहा भक्तिमय माहौल

ऋषभदेव मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष विजय कांकरिया, श्याम सुंदर बैदमुथा, प्रकाशचंद मालू और संतोष बैद ने कहा कि रायपुर श्रीसंघ को चातुर्मास का लाभ मिलना सौभाग्य की बात है। चार महीने साध्वी का मार्गदर्शन, तप और आराधना का लाभ समाज को मिलेगा। इसमें अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष अमरजीत छाबड़ा विशेष अतिथि के रूप में शामिल हुए। श्रीसंघ द्वारा उनका शॉल और श्रीफल से सम्मान किया गया।

### सदर बाजार जैन मंदिर से निकलेगा वरघोड़ा

*विवेकानंद नगर श्री ज्ञान वल्लभ उपाश्रय में चातुर्मास के लिए उपाध्याय प्रवर मनीष सागर का मंगल प्रवेश गुरुवार को होगा। इससे पहले सुबह 7.30 बजे सदर बाजार जैन मंदिर से भव्य वरघोड़ा यात्रा निकाली जाएगी। चतुर्विद संघ की अगवानी में निकलने वाली इस शोभायात्रा में बड़ी संख्या में लोग शामिल होंगे। कोतवाली चौक से महिला थाना चौक होते हुए संत और समाज के लोग विवेकानंद नगर पहुंचेंगे। जगह-जगह चावल आटे की गवली सजाकर संतों का स्वागत किया जाएगा। चातुर्मास समिति के अध्यक्ष श्यामसुंदर बैदमुथा, कार्यकारी अध्यक्ष पुखराज मुणोत और मीडिया प्रभारी चंद्रप्रकाश ललवानी ने यह जानकारी दी।*

## रोटरी क्लब क्वीन्स ने 'रक्त अमृत' थीम पर मरीजों का जीवन बचाने किया रक्तदान



**रायपुर।** थैलेसीमिया और सिकलसेल जैसी बीमारी का सामना करने वाले बच्चों और युवाओं का जीवन बचाने के लिए रोटरी क्लब ऑफ रायपुर क्वीन्स, रोटरी क्लब ऑफ रायपुर रॉयल्स और काश फाउंडेशन की पहल पर भव्य रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इसका संचालन रोटेरियन काजल सचदेव के सहयोग से किया गया। 'रक्त अमृत' थीम पर रक्तदान शिविर का आयोजन सचदेव भवन (धर्मशाला) रमण मंदिर वार्ड, फाफाडीह में किया गया। रोटरी क्लब क्वीन्स की अध्यक्ष दीपिंदर कौर रेहल, सचिव प्रभजीत कौर भाटिया एवं चेयरपर्सन काजल सचदेव और रोटरी क्लब रॉयल्स के अध्यक्ष डॉ. नवीन बागरेचा, सचिव अमित खंडेलवाल के साथ ही चेयरपर्सन इरफान बुखारी के मार्गदर्शन में इस आयोजन को किया गया।

### शिविर से रोगियों को बचाने में मिलेगी मदद

सुबह 10 से शाम 4 बजे के बीच अलग-अलग क्षेत्र से आए रक्तदाताओं के सहयोग से कुल 70 यूनिट रक्त का संग्रह किया गया। इससे थैलेसीमिया ग्रसित बच्चों के उपचार में सहयोग मिलेगा। ब्लड बैंक जयदीप द्वारा सभी रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। रोटरी क्वीन्स द्वारा रक्तदाताओं को छाता भेंट करते हुए सराहना के साथ कृतज्ञता व्यक्त की गई। रोटरी सदैव मानता है कि सेवा ही सच्चा धर्म है और थैलेसीमिया जैसी बीमारी से लड़ने के लिए सामूहिक प्रयास ही एकमात्र उपाय है। इस आयोजन को सफल बनाने में रोटेरियन अनीता अग्रवाल, आशा सिंघानिया, डॉ. ऋषा बागरेचा, खुशबू मोटवानी, नीरजा अग्रवाल, निशा अग्रवाल ने सहयोग दिया।

## राम-जानकी मंदिर से निकली कलश यात्रा, आज होगा प्राण-प्रतिष्ठा समारोह



### सुबह से मंदिर में शुरू होगा मंत्रोच्चार

आयोजकों ने बताया कि गुरुवार को सुबह 10 बजे से विद्वान पुरोहितों और आचार्यों की अगवानी में भगवान राम और माता जानकी की प्रतिमा का प्राण-प्रतिष्ठा समारोह किया जाएगा। दिनभर चलने वाले समारोह की अंतिम कड़ी में शाम चार बजे से श्रद्धालुओं के लिए भोग-भंडारे का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए मोहल्ले के लोगों को अलग-अलग दायित्व दिया गया है। सुबह प्राण-प्रतिष्ठा समारोह में क्षेत्र लोग भी परिवार के साथ हिस्सा लेंगे।



**रायपुर।** शहर के बोरियाखुर्द स्थित ढीमर पारा, शिव विहार कॉलोनी में बुधवार को सुबह से ही भक्तिमय माहौल बना। सुबह से ही महिलाएं कलश यात्रा का हिस्सा बनने के लिए पहुंचीं। इसके बाद आचार्यों द्वारा मंत्रोच्चार के साथ नवनिर्मित राम -जानकी मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा समारोह का आगाज किया। पुरोहितों की अगवानी में सैकड़ों की तादाद में क्षेत्र की महिलाएं आयोजन का हिस्सा बनीं। उन्होंने ढीमर पारा स्थित शिव विहार कॉलोनी, साश्वत नगर बोरियाखुर्द क्षेत्र का भ्रमण करने के बाद मंदिर प्रांगण में भव्य कलश यात्रा का समापन किया। जितेन्द्र विश्वकर्मा ने बताया कि इस मंदिर निर्माण से क्षेत्र के लोगों में खासा उत्साह है। जिस क्षेत्र से भी कलश यात्रा भक्ति भाव से गुजरी आसपास के लोगों ने आने-जाने वाले लोगों के बीच व्यवस्था बनाने में सहभागिता भी निभाई।



## सिटी स्पोर्ट्स

### सीनियर नेशनल बॉक्सिंग में रेलवे की शशि-लाशु को रजत



रायपुर। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, बिलासपुर के वाणिज्य विभाग में कार्यरत महिला बॉक्सरों शशि चोपड़ा एवं लाशु यादव ने हैदराबाद (तेलंगाना) में आयोजित एलिट विमेंस सीनियर नेशनल बॉक्सिंग चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने-अपने वेट कैटेगरी में रजत पदक (सिल्वर मेडल) प्राप्त किया है। यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता 27 जून से 01 जुलाई तक आयोजित की गई, जिसमें 15 राज्यों की 200 से अधिक महिला खिलाड़ियों ने भाग लिया। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की ओर से भाग ले रहीं शशि चोपड़ा और लाशु यादव भारतीय रेलवे टीम का प्रतिनिधित्व कर रही थीं। इनके उत्कृष्ट प्रदर्शन से न केवल भारतीय रेलवे बल्कि दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, बिलासपुर का भी गौरव बढ़ा है। दोनों खिलाड़ियों की इस उत्कृष्ट उपलब्धि पर दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक तरुण प्रकाश, अपर महाप्रबंधक, मंडल एवं मुख्यालय के वरिष्ठ अधिकारीगण, रेलवे खेल संघ मुख्यालय के पदाधिकारीगण, सहकर्मी खिलाड़ी एवं कर्मचारीगणों ने हर्ष के साथ हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। शशि चोपड़ा एवं लाशु यादव ने अपने कठिन परिश्रम, दृढ़ निश्चय और अनुशासन के बल पर यह मुकाम हासिल किया है, जो न केवल रेलवे परिवार बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए गर्व की बात है।

### राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चुने गए मुक्केबाज

रायपुर। बिलासपुर में 11 से 13 जुलाई तक होने वाली 17 वीं राज्य स्तरीय सब जूनियर



बॉक्सिंग प्रतियोगिता के लिए रायपुर जिले की बॉक्सिंग टीम (बालक/बालिका) का चयन सुभाष स्टेडियम में किया गया। जिसमें 30-33 किग्रा में केशव नेताम, 33-35 किग्रा में देव टांडी, 35-37 किग्रा में डेविड कुमार साहू, 37-40 किग्रा में चैतन्य साय, 40-43 किग्रा में नितेश चंद्राकर, 43-46 किग्रा में जय जिनेंद्र शर्मा, 49-52 किग्रा में हर्षल पिल्लै, 52-55 किग्रा में साक्ष्य वासुदेव एवं +70 वजन वर्ग में वेदाथ पिल्लै तथा बालिका वर्ग 37-40 किग्रा में देविका साहू एवं 46-49 किग्रा में भावना साहू का चयन किया गया। रायपुर एमेच्योर बॉक्सिंग एसोसियेशन के अध्यक्ष प्रकाश सिंह ठाकुर एवं सचिव नवीन दास ने खिलाड़ियों को अच्छा प्रदर्शन करने के लिए शुभकामनाएं दी है।

### राजधानी में सीनियर नेशनल किकबॉक्सिंग होगी इस माह

रायपुर। खेल एवं युवा मंत्रालय भारत सरकार से मान्यता प्राप्त वाको इंडिया



किकबॉक्सिंग फेडरेशन के मार्गदर्शन में किकबॉक्सिंग एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़ के तत्वाधान में 16 से 20 जुलाई तक राजधानी के बलबीर सिंह जुनेजा इनडोर स्टेडियम में राष्ट्रीय किकबॉक्सिंग प्रतियोगिता का आयोजन होगा। जिसमें देशभर के विभिन्न 32 राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशो से सीनियर वर्ग के 1200 महिला पुरुष खिलाड़ी 300 ऑफिसियल हिस्सा लेंगे।वाको इंडिया किकबॉक्सिंग फेस्टेशन के अध्यक्ष संतोष कुमार अग्रवाल इस संदर्भ में दो दिवसीय छत्तीसगढ़ प्रवास पर रहे। एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष छगन लाल मुंदड़ा ने बताया कि 2017 में भी एसोसिएशन द्वारा नेशनल चैंपियनशिप का आयोजन किया गया था, जिसके अनुभव का लाभ आयोजन समिति को मिलेगा। उक्त आयोजन की सफलता के लिए एसोसिएशन के अध्यक्ष छगन लाल मुंदड़ा सहित आयोजन समिति के चेयमैन राजीव मुंदड़ा, कार्यकारी अध्यक्ष तारकेश मिश्रा, महासचिव आकाश गुरुदिवान सहित सभी पदाधिकारी एवं सदस्यगण तैयारी कर रहे है।

### नेशनल बेसबॉल में छत्तीसगढ़ को मिले रजत और कांस्य

रायपुर। जूनियर बेसबॉल राष्ट्रीय



प्रतियोगिता गढ़मुक्तेश्वर उत्तरप्रदेश में 27 जून से 01 जुलाई तक आयोजित की गई। जिसमे बालक वर्ग फाइनल मैच में दिल्ली से हुए कांटे के मुकाबले में हारते हुए प्रतियोगिता में रजत पदक जीतने में कामयाब रहे। मैच का आखिरी स्कोर 5-4 रहा। बालिका वर्ग का हार्डलाइन मैच तीसरे स्थान के लिए राजस्थान के साथ रहा। छत्तीसगढ़ बालिका टीम से साक्षी ध्रुव के आक्रामक पिचिंग के बदौलत टीम ने राजस्थान को 01 रन में रोका।

## यायदाश्त को लेकर गंभीर समस्याओं से जूझ रहा समाज का एक वर्ग

# आपकी सोचने की क्षमता पर छा रहा कोहरा तो हो सकती है 'ब्रेन फॉग' की समस्या, कराएं इलाज

ब्रेन फॉग की स्थिति में आपकी सोच-याददाश्त बहुत स्पष्ट नहीं होती है। क्या आपको कभी ऐसा लगा है कि आप कुछ सोच नहीं पा रहे, याददाश्त कमजोर हो गई है या फोकस करना मुश्किल हो रहा है? अगर हां, तो इस तरह की समस्याओं को हल्के में लेने की गलती न करें। कई बार ये ब्रेन फॉग की समस्या का संकेत हो सकता है। ब्रेन फॉग दो शब्दों- ब्रेन और फॉग से मिलकर बना है। ब्रेन का मतलब मस्तिष्क और फॉग का मतलब कोहरा, यानि जिस तरह से कोहरा में कुछ भी स्पष्ट नहीं दिखता है, उसी तरह से ब्रेन फॉग की स्थिति में आपकी सोच-याददाश्त बहुत स्पष्ट नहीं होती है। ब्रेन फॉग आमतौर पर संज्ञानात्मक हानि से संबंधित समस्याओं का वर्णित करने के लिए इस्तेमाल किया जाने वाला मेडिकल टर्म है। यह विभिन्न प्रकार की अंतर्निहित स्वास्थ्य स्थितियों का लक्षण भी हो सकता है, इसलिए इस समस्या पर ध्यान देना आपके लिए बहुत आवश्यक हो जाता है।



### कोविड-19 के बाद बढ़ गए हैं ब्रेन फॉग के मामले

नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ की एक रिपोर्ट के अनुसार ब्रेन फॉग के लिए न्यूरोइंफ्लेमेशन और हार्मोनल असंतुलन जैसी स्थितियां जिम्मेदार हो सकती हैं।इसी से संबंधित लैंसेंट न्यूरोलॉजी में प्रकाशित एक अध्ययन के मुताबिक, कोविड-19 के बाद 30% मरीजों में ब्रेन फॉग की दिक्कत बढ़ गई है। ये समस्या कुछ हफ्तों से लेकर महीनों तक भी बनी रह सकती है। ब्रेन फॉग कोई गंभीर बीमारी नहीं, लेकिन यह आपकी क्वालिटी ऑफ लाइफ, कामकाजी क्षमता और मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित कर सकती है। इसकी पहचान समय रहते हो जाए, तो यह पूरी तरह से ठीक हो सकती है।

### ब्रेन फॉग के कारण क्या-क्या दिक्कतें होती हैं?



ब्रेन फॉग के कारण कई प्रकार की दिक्कतों का अनुभव हो सकता है जिसकी समय रहते पहचान जरूरी है। ब्रेन फॉग के कारण ध्यान केंद्रित करने में कठिनाई, याद्दाश्त में कमजोरी (छोटी-छोटी बातें भूल जाना), निर्णय लेने में मुश्किल, चिड़चिड़ापन, नींद आने में दिक्कत जैसी दिक्कतें हो सकती हैं।

### ये दिक्कत होती क्यों है?

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, ब्रेन फॉग कई प्रकार के शारीरिक, मानसिक और लाइफस्टाइल कारणों से हो सकता है। अध्ययनों से पता चलता है कि जिन लोगों की नींद पूरी नहीं होती है उन्हें इस तरह की समस्याओं का



खतरा अधिक हो सकता है। हार्वर्ड के विशेषज्ञ कहते हैं, अगर आप अक्सर रात में 6 घंटे से कम की नींद लेते हैं तो इसके कारण ब्रेन फॉग होने का जोखिम हो सकता है। अमेरिकन साइकोलॉजी एसोसिएशन के अनुसार क्रॉनिक स्ट्रेस की समस्या ब्रेन के कॉग्निटिव फंक्शन को प्रभावित कर सकती है जिसके कारण ब्रेन फॉग का खतरा रहता है। हार्मोनल बदलाव, खासकर महिलाओं में प्रेगनेंसी, मेनोपॉज या थायराइड असंतुलन के दौरान ब्रेन फॉग ज्यादा देखने को मिलता है। विटामिन बी12, विटामिन डी, आयरन और ओमेगा-3 जैसे पोषक तत्वों की कमी के कारण भी मस्तिष्क की ये समस्या बढ़ सकती है।

### ब्रेन फॉग से बचाव के लिए क्या करें?

स्वास्थ्य विशेषज्ञ बताते हैं, आप ब्रेन फॉग को होने से पूरी तरह से नहीं रोक सकते, लेकिन मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए कुछ प्रयासों की मदद से इसके जोखिमों को कम कर सकते हैं। अध्ययनों से पता चलता है कि चूंकि कोविड-19 संक्रमण के बाद ब्रेन फॉग होने का खतरा अधिक देखा गया है इसलिए कोविड-19 वैक्सीन लगवाना आपके लिए मददगार हो सकता है।



## आपकी सेहत का ख्याल रखने वाले डॉक्टर्स हैं बर्नआउट के शिकार

चिकित्सकों को हमारे समाज का सुपरहीरो भी कहा जाता है, कोरोना महामारी से लेकर किसी भी प्रकार के स्वास्थ्य संकट में डॉक्टर्स समाज के लिए हमेशा ढाल बनकर खड़े रहे हैं। पर हमें स्वस्थ-ठीक रखने वालों की सेहत का ध्यान कौन रखेगा? दुनियाभर में साल-दर-साल कई प्रकार की स्वास्थ्य समस्याओं का खतरा तेजी से बढ़ता जा रहा है। जब भी बात बीमारियों की होती है तो इससे निजात दिलाने के लिए डॉक्टर्स की टीम मजबूती से खड़ी रहती है। चिकित्सा को नोबेल पेशे के रूप में जाना जाता है और चिकित्सकों को समाज में भगवान का दर्जा दिया गया है। चिकित्सकों को हमारे समाज का सुपरहीरो भी कहा जाता है, कोरोना महामारी से लेकर किसी भी प्रकार के स्वास्थ्य संकट में डॉक्टर्स समाज के लिए हमेशा ढाल बनकर खड़े रहे हैं। पर क्या आपने कभी सोचा कि कठिन से कठिन बीमारियों में रक्षक बनने वाले चिकित्सक कितने स्वस्थ हैं? डॉक्टर्स की टीम तो हर समय मरीजों की सेवा में लगी रहती है पर हमें स्वस्थ-ठीक रखने वालों की सेहत का ध्यान कौन रखेगा? इस साल की थीम भी इसी पर आधारित है, 'बिहाइंड द मास्क-केयरिंग फॉर केयरगिवर्स'।



### डॉक्टर्स और मानसिक स्वास्थ्य समस्याएं

पूरे भारत में, लाखों डॉक्टर्स, जूनियर और रेजिडेंट मेडिकल पेशेवर, लगातार काम के घंटों, बढ़ते भावनात्मक दबाव और मानसिक स्वास्थ्य संकटों से जूझ रहे हैं। अपनी परेशानियों के बीच हमारा ध्यान शायद ही कभी इस तरफ जाता हो? राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग के आरटीआई डेटा के अनुसार, 2018 से 2023 के बीच, भारत में 119 मेडिकल छात्रों ने आत्महत्या की, उनमें से 58 स्नातकोत्तर छात्र थे। इसका मतलब है कि हर 15 दिन में लगभग एक आत्महत्या होती है, जोकि एक प्रणालीगत आपातकाल है।

### आत्महत्या के बढ़ते मामले

साल 2024 में किए गए एक सर्वेक्षण में पाया गया कि लगभग 3 में से 1 स्नातकोत्तर मेडिकल छात्र ने आत्महत्या के विचारों का अनुभव किया था। 10% से अधिक ने योजना तक बनाई और करीब 5% ने पिछले वर्ष आत्महत्या का प्रयास किया था। अकेले जून 2025 में रेजिडेंट डॉक्टरों द्वारा अपना जीवन समाप्त करने की कई रिपोर्ट देखी गईं। ये अक्सर हॉस्टल के कमरों में पाए गए, पीछे सदमे में परिवार और अनुत्तरित प्रश्न छोड़ गए। आंकड़ों के पीछे कई दर्दनाक कहानियां छिपी होती हैं- युवा डॉक्टरों को बिना आराम के 36-36 घंटे की शिफ्ट करनी पड़ती है, इन सब प्रयासों के बावजूद कई बार वह हिंसा का भी शिकार होते हैं। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन-गोवा के एक अध्ययन में पाया गया कि राज्य के 42% डॉक्टरों में बर्नआउट के लक्षण दिखाई दिए, जो निश्चित ही एक गंभीर संकेतक है।

### क्या कहते हैं स्वास्थ्य विशेषज्ञ?

राजधानी दिल्ली स्थित एक निजी अस्पताल में मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञ डॉ रविंद्र चावला कहते हैं, सर्जरी के लिए औजारों को पकड़ने वाले मजबूत हाथ भी कई बार खामोशी में कांप सकते हैं। हमें एक बार खुद को उनकी जगह पर रखकर, डॉक्टर्स के दर्द को भी समझना चाहिए। इंद्रप्रस्थ अपोलो अस्पताल, नई दिल्ली में वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ और सर्जन डॉ. निरंजन हिरेमथ कहते हैं पिछले कुछ वर्षों में, हमने स्वास्थ्य सेवाओं में नाटकीय रूप से बदलाव देखा है,



## खाली मटके में सुरक्षित रहेगा खाना



अगर आप चाहें तो इसका इस्तेमाल सिर्फ पानी रखने के लिए नहीं, बल्कि खाना स्टोर करने के लिए भी कर सकते हैं। इसमें खाना लंबे वक्त तक फ्रेश रहेगा और सड़ेगा भी नहीं, तो आइए इस लेख में विस्तार से जानते हैं। एक वक्त था जब मटका फ्रिज का काम करता था। इसे महिलाएं पानी ठंडा रखने, खाना पकाने के लिए करती थीं। मटके की खास बात यह थी कि इसमें चीजें कुदरत फ्रेश रहती थीं, लेकिन आज इसकी जगह फ्रिज, प्लास्टिक या स्टील की बोतलों ने ले ली है। हालांकि, आज भी कई जगहों पर इसका इस्तेमाल पानी ठंडा रखने के लिए किया जाता है।

अगर आप चाहें तो इसका इस्तेमाल सिर्फ पानी रखने के लिए नहीं, बल्कि खाना स्टोर करने के लिए भी कर सकते हैं। हालांकि, कई लोग बिना धोए खाली मटके में खाना स्टोर कर देते हैं, जिससे उसमें बदबू आने लगती है, फफूंदी जम जाती है या खाना सड़ जाता है। इसकी वजह यह होती है कि मटका अगर अच्छी तरह साफ न हो तो खाना सड़ जाता है। इसलिए खाना मटके में स्टोर करने से पहले अच्छी तरह से साफ कर लें। फिर इसके बाद ही, मटके का इस्तेमाल खाने को स्टोर करने के लिए करें, ताकि उसमें ताजगी बनी रहे। तो देर किस बात की आइए इस लेख में मटके में खाना स्टोर करने के तरीके जानें-

### मटका इस्तेमाल करने से पहले करें ये काम

नया मटका हो या पुराना, इस्तेमाल करने से पहले उसे गर्म पानी और नींबू या बेकिंग सोडा से धोकर सुखाएं। इससे मटके में मौजूद बैक्टीरिया और मिट्टी की बदबू दूर हो जाती है। मटके धोने के बाद इसे पूरी तरह से सूखा लें, मटके में अगर खाना रखा जाएगा तो उसमें फंगस लग सकती है। मटके को कम से कम 1 दिन तेज धूप में रखें। इससे उसमें मौजूद नमी और कीटाणु खत्म हो जाएंगे। इसके बाद मटके का इस्तेमाल खाना रखने के लिए करें।

### खाना स्टोर करते वक्त ध्यान रखें ये बातें

मटके में खाना स्टोर करने से पहले उसे पूरी तरह ठंडा कर लें। गर्म खाना मटके के अंदर भाप बनाता है, जिससे फंगस लग सकती है।कोशिश करें मटके के ऊपर ढक्कन लगाएं या साफ कपड़े से ढककर रखें। इससे धूल और कीड़े दूर रहेंगे। मटके में दाल, चावल, अचार, भुने हुए स्नैक्स जैसे सूखे आइटम ज्यादा फ्रेश रहते हैं। ज्यादा नमी वाली चीजें जल्दी खराब हो सकती हैं, तो बेहतर होगा कि आप इन चीजों को न रखें। मटके के अंदर 2-3 नीम की पत्तियां या कुछ लौंग रख दें, ताकि उसमें से बदबू बिल्कुल भी न आए और खाना बिल्कुल फ्रेश रहे।

## घर में क्रिस्टल ट्री रखने से पहले जरूर जान लें ज्योतिष की राय



घर के वास्तु को अच्छा रखने के लिए हम कई सारी चीजों को अपने घर में लगाते हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि हर कोई चाहता है कि घर का वातावरण पॉजिटिव बना रहे। ऐसे ही कई सारे लोग अपने घर में क्रिस्टल प्लांट जिसे लोग क्रिस्टल ट्री भी कहते हैं इसे घर में रखते हैं। इसे सिर्फ सजावट के लिए नहीं रखा जाता है, बल्कि इसके पीछे वास्तु छिपा है। पंडित जन्मेश द्विवेदी बता रहे हैं इसके पीछे की वजह।-

### क्रिस्टल ट्री को घर के किस दिशा में लगाएं

अगर आप अपने करियर या धन में उन्नति पाना चाहते हैं, तो ऐसे में आप इसे अपने घर की उत्तर पश्चिम दिशा में लगाएं। ऐसा इसलिए क्योंकि इससे आपके पास कई सारे नए अवसर आएंगे। अगर आपको अपने रिश्तों में मधुरता लानी है, तो इसे आप बेडरूम या लिविंग रूम के दक्षिण पश्चिम दिशा में लगाएं। इससे आपके दांपत्य जीवन में मिठास बनी रहेगी। घर में किसी तरह की कोई दिक्कते चल रही हैं, तो ऐसेमें आप इस ट्री को उत्तर पूर्व कोने में लगाएं। इससे आपके जीवन की परेशानियों को कम करता है। साथ ही, आपके जीवन में नई चीजें होती नजर आएंगी।

### क्रिस्टल ट्री लगाते समय इन बातों का रखें ध्यान

क्रिस्टल ट्री लगाने से पहले जरूरी है कि आप अपने पंडित जी से पूछकर इसे अपने घर में लगाएं। तभी आपके घर के वास्तु को यह अच्छा रखेगा। साथ ही, जीवन पर इसका असर नजर आएगा। क्रिस्टल ट्री आप कहीं भी रखें इसकी साफ-सफाई का खास ध्यान रखें। इससे इसकी ऊर्जा पूरे घर में फैलती है। आप इस क्रिस्टल ट्री को किस उद्देश्य के साथ रख रहे हैं। इसका ध्यान रखना जरूरी है। तभी आप इसे सही दिशा में रख पाएंगे। क्रिस्टल ट्री को रखने के लिए आपको इन बातों का खास ध्यान रखना जरूरी होता है।











## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## ब्रैड की वीकएंड पर हुई चांदी, ओपनिंग से ज्यादा कर ली कमाई 'एफ-1' ने



भारत में हॉलीवुड फिल्मों का भी अच्छा-खासा बाजार है। पिछले दिनों हॉलीवुड के नामी एक्टर टॉम क्रूज की फिल्म 'मिशन इंपॉसिबल 8' दुनिया भर के अलावा भारत में रिलीज हुई। 27 जून को हॉलीवुड के फेमस एक्टर ब्रैड पिट की फिल्म 'एफ-1' भी भारत में रिलीज हुई। अब तक प्राप्त शुरुआती आंकड़ों के अनुसार ब्रैड पिट की फिल्म 'एफ-1' ने दूसरे दिन 7.36 करोड़ रुपये कमा लिए हैं। पहले दिन इस फिल्म ने अपना खाता 5.5 करोड़ रुपये से खोला था। इस तरह देखा जाए तो वीकएंड पर यानी शनिवार को इस फिल्म की कमाई में अच्छा-खास उछाल है। रविवार तक फिल्म 'एफ-1' का कुल कलेक्शन भी 12.86 करोड़ रुपये हो चुका था। फिल्म 'एफ-1' की एक स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म है, इसमें ब्रेड पिट ने एक रेसर (रेसिंग ड्राइवर) के रोल में हैं। जो तीस साल के बाद फॉर्मूला वन रेसिंग में वापस आता है। वह अपने एक साथी की टीम को टूटने से बचाने के लिए यह फैसला लेता है। फिल्म में रेसिंग सीन कमाल के हैं। जो लोग रेसिंग या रेस ड्राइविंग को पसंद करते हैं, उनके लिए यह फिल्म एक शानदार एक्सपीरियंस है। इस फिल्म में असल फॉमूला वन रेसर लुईस हैमिल्टन भी नजर आए हैं। फिल्म में ब्रैड पिट लीड रोल में हैं, उनके अलावा डैमसन इदरिस, केरी कॉनडन, टोबियास मेंजीस और जेवियर बार्डेम भी अहम किरदारों में नजर आए हैं। फिल्म को जोसेफ कोसिंस्की ने डायरेक्ट किया है।

### टॉलीवुड

## चिरंजीवी के फैंस को अभी करना होगा इंतजार, 'विश्वम्भरा' की रिलीज में देरी



साउथ अभिनेता चिरंजीवी इन दिनों अपनी फिल्म 'विश्वम्भरा' को लेकर लगातार चर्चा में बने हुए हैं। इस फिल्म को लेकर प्रशंसकों में काफी उत्साह है, लेकिन फिल्म की रिलीज की देरी से चिरंजीवी के फैंस निराश हो गए हैं। खबर के अनुसार, चिरंजीवी की आगामी फंतासी फिल्म विश्वम्भरा की रिलीज में देरी हो रही है। यह बड़े बजट की फिल्म, जो अपनी घोषणा से ही चर्चा में है, अभी तक रिलीज की तारीख तय नहीं कर पाई है। सीजी कार्य में देरी के कारण विश्वम्भरा 2026 की गर्मियों में रिलीज होगी। इससे पहले चिरंजीवी की अनिल रविपुडी के साथ वाली फिल्म रिलीज होगी और फिर विश्वम्भरा गर्मियों के अंत में आएगी। बिम्बिसार के निर्देशक वशिष्ठ द्वारा बनाई गई इस फिल्म में शानदार वीएफएक्स और दमदार अभिनय की उम्मीद है। 'विश्वम्भर' तेलुगु -भाषा फंतासी एक्शन फिल्म है। इस फिल्म को मल्लिडी वशिष्ठ ने लिखा और निर्देशित किया है। इसका निर्माण यूवी क्रिएशन कर रही है। इस फिल्म में चिरंजीवी के अलावा तृषा कृष्णन, कुणाल कपूर और आशिका रंगनाथ मुख्य भूमिकाओं में नजर आएगी।

### छॉलीवुड

## 'मैं राजा तैं मोर रानी' का प्रदर्शन कल से



छत्तीसगढ़ की बहुप्रतीक्षित और चर्चित फिल्म 'मैं राजा तैं मोर रानी' का प्रदर्शन 4 जुलाई को पूरे प्रदेश में होने जा रहा है। मोहन सुंदरानी प्रोडक्शन के बैनर तले बनी इस फिल्म के निर्माता विजय सुंदरानी हैं। कथा, पटकथा व संवाद-निर्देशक भूपेन्द्र चंदनियाँ हैं। सह-निर्माता हैं हितेन्द्र सुंदरानी और कार्यकारी निर्माता के रूप में छत्तीसगढ़ के सबसे युवा निर्माता निखिल सुंदरानी। निर्माता विजय सुंदरानी ने बताया कि ₹मैं राजा तैं मोर रानी₹ एक नई कहानी और नए संगीत के साथ छत्तीसगढ़ी सिनेमा को एक नया मोड़ देगी। इस फिल्म में छत्तीसगढ़ फिल्म इंडस्ट्री के सुपरस्टार अभिनेता दीपक साहू और सभी दिलों की धड़कन, चुलबुली अभिनेत्री एल्सा घोष की हिट जोड़ी एक बार फिर से दर्शकों को लुभाने के लिए पर्दे पर वापस आ रही है। फिल्म में सहयोगी कलाकारों के रूप में मनोज जोशी, अंजलि सिंह, पुष्पेन्द्र सिंह ठाकुर, अंशुल अवस्थी, मोहन चौहान, प्रकाश, क्रांति दीक्षित, पप्पू चंद्राकर और संजय जैन जैसे प्रतिभाशाली कलाकार शामिल हैं। इनके साथ-साथ 100 से अधिक अन्य कलाकारों को भी अभिनय का अवसर दिया गया है, जिससे क्षेत्रीय प्रतिभाओं को प्रोत्साहन मिलेगा और उन्हें एक व्यापक मंच प्राप्त होगा। सुंदरानी ने आगे बताया कि फिल्म का समस्त पोस्ट प्रोडक्शन कार्य, जिसमें रिकॉर्डिंग, संगीत, डबिंग, मिक्सिंग आदि शामिल हैं, वह रायपुर स्थित श्रेष्ठ स्टूडियो में सम्पन्न हुआ है। फिल्म की शूटिंग पूरी तरह छत्तीसगढ़ की धरती पर हुई है और केवल सेंसर प्रक्रिया मुंबई में की गई है। फिल्म को सेंसर बोर्ड द्वारा बिना किसी कट के 'यू.ए सर्टिफिकेट प्रदान किया गया है, जो अपने आप में एक बड़ी उपलब्धि है। विजय सुंदरानी ने गर्व के साथ बताया कि इस फिल्म से नए निर्देशक भूपेन्द्र चंदनियाँ को निर्देशन, लेखन और संवाद जैसे महत्वपूर्ण जिम्मेदारियाँ सौंपी गई, जिसे उन्होंने अत्यंत परिपक्वता से निभाया है। सुंदरानी ने कहा कि भूपेन्द्र चंदनिया छॉलीवुड फिल्म इंडस्ट्री के लिए एक वरदान साबित होंगे और भविष्य में उन्हें बड़े निर्देशकों की श्रेणी में गिना जाएगा। फिल्म निर्माता विजय सुंदरानी ने निर्देशक भूपेन्द्र चंदनियाँ पर अपना विश्वास व्यक्त करते हुए आशा जताई कि यह फिल्म बच्चों से लेकर युवाओं, पुरुषों और महिलाओं तक सभी दर्शकों को बेहद पसंद आएगी।

### दिल की नजर से

### लाइफ स्टाइल



दृष्टिबाधित लोगों को फैशन की समझ अब ब्रेल के सहारे हो रही है। ब्रेल लिपि पर आधारित डिजाइनर कपड़े दक्षिण अफ्रीका के केप टाउन में इंदाबा इमर्जिंग क्रिएटिव्स कार्यक्रम में पेश किए गए। जहां दृष्टिबाधित लोगों ने ब्रेल के सहारे आसानी से कपड़ों की पहचान कर ली। फैशन की दुनिया में इसे एक क्रांतिकारी कदम माना जा रहा है।

## बारिश में झड़ते बालों से परेशान तो घर पर बनाकर लगाएं खास सीरम



बारिश का मौसम शुरू हो गया है, जो अपने साथ कापी सुहाना मौसम लेकर आता है। इस मौसम में लोग अपने परिवार के साथ घूमना पसंद करते हैं और तरह-तरह के पकवानों का लुत्फ उठाते हैं। ये मौसम वैसे तो काफी अच्छा होता है, लेकिन अपने साथ ये तमाम दिक्कतें लेकर आता है। इन दिक्कतों में सबसे अहम परेशानी है बालों का झड़ना। जी हां, बारिश के मौसम में हर दूसरा व्यक्ति हेयर फॉल से परेशान होता है। ऐसा इसलिए होता है क्योंकि बारिश की वजह से हर तरफ नमी हो जाती है, जो हेयर फॉल का मुख्य कारण है।

इसी के चलते आपको एक ऐसा सीरम बनाने की विधि बताएंगे, जिसको लगाने के बाद एक हफ्ते में ही आपको असर दिखने लगेगा। इससे हेयर फॉल में काफी राहत मिलेगी। हेयर सीरम बनाने एलोवेरा जेल– 2 टेबलस्पून,रोजमेरी एसेंशियल ऑयल – 5-6 बूंदें,नारियल तेल – 1 टेबलस्पून, गुलाब जल – 2 टेबलस्पून और विटामिन ई कैप्सूल चाहिए।

सबसे पहले तो एक साफ कटोरे में एलोवेरा जेल निकाल लें। इसके बाद इसमें थोड़ा सा नारियल का तेल मिक्स करें। सभी चीजों की मात्रा का आपको खास ध्यान रखना है, वरना ये असर नहीं करेगा। नारियल का तेल मिक्स करने के बाद कटोरे में एसेंशियल ऑयल की कुछ बूंदे डालें। इसके बाद विटामिन ई का कैप्सूल तोड़ें और उसे भी कटोरे में मिक्स कर दें। सबसे आखिर में कटोरे में आपको गुलाब जल मिक्स करना है। अब जब कटोरे में सब चीजें पड़ गईं हैं तो सभी सामग्री को अच्छी तरह से मिक्स करें। बस ये हेयर सीरम तैयार है, अब इसे एक स्प्रे बोतल या ड्रॉपर बोतल में भर लें।

### ऐसे करें इस्तेमाल

अब बारी आती है इसते सही इस्तेमाल की तो इस नहाने से दो घंटे पहले अपने बालों में लगाना है। अगर ये स्प्रे वाली बोतल में भरा है तो इसे स्कैल्प पर स्प्रे करें। इसके बाद हल्के हाथों से स्कैल्प पर मसाज करें। दो घंटे के बाद बालों को धो लें। आप इसका इस्तेमाल हफ्ते में तीन बार आसानी से कर सकते हैं।

### बरतें ये सावधानी

यदि आप इस हेयर सीरम को घर पर तैयार कर रहे हैं तो सबसे पहले पैच टेस्ट करें। पैच टेस्ट में ये चेक करें कि कहीं इस सीरम में डाली गई किसी भी चीज से आपको एलर्जी तो नहीं है। अगर एलर्जी हो रही है तो उस चीज को सीरम में न डालें।

## पैंट स्टाइल सूट में पाएं एलिगेंट लुक, जानें कुछ बेस्ट डिजाइंस



ब्यूटीफुल लुक पाने के लिए सूट बेस्ट ऑप्शन है। हालांकि, बदलते फैशन ट्रेंड के साथ सूट-सलवार आपको कई सारे नए ऑप्शन के साथ मिल जाएंगे। इन सूटस को आप सारे खास मौकों पर स्टाइल करना पसंद करती हैं। लेकिन, अगर आप अपने फैशन में कुछ न्यू ट्विस्ट लाना चाहती हैं, तो पैंट स्टाइल सूट वियर कर सकती हैं। यह सूट न्यू और एलीगेंट लुक पाने के लिए बेस्ट ऑप्शन है, और इस तरह के सूट में आपका लुक बहुत ही अच्छा लगेगा। हम आपको कुछ लेटेस्ट डिजाइंस वाले पैंट स्टाइल सूट दिखा रहे हैं। इन सूट्स को स्टाइल करने के बाद आपका लुक एलिगेंट और कॉन्फिडेंट लगेगा। साथ ही, सूट्स में आप कंफर्टेबल भी महसूस करेंगी।



### प्रिंटेड सूट



सिंपल और अट्रैक्टिव लुक के लिए आप इस तरह के प्रिंटेड सूट स्टाइल कर सकती हैं। ये देखने में काफी अच्छे लगते हैं और इन्हें स्टाइल करने के बाद आपका लुक भी सुंदर नजर आता है। अगर आप भीड़ से अलग नजर आना चाहती हैं, तो आप इस तरह के प्रिंटेड पैंट स्टाइल सूट वियर कर सकती हैं। आप इस सूट को बाजार या ऑनलाइन प्लेटफार्म से 1,000 से 2,000 रुपये की कीमत में खरीद सकती हैं। इस सूट में अपने लुक को कम्पलीट करने के लिए आप लॉन्ग गोल्ड प्लेटेड इयरिंग्स वियर कर सकती हैं।

### एम्ब्रॉयडरी वर्क सूट

किसी खास मौके पर शामिल होने के दौरान आप एम्ब्रॉयडरी वर्क सूट का चुनाव कर सकती हैं। इस तरह के सूट पहनने के बाद एक रॉयल टच आता है। इन सूट को आप किसी भी पार्टी या फंक्शन में वियर कर सकती हैं। ये सूट आपको ऑनलाइन के साथ-साथ ऑफलाइन भी लगभग 2,000 रुपये की कीमत में मिल जाएंगे। इस सूट में अपने लुक को स्टाइलिश टच देने के लिए आप मोजड़ी स्टाइल कर सकती हैं। साथ ही, मिरर वर्क झुमके इस आउटफिट के साथ स्टाइल करने के बेस्ट रहेंगे।

## डेड स्किन हटाने बेस्ट हैं नेचुरल स्क्रब



आपने देखा होगा अक्सर बदलते मौसम फेस की स्किन पर डेड स्किन नजर आने लगती हैं। वैसे तो यह आपके हाथ-पैर हर जगह देखने को मिलती हैं, लेकिन चेहरे पर डेड स्किन ज्यादा नजर आती है। ऐसे में पूरे फेस की रंगत ही बदल जाती है। आप भी लगाकर डेड स्किन को अपने फेस से हटा सकती हैं। इससे आपकी स्किन को किसी तरह का कोई नुकसान भी नहीं होगा और आपकी स्किन चमकने लग जाएगी। चावल का आटा और पपीता जेल का स्क्रब बनाने आवश्यक सामग्री 4 चम्मच चावल का आटा,2 चम्मच पपीते का जेल, 1 चम्मच गुलाब जल चाहिए। आपको एक कटोरी में सबसे पहले कच्चे चावल लेने हैं। अब इनको साफ करके मिक्सी जार में डालकर पीस लें। इसके बाद चावल को छान लेना है। अब इस पिसे हुए चावल में आपको पपीते का जेल डालकर मिक्स करना है। आखिर में आप गुलाब जल मिलाकर स्क्रब तैयार करें। इस तैयार स्क्रब को आप फेस पर अप्लाई करते हुए करीब 5 मिनट तक हल्के हाथों से मसाज करें। इसके बाद आपको नार्मल पानी से फेस को वॉश कर लेना है। चीनी, मिल्क पाउडर, कॉफी और एलोवेरा जेल का स्क्रब बनाने आवश्यक सामग्री 2 चम्मच चीनी, 1 चम्मच मिल्क पाउडर, 1/2 कॉफी पाउडर और एक चम्मच एलोवेरा जेल चाहिए। आपको एक बाउल में चीनी लेनी है। आप चाहे तो चीनी की हल्का दरदरा कर सकती हैं। अब इसमें आपको मिल्क पाउडर डालकर मिला लेना है। इसके बाद इस मिश्रण में आपको कॉफी पाउडर डालना है।फिर आप इस मिश्रण में एलोवेरा जेल डालकर मिलाएं। इस तैयार स्क्रब को आप फेस पर हल्के हाथों से 5-7 मिनट तक मसाज करें। इसके बाद आपको नॉर्मल पानी से अपना फेस धो लेना है।

## पार्लर जैसा निखार पाएं घर पर ही पैरों की टैनिंग हटेगी देसी नुस्खे से



चेहरे को खूबसूरत बनाने के साथ-साथ महिलाएं हर छोटी-छोटी चीजों का बहुत ध्यान रखती है। ऐसे में हाथ और पैर पर टैनिंग होना एक आम समस्या है। अगर आप भी इस समस्या से राहत पाना चाहती हैं, तो यह खबर आपके लिए बेस्ट हो सकती है।

आपको एक्सपर्ट के बताएं एक ऐसे घरेलू उपाय के बारे में बताएंगे, जिसकी मदद से आप अपने पैरों की टैनिंग को कम कर सकती हैं।

### पैरों की टैनिंग को कम करने के उपाय

ब्यूटी एक्सपर्ट वर्षा के मुताबिक पैरों पर होने वाली टैनिंग आपकी खूबसूरती को कम कर सकती है। इससे बचने के लिए आप घर पर एक खास उपाय आजमा सकती हैं।

आप कॉफी का इस्तेमाल कर पैरों की टैनिंग को कम कर सकती हैं। इस उपाय को करने के लिए आपको कुछ सामग्री की जरूरत लगेगी। स्क्रब बनाने के लिए सामग्री नींबू ,दही,शहद और कॉफी चाहिए। इससे आपको जादुई तरीके से फायदा होगा।

### कॉफी से स्क्रब बनाने का तरीका

पैरों की टैनिंग को कम करने के लिए अगर आप कॉफी से स्क्रब बना रही हैं, तो सबसे पहले एक कंटेनर में कॉफी निकाल लें। अब कॉफी वाले इस कंटेनर में दो चम्मच दही और एक चम्मच शहद मिला दे। इस मिश्रण को अच्छी तरह मिक्स करने के बाद आप इसमें कुछ नींबू के रस की भी शामिल कर दें। अब आपका पैरों के लिए स्क्रब तैयार हो गया है। इस स्क्रब से आप अपने पैरों को क्लीन कर सकती हैं।आप एक हफ्ते में दो से तीन बार इस स्क्रब का इस्तेमाल करें।

### कार्नर न्यूज

### जानिए 30 के पार लोगों के लिए कॉस्मेटिक से जुड़े उपाय

## एक उम्र के बाद कॉस्मेटिक्स प्रोडक्ट को लेकर उलझन है तो अपनाएं कुछ आसान उपाय, वरना होगा पछतावा

हर समय त्वचा खिली-खिली और जंवा दिखे ये जरूरी नहीं है, क्योंकि समय के साथ-साथ स्किन में काफी बदलाव होते हैं। खासतौर पर जब उम्र 30 के आस-पास होती है तो हार्मोन्स के बदलाव की वजह से त्वचा भी काफी डल होने लगती है। इस उम्र के बाद स्किन पर झुर्रियां दिखने लगती हैं। यही कारण है कि समय से पहले ही आप बूढ़ी नजर आने लगती हैं। ऐसे में त्वचा का सही से ध्यान रखना जरूरी हो जाता है। यदि आपकी उम्र भी 30 के आस-पास है तो कुछ खास कॉस्मेटिक प्रोडक्ट्स को अपने डेली रूटीन में शामिल करें। ऐसा करने पर आपकी स्किन जंवा दिखेगी। तो आइए बिना देर किए आपको इन पांच स्किन केयर प्रोडक्ट के बारे में बताते हैं।



### सनस्क्रीन

आज के समय में सनस्क्रीन हर किसी के पास होनी ही चाहिए। खासतौर पर जिन लोगों की उम्र 30 के आस-पास है, उन्हें तो हर दो से तीन में सनस्क्रीन का इस्तेमाल करना चाहिए। हम ऐसा इसलिए कह रहे हैं क्योंकि सूरज की किरणें स्किन को सबसे ज्यादा डैमेज करती हैं, जिससे झुर्रियां और पिग्मेंटेशन जल्दी आने लगती हैं। इसे खरीदते समय ध्यान रखें कि ये सनस्क्रीन कम से कम 50 एसपीएफ वाली होनी चाहिए।

### विटामिन सी सीरम

ये स्किन की कई परेशानियों न सिर्फ कम करता है, बल्कि जड़ से भी खत्म करता है। इसके नियमित इस्तेमाल से त्वचा के दाग-धब्बे कम होते हैं। तो अपने डेली रूटीन में विटामिन सी का सीरम इस्तेमाल करें। इस्तेमाल से पहले एक बार पैच टेस्ट अवश्य कर लें, ताकि किसी तरह की परेशानी बाद में न हो। इस्तेमाल के लिए हर सुबह क्लीनजिंग के बाद और मॉइस्चराइज़र से पहले सीरम की 2-3 बूंद लगाएं।

### नाइट क्रीम

हर किसी के लिए नाइट क्रीम काफी जरूरी होती है। ऐसा इसलिए क्योंकि रात के समय में



त्वचा खुद को हील करती है, जिससे स्किन संबंधी कई परेशानियां दूर होती हैं। ऐसे में अगर आप नियमित रूप से त्वचा पर नाइट क्रीम अप्लाई करेंगी तो इस कारण आपकी त्वचा पर ये ज्यादा असर करेगी और दिक्कतों को दूर करेगी।

### हायालूरॉनिक एसिड वाला मॉइस्चराइजर

शायद ही कोई ऐसा व्यक्ति होगा, जो आज के समय में मॉइस्चराइजर का इस्तेमाल न करता हो। पर, अगर आप 30 की उम्र में हायालूरॉनिक एसिड वाला मॉइस्चराइजर इस्तेमाल करेंगे तो इससे आपकी स्किन ज्यादा खिल उठेगी। दरअसल, उम्र के साथ स्किन की नमी कम होती है, जिससे स्किन रूखी और थकी हुई लगती है। ऐसे में हायालूरॉनिक एसिड स्किन को गहराई से हाइड्रेट करता है।

### आई क्रीम

समय के साथ-साथ आंखों के नीचे काले घेरे आने लगते हैं, जिससे चेहरे की सुंदरता कम होने लगती है। ऐसे में हर दिन आई क्रीम का इस्तेमाल करें। आई क्रीम आपकी त्वचा को डार्क सर्कल्स, फाइन लाइन्स और पफीनेस से बचाने में मदद करती है।